

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 टीम इंडिया को टेस्ट में भी मिलेगा नया उपकप्तान, जसप्रीत बुमराह ...

महायुति में एक अनार सौ बीमार की नौबत, सीट शेयरिंग बन रहा ... 12



वर्ष : 15 | अंक : 107 | नई दिल्ली, रविवार, 28 जुलाई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

# संसद की प्राथमिक भूमिका संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करना : धनखड़

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि संसद की प्राथमिक भूमिका संविधान तथा लोकतंत्र की रक्षा करना है और कोई भी कार्यवाही समीक्षा से परे है। श्री धनखड़ ने आज राज्यसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए प्रबोधन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय मुद्दों और हितों को राजनीतिक विचारों से ऊपर रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संसद की मूल भूमिका संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करना है। संसद से अधिक गंभीर लोकतंत्र का संरक्षक कोई नहीं हो सकता। उन्होंने सांसदों से कहा, यदि लोकतंत्र पर कोई संकट आता है, यदि लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला होता है, तो आपकी भूमिका निर्णायक होती है। श्री धनखड़ ने कहा कि संसद की मूल मुख्य और निर्णायक भूमिका दो हैं। इनमें संविधान का सृजन और संरक्षण करना तथा प्रजातन्त्र की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि संसद में चर्चा के लिए कोई भी विषय वर्जित नहीं है, बशर्ते उचित प्रक्रिया का पालन किया जाए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सदन की प्रक्रिया के नियमों में निर्धारित उचित प्रक्रिया का पालन किए जाने पर किसी भी विषय, किसी भी व्यक्ति, किसी भी व्यक्ति और अध्यक्ष के आचरण पर भी चर्चा की जा सकती



है। संसद की स्वायत्तता और अधिकार पर जोर देते हुए श्री धनखड़ ने कहा, संसद अपनी प्रक्रिया और अपनी कार्यवाही के लिए सर्वोच्च है। सदन में, संसद में कोई भी कार्यवाही समीक्षा से परे है, चाहे वह कार्यपालिका हो या कोई अन्य प्राधिकारी। उन्होंने कहा कि संसद के अंदर जो कुछ भी होता है, उसमें अध्यक्ष के अलावा किसी को भी हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। यह कार्यपालिका या किसी अन्य संस्था का नहीं हो सकता। उन्होंने संसद में सदस्यों की हिट एंड रन रणनीति पर अत्यधिक चिंता व्यक्त की उन्होंने कहा कि एक सदस्य संसद में बोलने से पहले मीडिया को बाइट देता है, संसद में केवल ध्यान और मीडिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए बोलता है और फिर अन्य सदस्यों की बात सुने बिना सदन से बाहर निकल जाता है और फिर बाहर जाकर मीडिया को बाइट देता है। यह बहुत ही चिंताजनक है। उन्होंने कहा, इससे बड़ी विभाजनकारी गतिविधि कोई और नहीं हो सकती। आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का एक दर्दनाक, हृदय विदारक और सबसे काला अध्याय बताते हुए श्री धनखड़ ने जोर दिया कि उस दौरान भारतीय संविधान केवल एक कागज तक सीमित रह गया था, जिसमें मौलिक अधिकारों का घोर उल्लंघन किया गया था और नेताओं को अन्यायपूर्ण तरीके से जेल में डाला गया था। राज्यसभा के सभापति ने देश में संसदीय प्रणाली की मौजूदा स्थिति पर दुख जताते हुए कहा कि ऐसा समय आता है जब राष्ट्रीय मुद्दों और हितों को राजनीतिक विचारों से ऊपर रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज की स्थिति चिंताजनक है और संसद में व्यवधान और गड़बड़ी को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा, यह लोकतंत्र की मूल भावना पर हमला है। गरिमा को नुकसान पहुंचाना लोकतंत्र की जड़ों को हिलाना है। लोकतंत्र के लिए इससे बड़ा कोई खतरा नहीं हो सकता कि यह धारणा बनाई जाए कि अशांति और व्यवधान संसद और राष्ट्र की प्रतिष्ठा की कीमत पर राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए राजनीतिक हथियार हैं। विचार-विमर्श और संवैधानिक मूल्यों एवं स्वतंत्रता के केंद्र के रूप में संसद की भूमिका पर श्री धनखड़ ने विशुद्ध राजनीतिक दृष्टिकोण से हटकर राष्ट्रवाद और देश के व्यापक कल्याण पर केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया।

## संक्षिप्त खबरें

### मोदी ने सीआरपीएफ कर्मियों को बल के स्थापना दिवस की दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सभी कर्मियों को बल के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं और उनके राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण और दृढ़ सेवा भावना की सराहना की है। श्री मोदी ने शनिवार को डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक संदेश में कहा, स्थापना दिवस के अवसर पर, सभी सीआरपीएफ इंडिया कर्मियों को मेरी शुभकामनाएं। राष्ट्र के प्रति उनका अटूट समर्पण और अथक सेवा वास्तव में सराहनीय है। वे हमेशा साहस और प्रतिबद्धता के उच्चतम मानकों के पक्षधर रहे हैं। हमारे राष्ट्र को सुरक्षित रखने में उनकी भूमिका भी सर्वोपरि है। इस बल की स्थापना आज के ही दिन 1939 में की गयी थी। बल का मुख्यालय नई दिल्ली में है। इस बल में कर्मचारियों की संख्या तीन लाख से भी अधिक है।

### जम्मू-कश्मीर : कार के खाई में गिर जाने से पांच बच्चों सहित आठ की मौत

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार को एक वाहन के सड़क से फिसलकर खाई में गिर जाने से पांच बच्चों समेत एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में एक पुलिसकर्मी, दो महिलाएं और छह से 16 वर्ष की आयु के पांच बच्चे शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित किश्तवाड़ से सिंथन टॉप होते हुए मारवाह की ओर जा रहे थे तभी उनका वाहन के डक्सुम में सड़क से फिसलकर खाई में गिर जाने से यह हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि परिवार के आठ सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई।

### सोरेन की जमानत को चुनौती देने संबंधी याचिका पर 29 को सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय प्रवर्तन निदेशालय की उस याचिका पर 29 जुलाई को सुनवाई करेगा, जिसमें कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत देने संबंधी झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ उच्च न्यायालय के 28 जून के आदेश के खिलाफ संघीय एजेंसी की याचिका पर सुनवाई करेगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन ने इस मामले में 31 जनवरी को ईडी द्वारा गिरफ्तार किये जाने से कुछ समय पहले ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

**नीति आयोग की नौवीं संचालन परिषद की बैठक को सम्बोधित करते हुए बोलें पीएम**

# केंद्र और राज्यों के प्रयासों से 2047 में विकसित भारत का सपना होगा साकार : मोदी

## बैठक में 20 राज्यों के मुख्यमंत्रियों और छह केंद्र शासित प्रदेशों के उप राज्यपालों हुए शामिल




प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निवेश आकर्षित करने के लिए नीति आयोग को निवेश-अनुकूल चार्टर तैयार करने का निर्देश देते हुए शनिवार को कहा कि विकसित भारत का सपना विकसित राज्यों के माध्यम से साकार किया जा सकता है। श्री मोदी ने शनिवार को नीति आयोग की नौवीं संचालन परिषद की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक राज्य और जिले को वर्ष 2047 के लिए एक दृष्टिकोण पत्र बनाना चाहिए ताकि विकसित भारत को साकार किया जा सके। उन्होंने युवाओं को रोजगार के लिए तैयार में उनके कौशल और प्रशिक्षण पर जोर दिया और कहा कि विकासशील भारत के लिए प्राथमिकता के रूप में शून्य गरीबी का लक्ष्य रखना चाहिए। बैठक में प्रधानमंत्री ने नीति आयोग को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सुझावों का अध्ययन करने का निर्देश भी दिया। श्री मोदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में 20 राज्यों के मुख्यमंत्रियों और छह केंद्र शासित प्रदेशों के उप राज्यपालों ने भाग लिया। श्री मोदी ने कहा कि भारत ने पिछले 10 वर्षों में स्थिर विकास हासिल किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था वर्ष 2024 तक के अंत तक पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी।

अब सरकार और सभी नागरिकों का सामूहिक लक्ष्य दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना है। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में हमारे देश ने सामाजिक और आर्थिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करके बहुत प्रगति की है। पहले मुख्य रूप से आयात-आधारित देश होने के बाद, भारत अब दुनिया को कई उत्पाद निर्यात करता है। देश ने रक्षा, अंतरिक्ष, स्टार्ट-अप और खेल जैसे व्यापक क्षेत्रों में विश्व मंच पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन का दशक है जो विभिन्न क्षेत्रों में बहुत सारे अवसर लेकर आया है। उन्होंने राज्यों को इन अवसरों का लाभ उठाने और नीति निर्माण तथा क्रियान्वयन में नवीन दृष्टिकोण के माध्यम से विकास के लिए अनुकूल नीतियां बनाने तथा शासन कार्यक्रम शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री ने बैठक में भाग लेने तथा अपने विचार और अनुभव साझा करने के लिए सभी मुख्यमंत्रियों और उपराज्यपालों के प्रति आभार व्यक्त किया और विश्वास व्यक्त किया कि भारत सहकारी संघवाद की शक्ति के माध्यम से विकसित भारत वर्ष 2047 के सपने को पूरा करने की राह पर आगे बढ़ रहा है। नीति आयोग की शासी परिषद की नौवीं बैठक में भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से विकसित भारत 2047 दस्तावेज पर चर्चा की जानी है। नीति आयोग की शीर्ष संस्था शासी परिषद में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र-शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और कई केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। प्रधानमंत्री नीति आयोग के चेयरमैन हैं।

### बैठक में सीएम नीतीश की जगह डिप्टी सीएम हुए शामिल

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को नयी दिल्ली में नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बैठक में राज्य का प्रतिनिधित्व दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने किया। इस महत्वपूर्ण बैठक में नीतीश के अनुपस्थित रहने का कारण अभी पता नहीं चल सका है। जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा, यह पहली बार नहीं है, जब मुख्यमंत्री नीतीश आयोग की बैठक में हिस्सा नहीं ले रहे। मुख्यमंत्री पहले भी बैठक में शामिल नहीं हुए थे और बिहार का प्रतिनिधित्व तत्कालीन उपमुख्यमंत्री ने किया था। इस बार भी दोनों उपमुख्यमंत्री बैठक में शामिल होने गए हैं। कुमार ने कहा, इसके अलावा, बिहार से चार केंद्रीय मंत्री भी आयोग के सदस्य हैं और वे बैठक में मौजूद रहेंगे। इस पर कुछ भी कहने की जरूरत नहीं है।

**किसानों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने हेतु सरकार प्रतिबद्ध : मंत्री**

# डीजल अनुदान के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया शुरू

## कॉमन सर्विस केंद्र व वसुधा केंद्र से कर सकते है आवेदन

प्रात : किरण

पटना। सूबे में पर्याप्त मात्रा में बारिश नहीं होने से किसानों को हो रही परेशानी को देखते हुए राज्य सरकार ने डीजल अनुदान के लिए ऑनलाईन आवेदन प्राप्त करने की कार्रवाई प्रारम्भ कर दी है। कृषि मंत्री मंगल पांडे ने इसकी जानकारी शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि खरीफ फसलों की सिंचाई डीजल पम्पसेट से करने के लिए क्रय किये गये डीजल पर 75 रुपए प्रति लीटर की दर से 750 रुपए प्रति एकड़, प्रति सिंचाई डीजल अनुदान दिया जायेगा। धान का बिचड़ा एवं जूट फसल की अधिकतम 2 सिंचाई के लिए 1,500 रुपए प्रति एकड़ देय होगा। खरीफ फसल में धान, मक्का एवं अन्य खरीफ फसलों के अंतर्गत दलहनी, तेलहनी, मौसमी सब्जी, औषधीय एवं सुगन्धित पौधे की अधिकतम 3 सिंचाई के लिए 2,250 रुपए प्रति एकड़ देय होगा। यह अनुदान प्रति किसान अधिकतम 8 एकड़ सिंचाई के लिए देय होगा। डीजल अनुदान की राशि आवेदक के आधार से जुड़े बैंक खाते में ही अंतरित की जायेगी।

जिलों में डीजल अनुदान वितरण की आवश्यकता का आकलन सम्बन्धित जिला पदाधिकारी द्वारा कृषि टास्क फोर्स की बैठक में करने के पश्चात आवश्यकता के अनुरूप डीजल अनुदान वितरण का निर्णय लिया जा सकेगा। डीजल अनुदान योजना खरीफ 2024 का लाभ प्राप्त करने के लिए विज्ञापन प्रकाशन में अंकित तिथि से 30 अक्टूबर, 2024 तक खरीफ फसलों की सिंचाई के लिए



क्रय किये गये डीजल पर ही अनुदान का लाभ मान्य होगा। उन्होंने बताया कि किसान, कृषि विभाग के वेबसाईट पर अपने मोबाईल, लैपटॉप से आवेदन कर सकते हैं। किसान अपने नजदीकी कॉमन सर्विस केंद्र, वसुधा केंद्र से भी ऑनलाईन डीजल अनुदान आवेदन के लिए संपर्क कर सकते हैं। जिला कृषि पदाधिकारी अपने स्तर से समय-समय पर किसानों को ऑन-लाईन पंजीकरण एवं आवेदन समर्पित करने से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन तथा व्यापक प्रचार-प्रसार की व्यवस्था करेंगे।

**शिकायतों पर 15 दिनों के अंदर होगी कार्रवाई :** मंत्री ने बताया कि यदि किसी किसान को अपने आवेदन के संदर्भ में किसी प्रकार की शिकायत होगी तो वे लिखित रूप में यह शिकायत सम्बन्धित डीजल अनुदान अनुश्रवण-सह-निगरानी समिति के समक्ष रखेंगे। ऐसे सभी शिकायतों पर 15 दिनों के अंदर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि डीजल अनुदान योजना का नियमित अनुश्रवण विभाग के क्षेत्रीय पदाधिकारियों तथा जिला पदाधिकारी द्वारा किया जायेगा। जिला पदाधिकारी प्रत्येक सप्ताह में आयोजित होने वाले कृषि टास्क फोर्स की बैठक में समीक्षा करते हुए आवश्यकता के अनुरूप डीजल अनुदान वितरण का निर्णय लेंगे। राज्य स्तर पर डीजल अनुदान योजना का नियमित अनुश्रवण संयुक्त कृषि निदेशक (सांख्यिकी) एवं नोडल पदाधिकारी, डी बीटी कोषांग द्वारा किया जायेगा।

**सामान्य से 32 प्रतिशत से कम हुई बारिश :** कृषि मंत्री ने बताया कि सामान्य से 32 प्रतिशत कम वर्षा हुई है, जिसके फलस्वरुप धान की रोपनी एवं अन्य फसलों का आच्छादन प्रभावित हुआ है। अब तक 17,03,802 हेक्टेयर धान की रोपनी हुई है। इसी प्रकार इस वर्ष मक्का का आच्छादन अभी तक 1,92,018 हेक्टेयर क्षेत्र में मक्का की बुआई हुई है। कृषि मंत्री ने कहा कि धान के बिचड़ों एवं रोपे गये धान तथा मक्का आदि की फसल को सूखने से बचाने तथा खाली पड़े खेतों में धान की रोपनी हो पाये, इसके लिए सरकार ने डीजल अनुदान देने का निर्णय लिया है। मंत्री ने बताया कि किसानों को बीचड़ा बचाने और विलम्ब से रोपे गये फसल के प्रबंधन हेतु विभिन्न प्रचार-प्रसार के माध्यमों से किसानों के लिए एडवायजरी जारी किया जायेगा। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर सरकार द्वारा डेडिकेटेड एग्रीकल्चर फीडर के माध्यम से 14 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति की सुविधा उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जा रही है। कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में किसानों के हर सुख-दुःख की परिस्थिति में सरकार पूरी दृढ़ता से किसानों के साथ खड़ी है। किसानों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

# कुमार की अध्यक्षता में हुई जदयू की बैठक में झारखंड चुनाव पर चर्चा

## राजग के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ने पर हुई बातचीत

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड ने शनिवार को कहा कि वह पड़ोसी राज्य झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन करके विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती है। मुख्यमंत्री ने अपने आधिकारिक आवास पर पार्टी की एक बैठक की अध्यक्षता की। इसमें झारखंड के प्रभारी व जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, बिहार के मंत्री अशोक चौधरी और झारखंड जदयू की इकाई के प्रमुख एवं राज्यसभा सांसद खीरू महतो सहित अन्य लोग शामिल हुए। बैठक के बाद महतो ने संवाददाताओं से कहा, हम भाजपा के साथ गठबंधन



कर झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, पार्टी के सर्वोच्च नेता के साथ जिन मुद्दों पर चर्चा हुई उनमें कुर्मियों को अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल करना भी था। झारखंड में कुर्मी नेता कुछ समय से यह मांग उठा रहे हैं और आज पश्चिम बंगाल के प्रतिनिधियों ने भी इसका समर्थन किया। अब हम इस मुद्दे को संसद और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के समक्ष उठाकर आगे बढ़ेंगे। झारखंड में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। यह राज्य ढाई दशक पहले बिहार से अलग होकर बना था। राज्य में वर्तमान में झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल गठबंधन की सरकार है। इस गठबंधन ने 2019 के चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को सत्ता से बाहर कर दिया था। जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री श्रवण कुमार ने कहा, पार्टी राजग के साथ मिलकर झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती है।

# साथ संयुक्त मिशन में आईएसएस की यात्रा करेगा एक गगनयान अंतरिक्ष यात्री

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा को बताया कि गगनयान मिशन के लिए प्रशिक्षण ले रहे चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के साथ सहयोगात्मक प्रयास के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाएगा। सिंह ने एक प्रश्न के लिखित जवाब में कहा कि नासा ने निजी संस्था एक्सिओम स्पेस की पहचान की है



और इसरो ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए संयुक्त मिशन के लिए अमेरिकी कंपनी के साथ अंतरिक्ष उड़ान समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडन ने घोषणा की थी कि भारत और अमेरिका 2024 में एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को आईएसएस पर भेजने के लिए सहयोग कर रहे हैं। भारत के अंतरिक्ष यात्री चयन बोर्ड ने गगनयान मिशन के लिए भारतीय वायुसेना के परीक्षण पायलटों के समूह से चार अंतरिक्ष यात्रियों का चयन किया था। गगनयान मिशन अगले साल होने वाली भारत की पहली मानव अंतरिक्ष उड़ान है। सिंह ने कहा, ह्यह्यसभी चार अंतरिक्ष यात्रियों ने रूस में अंतरिक्ष उड़ान के बुनियादी मॉड्यूल पर प्रशिक्षण लिया है। वर्तमान में, अंतरिक्ष यात्री गगनयान मिशन के लिए बेंगलुरु में इसरो के अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण प्रतिष्ठान में प्रशिक्षण ले रहे हैं। मंत्री ने कहा कि गगनयात्री प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीन सेमेस्टर में से दो पूरे हो चुके हैं जबकि स्वतंत्र प्रशिक्षण सिमुलेटर और ह्यस्टैटिक मॉकअप सिमुलेटर का निर्माण किया जा चुका है।

# कुपवाड़ा : एक घुसपैठिया ढेर, एक अधिकारी समेत पांच जवान घायल

श्रीनगर/एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के करीब माछिल सेक्टर के कुमकारी इलाके में शनिवार को सेना के सतर्क जवानों ने एक घुसपैठिया को मार गिराया, लेकिन दोनों ओर से हुई गोलीबारी में सेना के



एक अधिकारी सहित पांच जवान घायल हो गये। अधिकारियों ने आज यहां यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि माछिल सेक्टर के कुमकारी सेक्टर में शनिवार को सुबह सतर्क भारतीय सेना के जवानों ने बॉर्डर एक्शन टीम की कार्रवाई को नाकाम कर दिया है। जिसमें पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया है। सेना श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नियंत्रण रेखा पर माछिल सेक्टर के कुमकारी में एक अग्रिम चौकी पर गोलीबारी हुई है।

**कैंसर दिवस** | **विश्व सिर और गला कैंसर दिवस पर यह अध्ययन किया गया जारी**

# भारत में बढ़ रहे हैं सिर और गले के कैंसर के मामले : अध्ययन

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत में कैंसर के करीब 26 प्रतिशत मरीजों को सिर और गर्दन में ट्यूमर है तथा ऐसे मामलों में वृद्धि ही हो रही है। एक अध्ययन में यह बात सामने आयी है। शनिवार को विश्व सिर और गला कैंसर दिवस पर यह अध्ययन जारी किया गया। देश के 1869 कैंसर मरीजों पर यह अध्ययन किया गया है।

दिल्ली स्थित गैर-लाभकारी संगठन कैंसर मुक्त भारत फाउंडेशन ने एक मार्च से 30 जून तक अपने हेल्पलाइन नंबर पर प्राप्त कॉल से डेटा एकत्र करके यह अध्ययन किया। कैंसर मुक्त भारत अभियान का नेतृत्व कर रहे वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष गुप्ता ने कहा




कि भारत में विशेष रूप से युवाओं में सिर और गर्दन के कैंसर के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है, जिसकी वजह तंबाकू के बढ़ते सेवन और मन पेपिलोमावायरस संक्रमण है। गुप्ता ने कहा, लगभग 80-90 प्रतिशत मौखिक कैंसर के रोगी किसी न किसी रूप में तम्बाकू का सेवन करते पाए गए हैं, चाहे वह धूम्रपान हो या खैनी चबाना। अन्य कैंसरों के विपरीत सिर और गर्दन के अधिकांश कैंसर रोके जा सकते हैं, जिसका कारण अज्ञात है। यह एक रोकथाम योग्य कैंसर है जिसे जीवनशैली में बदलाव करके रोका जा सकता है। गुप्ता ने कहा, तंबाकू छोड़ने के लिए जागरूकता बढ़ाने और रोग का शीघ्र पता लगाने के लिए प्रारंभिक जांच कराने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत में कैंसर के लगभग दो तिहाई मामलों का पता देर से चलता है, जिसकी वजह संभवतः उचित जांच नहीं कराया जाना है। गुप्ता ने कहा कि कैंसर मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य शिक्षा और प्रारंभिक पहचान के माध्यम से व्यक्तियों और समुदायों में कैंसर के मामलों और प्रभाव को कम करना है।

# मोदी ने भाजपा के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के साथ की बैठक

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के साथ कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। भाजपा द्वारा नियमित अंतराल पर आयोजित की जाने वाली मुख्यमंत्री परिषद का उद्देश्य राज्यों में प्रमुख योजनाओं की समीक्षा करना, सर्वोत्तम शासन प्रथाओं का पालन करना और केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी पहल का क्रियान्वयन करना है। मोदी के अलावा, यहां दो दिवसीय बैठक के पहले दिन केंद्रीय मंत्री अमित शाह और जे.पी. नड्डा, उत्तर




प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी समेत अन्य नेता शामिल हुए। मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, गोवा, हरियाणा, मणिपुर और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भी विचार-विमर्श में शामिल थे। यह बैठक केंद्रीय बजट प्रस्तुत किये जाने के बाद हो रही है, जिसमें विपक्ष ने सरकार पर बिहार और आंध्र प्रदेश को छोड़कर अन्य राज्यों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। लोकसभा चुनाव के बाद यह पहली बैठक है। लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और पार्टी ने लोकसभा में अपना बहुमत खो दिया। हालांकि, पार्टी नेताओं ने कहा कि बैठक में चर्चा के केंद्र में शासन संबंधी मुद्दे थे। ऐसी पिछली बैठक फरवरी में हुई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### डेंगू के मिले दो मरीज,14 सैंपल की हुई जांच

पटना सिटी (प्राकि)।एनएमसीएच के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में डेंगू के 14 सैंपल की जांच की गई इसमें दो डेंगू संक्रमित मरीज मिले हैं। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉप्रो संजय कुमार ने बताया कि संक्रमित डेंगू मरीजों में सलीमपुर बख्तियारपुर के 12 वर्षीय किशोर और नालंदा के बेना निवासी 40 वर्षीय महिला शामिल है।

### एक गमला परिवार के सदस्यों के नाम का आयोजन

पटना सिटी (प्राकि)। शारदा विकास मंदिर के छात्रों के बीच सामूहिक प्रतियोगिता एक गमला परिवार के सदस्यों के नाम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में छात्र-छात्राओं ने सजे हुए गमले में पौधा लगाकर स्कूल पहुंचे। यह जीमेल के बीच छात्रों की मौजूदगी अलग समां बांध रहा था। सफलतम छात्रों को निदेशक मोहन चतुर्वेदी के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विकास मंदिर के शिक्षकों की देखरेख में आयोजन संभव हो सका है।

# आरपीएम कॉलेज में स्नातक नामांकन के नाम पर छात्राओं से अवैध वसूली

## आइसा ने कॉलेज गेट पर किया विरोध प्रदर्शन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




आरपीएम कालेज के स्नातक तृतीय सेमेस्टर में नामांकन निःशुल्क और लिए गए शुल्क को वापस करने की मांग पूरा करने का आश्वासन प्राचार्य के द्वारा दिया गया। आइसा के द्वारा आरपीएम कॉलेज में एकदिवसीय प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सोनी कुमारी व अध्यक्षता रौशन कुमार ने किया। आइसा की राज्य अध्यक्ष प्रीति कुमारी ने कहा कि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के अधीन आने वाले इस कॉलेज में नामांकन के नाम पर अवैध फीस लेकर कॉलेज के भीतर शिक्षा का बाजारीकरण किया जा रहा है। पिछले अनेक साल से स्नातक में नामांकन के दौरान कॉलेज प्रशासन के द्वारा लगातार मनमाना फीस लिया जाता रहा है। इस वर्ष इसके विरोध में छात्राएं पिछले दस दिनों से पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का चक्कर लगा रही थीं। बिहार सरकार के अनुसार छात्राओं का निःशुल्क नामांकन लिया जाना है, लेकिन कॉलेज प्रशासन के द्वारा छात्राओं से रुपया लिया जाता रहा है। छात्राओं की समस्याओं को लेकर स्नातक तृतीय सेमेस्टर का नामांकन शुल्क लेने पर तत्काल रोक लगाया जाए और छात्राओं से लिए गए नामांकन शुल्क वापस करने की गारंटी किया जाए। इस प्रकरण को लेकर आइसा ने विगत दिनों कुलपति को ज्ञापन दिया था। इस पर विवि प्रशासन द्वारा साकारात्मक कदम उठाए जाने का आश्वासन दिया था। लेकिन इसके बावजूद आरपीएम कॉलेज प्रशासन द्वारा अवैध फीस लेना जारी रखा गया। विदित हो कि पहचान पत्र, लाइब्रेरी कार्ड बनवाने में 300 रुपया, कॉलेज परित्याग पत्र में छात्रों से 800 रुपया, अन्य सुविधा देने के नाम पर छात्राओं से रुपए की अवैध उगाही की जा रही है। वहीं राज्य परिषद सदस्य हेमंत राज ने कहा कि पाटलिपुत्र विवि के संबद्ध महाविद्यालयों जैसे अरविंद महिला कॉलेज, गंगादेवी कॉलेज, ओरिएंटल कॉलेज, श्री गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज, बीएनआर ट्रेनिंग कॉलेज व अन्य कॉलेजों में भी छात्राओं से नामांकन के नाम पर अवैध उगाही की जा रही है। इन महाविद्यालयों में स्पॉट नामांकन के नाम पर 10-10 हजार रुपया अवैध रूप से लेकर छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जा रहा है। इस पर तत्काल रोक लगाया जाए। पाटलिपुत्र विवि के कॉलेजो में अगर छात्र-छात्राओं की समस्याओं को दूर नही किया जाएगा, तो आगामी दिनों में आइसा ठोस पहलकदमी के साथ आंदोलन को तेज करेगी। विरोध प्रदर्शन में भाकपा माले नेता राम नारायण सिंह, अनय मेहता, ऐपवा नेता राखी मेहता, नेतागण और छात्रा के रूप में रूबी, ममता, कुमारी सोनम, जया, सुलेखा आदि छात्राएं मौजूद रहीं।

# निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का हुआ आयोजन

## पटना बोटनिकल गार्डेन गेट नंबर 1 पर स्वास्थ्य जांच और परामर्श निःशुक्ल दिए

पटना , प्रात :किरण संवाददाता



पारस एचएमआरआई पटना की ओर से शनिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का आयोजन पटना बोटनिकल गार्डेन गेट नंबर 1 पर किया गया। इस पहल का नाम चाय पे चेकअप रखा गया था जिसमें कोई भी व्यक्ति चाय और साथ ही साथ स्वास्थ्य जाँच कराने की व्यवस्था थी। लोगों ने मौके का भरपूर लाभ उठाया इसमें स्वास्थ्य जांच और परामर्श निःशुक्ल दिए गए। इनमें बीपी, आरबीएस , वजन आदि और परामर्श शामिल हैं। शिविर में 190 व्यक्तियों ने पारस एचएमआरआई की स्वास्थ्य जांच और डॉक्टरों से मुफ्त परामर्श का लाभ उठाया। यह स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम कल भी यानी 28 जुलाई को भी लगाया जाएगा।

निःशुक्ल स्वास्थ्य जांच का आयोजन पटना बोटनिकल गार्डेन गेट नंबर 1 पर सुबह 5.30 बजे से 7 बजे तक किया गया था। स्वास्थ्य जांच के संबंध में पारस एचएमआरआई के फैसिलिटी डायरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि इस स्वास्थ्य जाँच कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि बेहतर स्वस्थ समाज हो इसके लिए हर किसी को समय समय पर स्वास्थ्य जाँच कराते रहना होगा ताकि यदि कोई बिमारी दिखाई दे तो उसे आगे बढ़ने से रोका जा सके। पारस एचएमआरआई आम जनता के लिए हमेशा फिक्र मंद रहता है। दोनों के बीच संबंध अटूट बना रहे है, इसके लिए इस तरह के आयोजन जरूरी होते हैं। इस मौके पर पारस एचएमआरआई के यूनिट हेड मनीष गुरुदत्ता, एचआर हेड आकाश सिंहा, जेनेरल मैनेजर रामअवतार जांगिद और पारस एचएमआरआई की नर्सिगं टीम व कर्मचारी मौजूद थे।

पारस एचएमआरआई के बारे में

पारस एचएमआरआई, पटना बिहार में 2013 से कार्यरत है। पारस एचएमआरआई में एक ही स्थान पर सभी चिकित्सा सुविधाएं हैं। हमारे पास एक आपातकालीन सुविधा, तृतीयक और चतुधार्तुक देखभाल, उच्च योग्य और अनुभवी डॉक्टरों के साथ चिकित्सा केंद्र है। पारस इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर बिहार में अपनी विशेषज्ञता, बुनियादी ढांचे और कैंसर देखभाल प्रदान करने के लिए प्रसिद्ध है।

# समय रहते कैंसर की जांच व पहचान होने पर इलाज संभव

## एनएमसीएच के रेडियोथेरेपी विभाग की एचओडी डॉ अनिता ने कराया एकेडमिक टीचिंग प्रोगाम

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



एनएमसीएच के रेडियोथैरेपी विभाग के कंप्रिहेंसिव कैंसर केयर क्लिनिक के द्वारा एकेडमिक टीचिंग प्रोग्राम का आयोजन शनिवार को किया गया। इसमें ब्रेस्ट कैंसर को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही शोध भी पढ़े गए। महिलाओं का आवाह्न किया गया कि यदि स्तन में कहीं भी गांठ या गिल्टी जैसा महसूस हो और दर्द करे, तो तुरंत इसकी जांच कराएं, ताकि इसकी पहचान कर इलाज समय से की जा सके। बाद में कैंसर का भयावह रूप होने से मरीज को परेशानी का सामना करना पड़ता है। रेडियोथैरेपी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉक्टर अनिता कुमारी के संयोजन में अकादमिक टीचिंग प्रोग्राम का आयोजन ऑडिटोरियम में किया गया। बतौर मुख्य अतिथि एसएस हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के पद्मश्री डॉ जीके सिंह मौजूद थे। स्वागत भाषण डॉ माला सिन्हा ने किया। समारोह का उद्घाटन प्राचार्य डॉप्रो उषा कुमारी, अधीक्षक डॉप्रो बिनोद कुमार सिंह, उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार, डॉ जेके सिंह, एम्स पटना के रेडियोथेरेपी के विभागाध्यक्ष डॉ गीतांजलि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। वक्ताओं ने ब्रेस्ट कैंसर के प्रति इस तरह के आयोजन किए जाने की खासा सराहना की। वक्ताओं में आईजीआईएमएस के डॉ दिनेश, डॉ रिचा माधवी, डॉ सीमा, पारस हॉस्पिटल के डॉ शेखर केसरी, डॉ स्नेहा झा, एम्स पटना के डॉ रीता रानी, डॉ उषा, मेदांता के डॉ निशांत गौरव आदि शामिल थे। अकादमी इस टीचिंग सेशन में क्लिनिकल एनाटॉमी एंड सर्जिकल ऑप्शंस इन एलिट ब्रेस्ट कैंसर पर एनएमसीएच के सर्जरी विभाग के पीजी डॉ सत्यम ने अपनी बात रखी। पटना एम्स के पीजी छात्र डॉ रविंद्र ने ओवरऑल मैनेजमेंट इन अर्ली ब्रेस्ट कैंसर पर, आइजीआइएमएस पीजी के छात्र डॉ स्क मोनीराज ने रोल ऑफ चेमोथेरेपी इन अर्ली ब्रेस्ट कैंसर पर, एमसीएस पटना के डॉ तुबा अंसारी शमीम ने रेडियोलॉजी एंड कंटूरिंग गाइडलाइंस इन अर्ली ब्रेस्ट कैंसर पर शोध पढ़ा। पैनल डिस्कशन में डॉ श्वेता व डॉ अभिषेक रंजन थे।

### आपातकाल में जेल जाने वाले को पेंशन दे केंद्र सरकार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। जेपी सेनानी संघर्ष समिति की बैठक टेढ़ी घाट में अवधेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। इसमें आपातकाल के विरुद्ध जेल जाने वाले आंदोलनकारी को केंद्र सरकार से पेंशन दिए जाने की मांग की गई। बैठक में कहा गया कि हाल ही में आपातकाल के 50वें वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित लोकसभा में मृत आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मगर अब तक आपातकाल के समय जेल जाने वाले और सक्रिय भूमिका निभाने वाले, जो जीवित हैं, उनके लिए कोई घोषणा नहीं की गई। बैठक में ऐसे आंदोलनकारी को संविधान रक्षक अथवा लोकतंत्र प्रहरी घोषित करने की भी मांग की गई। इस आशय का प्रस्ताव प्रधानमंत्री को भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में महेश प्रसाद, सुनैना देवी, प्रेम शर्मा, देवेंद्र सिंह, विजय राकेश, प्रेम कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे।

# नीरज की हत्या में भाई के बयान पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

**सुचना**

- पुलिस ने चार खोखा किया बरामद, सीसीटीवी खंगाल रही, एफएसएल की टीम ने उठाया नमूना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



सुलतानगंज थाना क्षेत्र के शाहगंज मोड़ पर शुक्रवार की रात अपराधियों ने करीब 35 साल के नीरज कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतक के छोटे भाई शशि कुमार के बयान पर पुलिस ने अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटनास्थल से पुलिस ने चार खोखा को बरामद किया है। साथ ही एफएसएल की टीम भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य उठाने का काम किया है। दरअसल बिस्कोमान का रहने वाला नीरज कुमार शाहगंज की ओर पैदल ही जा रहा था। अपराधियों को इस बात का पता पहले ही चल गया था कि वह पैदल ही इस रास्ते से गुजरने वाला है। यही कारण रहा कि अपराधियों ने खैनी और परचून दुकान का ओट लेकर उसके आने का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही वह उस रास्ते में पहुंचा, अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोलीबारी शुरू कर दी। इससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी। हालांकि पुलिस उसे इलाज के लिए पीएमसीएच ले गई, जहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अपराधियों ने नीरज के सिर में सटा कर एक गोली मारी थी। पुलिस घटनास्थल से चार खोखा बरामद की है। पुलिस का कहना है की हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी पैदल ही गलियों के रास्ते से भाग निकले। हालांकि हत्या का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। मृतक के मोबाइल के डेटा को भी पुलिस खंगाल रही है, ताकि उसे कुछ सुराग मिल सके। पुलिस का कहना है कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। हालांकि अपराधियों के भागने की दिशा में लगे सीसीटीवी के फुटेज को भी पुलिस खंगाली है, मगर रात होने के कारण तस्वीर साफ नहीं दिख पा रहा है। सुल्तानगंज थाना के थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि नीरज के छोटे भाई शशि के बयान पर पुलिस ने अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कर ली है। हालांकि पुलिस का यह भी करना है कि जो कुछ भी अब तक इनपुट मिला है, उस आधार पर छापेमारी की जा रही है।

# सोना कला केन्द्र द्वारा आयोजित नृत्य कार्यशाला का हुआ समापन



पटना , प्रात :किरण संवाददाता

पटना के पोस्टल पार्क देवी स्थान प्रांगण में सोना कला केंद्र के द्वारा मां गायत्री बाल संस्कार शाला के छात्राओं के बीच आठ दिवसीय नृत्य एवं नाट्य कार्यशाला का समापन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागी ने भाग लिया तथा लोक नृत्य एवं नाटक का हुनर सीखा। कार्यशाला के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे फिल्म अभिनेता व निर्देशक दीप श्रेष्ठ ने कहा कि कला जीवन में व्यक्तित्व के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं। संगीत, नृत्य एवं नाटक ऐसी विधा है, जिनमें संवेदन शील मानव रुचि रखते हैं। उन्होंने कहा कि कला, कलाकार को जीवन जीने कि शलिका सीखाती है। सोना कला केंद्र के संस्थापक रूपेश रंजन सिन्हा ने बताया कि सोना कला केंद्र के द्वारा पहली बार निःशुल्क लोक नृत्य एवं नाटक कार्यशाला का आयोजन नृत्य प्रशिक्षक सुदामा पांडे तथा नाट्य प्रशिक्षक आदर्श वैभव के द्वारा बच्चों को लोक नृत्य झिझिया, कजरी एवं जट - जतिन नृत्य का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक लोक नर्तक सुदामा पांडे ने बताया की कार्यशाला का लक्ष्य नई प्रतिभाओं को नृत्य व नाटक से जोड़ना है तथा कलाओं के माध्यम से मानव में संवेदनशीलता को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। वहीं मां गायत्री संस्कारशाला की संचालिका श्वेता रश्मि ने कहा कि यहां पढ़ने वाले सभी बच्चे गरीब एवं मेधावी हैं और इस तरह की संस्कृत कार्यशाला से बच्चों को एक नई ऊर्जा और एक नई सोच मिली है। इस अवसर पर शिक्षक शुभम कुमार, गुंजा कुमारी, माया रानी, सविता अग्रवाल, सुमित्रा कुमारी, सुभद्रा कुमारी, सत्यवंती देवी, आशादी, सिंपी कुमारी, राजनंदिनी कुमारी, स्वीटी कुमारी, शिखा कुमारी, खुशी कुमारी शीतल कुमारी, रिमझिम कुमारी, पूजा कुमारी के साथ-साथ कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे ।

# सिटी में रैफ की एक कंपनी पहुंची



पटना सिटी (प्राकि) । पटना सिटी के शहरी क्षेत्र के अधिकांश क्षेत्र को संवेदनशील माना जाता रहा है। यहां हमेशा विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती रही है। खासकर वर्तमान में देश में बनी स्थितियां भी चुनौतीपूर्ण है। इसे लेकर रैपिड एक्शन फोर्स की 114 बटालियन की एक टीम पटना सिटी पहुंची है। इसके सहायक कमांडेंट संजीत कुमार ने बताया कि पटना सिटी में हमेशा विधि-व्यवस्था की समस्या बनी रहती है। इसमें पुलिसिंग व्यवस्था, एरिया की पहचान होना चाहिए, लोगों के आचार विचार और स्थितियों को भी समझना पड़ता है। विभिन्न थाना स्तर पर हमलोग बैठक कर स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। आलमगंज, खाजेकलां, सुल्तानगंज और अंतिम में फुलवारीशरीफ थाना में भी बैठक होगी। उन्होंने लोगों से अपील की यदि कहीं भी विधि-व्यवस्था की बड़ी समस्या उत्पन्न होती है, तो ऐसे में आप अपने नजदीकी थाना से संपर्क करें। रैफ को बुलाने की भी एक प्रक्रिया है। जिलाधिकारी के द्वारा ही एमएचए को निर्देश दिया जाता है। फिर टीम शांति व्यवस्था कायम करने के लिए अपना काम शुरू करती है। फिलहाल पटना सिटी में रैफ की एक कंपनी यहां कैंप कर रही है।

# बच्चों के विवाद में हुआ फायरिंग

फतुहा। बीते शुक्रवार की देर रात दरियापुर मुहल्ले के गंगा किनारे बच्चों के विवाद में बदमाशों ने फायरिंग कर दहशत फैला दी। गोलियां चलते ही दरियापुर मुहल्ले में अफरा तफरी का महौल कायम हो गया। ग्रामीणों के मुताबिक बदमाशों ने पांच से छह फायरिंग की। सूचना मिलते ही जब पुलिस मौके पर पहुंची तो इसके पहले ही सभी फायरिंग के आरोपी फरार हो गये। पुलिस ने घटनास्थल के पास एक खोखा भी बरामद किया है। हालांकि इस फायरिंग की घटना में किसी की भी हताहत होने की सूचना नहीं है। इस सन्दर्भ में वादी दरियापुर निवास रंजन राय ने कुछ लोगों को नामजद करते हुए थाने में शिकायत दर्ज करायी है। बताया जाता है कि बीते शुक्रवार को वादी रंजन राय के बेटे के साथ पड़ोस में दूध लेने आए एक युवक ने मारपीट कर दी। इस घटना को लेकर वादी का पड़ोसी के साथ शाम को विवाद हो गया। इसी घटना के आलोक में देर रात बदमाशों ने वादी के घर के पास फायरिंग कर दहशत फैला दी। शिकायत के आलोक में थानाध्यक्ष रुपक कुमार अम्बुज ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

# प्रशासन ने आयुष अस्पताल के पहुंच पथ से हटाया अतिक्रमण

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



गुजरी बाजार स्थित नवाब भवन में निमार्णाधीन 50 शैया बेड वाले आयुष अस्पताल का निर्माण लगभग हो चुका है। इसका उद्घाटन भी किया जाना है। मगर इसके पहुंच पथ पर कायम अतिक्रमण और अवैध निर्माण को लेकर आयुष अस्पताल के सामान को भवन में शिफ्ट कराने को ले जाने में परेशानी हो रही थी। इसे लेकर क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के पीछे में ही आयुष अस्पताल का निर्माण कराया गया है इसी परिसर के पूर्व की ओर प्रेम कुमार नमक गगृह स्वामी के द्वारा अतिक्रमण किया गया था। अधिकारियों के द्वारा सिटी एसडीओ गुंजन सिंह को पत्र लिखे जाने के बाद वह स्थल का निरीक्षण भी की थीं। साथ ही उक्त गृह स्वामी को अतिक्रमण हटा लेने का आदेश दी थी। मगर ऐसा नहीं किया गया। यहां तक कि उक्त गृह स्वामी के द्वारा संस्थान की ओर घर का दरवाजा भी खोल लिया गया था। जिला प्रशासन की ओर से गठित टीम ने शनिवार को कायम अतिक्रमण को हटाने का अभियान चलाया। जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह के निर्देश पर गठित टीम में दंडाधिकारी के तौर पर डीसीएलआर अभिलाषा सिन्हा, अंचलाधिकारी पटना सदर रजनीकांत, राजस्व पदाधिकारी राकेश राय, निगम अजीमाबाद अंचल की कार्यपालक पदाधिकारी श्रेया कश्यप, टास्क फोर्स और खाजेकलां थाना के थानाध्यक्ष प्रभात रंजन सक्सेना और जिला से आए पुलिस बल ने अभियान चलाया। इस दौरान नगर निगम के अजीमाबाद आंचल से दो जेसीबी और एक बाबकट को अभियान में लगाया गया था। अभियान के दौरान अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। साथी ध्वस्त किए गए अतिक्रमण के मालवा को भी हटाने के साथ ही वहां पर पीसीसी बनाने का काम भी शुरू कर दिया गया था। क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान के पीछे में ही आयुष अस्पताल का निर्माण कराया गया है।

### मुंबई से संगतों का जत्था तख्तश्री पटना साहिब पहुंचा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, चीफ खालसा दीवान एवं गुरविंदर सिंह बाबा के विशेष सहयोग से मुंबई से करीब 85 संगतों का जत्था तख्तश्री पटना साहिब पहुंचा। नतमस्तक होने के लिए पहुंचा। स्टेशन पर इन सबों का स्वागत करने के लिए प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, महासचिव इन्द्रजीत सिंह, कनीय उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह, हरपाल सिंह, मोनू भाटिया व जसबीर सिंह धाम पहुंचे। इन सबों ने संगतों को फूल देकर स्वागत किया। संगत के तख्तश्री पटना साहिब पहुंचने पर बोले सो निहाल के जयकारे लगाए गए। प्रधान जगजोत सिंह सोही ने बताया कि देश-विदेश से लगातार संगत तख्तश्री पटना साहिब नतमस्तक होने के लिए पहुंच रही है। आज मुंबई से जत्था पहुंचा है और आने वाले दिनों में हजूर साहिब (नान्देड़), पंजाब, दिल्ली एवं अन्य स्थान से संगत के जत्थे तख्त साहिब आएंगे। संगत की ठहरने, ट्रांसपोर्ट, लंगर आदि का पुख्ता इंतजाम प्रबंधक कमेटी के द्वारा किया गया है। संगतों को पटना और आसपास के गुरुद्वारों का दर्शन व दीदार कराया जाएगा। उन सबों को राजगीर के श्री शीतल कुंड गुरुद्वारा भी दर्शन कराया जाएगा।

# चार दिनों से लापता युवक का शव पानी से भरे गड्ढे से बरामद

## परिजनों ने लगाया पीट-पीट कर हत्या करने का आरोप

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



बाइपास थाना क्षेत्र के बेगमपुर मंडई अखाड़ा का रहने वाला जसवीर पासवान कि शव घर से कुछ दूरी पर पानी से भरे गड्ढे में मिला पुलिस ने घटनास्थल पर एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम मंगाकर चार्ज कराया है सब का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेजा गया। पुलिस ने चार दिनों से लापता एक युवक का शव घर से महज चार सौ मीटर की दूरी पर एक पानी से भरे गड्ढे के झाड़ से बरामद कर लिया है। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि हत्या के बाद उस युवक का शव झाड़ी में फेंक कर साक्ष्य छुपाने के लिए ऊपर से नमक डाल दिया गया था। परिजनों ने पुलिस पर मामले। में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। घटना की जानकारी देते हुए बाइपास थाना प्रभारी राजेश कुमार झा ने बताया कि मृतक युवक की पहचान बाहरी बेगमपुर निवासी पिंकू पासवान के पुत्र जसवीर पासवान के रूप में की गई है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर एफएसएल टीम और डॉग स्क्वाईड को बुला जांच कराया गया है।

मामले की छानबीन की जा रही है। मामले में जो भी लोग दोषी पाया जाएगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी।बताया जा रहा जसवीर पासवान 24 जुलाई बुधवार की शाम से अपने घर से लापता था। परिवार के लोग काफी खोजबीन किए, मगर कुछ पता नहीं चला। जब उसका कोई सुराग नहीं मिला, तो बाइपास थाना में जाकर आवेदन दिया गया। परिवार के लोगों ने कहा कि 26 जुलाई शुक्रवार को भी वे सब थाना गए थे। इसके बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। शनिवार की सुबह से वे लोग थाना का चक्कर लगा रहे थे। इस बीच सूचना मिली कि घर से कुछ दूरी पर मंडई अखाड़ा के नजदीक पानी भरे गड्ढे में झाड़ी में एक युवक का शव पड़ा है। शव की पहचान जसवीर पासवान के रूप में परिवार के लोगों ने की है। डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। वे खुद घटनास्थल पर जाकर जांच-पड़ताल किए। परिजन का कहना है कि नीतीश, लब्बा, राहुल, दीपू आदि ने जसवीर को घर से बुलाकर ले गया था कि नेउता में जाना है। वह सब दनियावां के इस्लामपुर जाने की बात कह रहा था। दरअसल राहुल पिछले दिनों अपराध के मामले में पुलिस के द्वारा पकड़ा गया था और जेल गया था। उसे शक था कि इसमें राजवीर की भूमिका उसे पकड़वाने में है। इसी शक के आधार पर राहुल ने साथियों के साथ मिलकर पार्टी किया और उसके बाद उसकी हत्या कर दी हो। हालांकि पुलिस ने राहुल के एक करीबी रिश्तेदार को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। संभावना है कि एक-दो दिनों में ही मामले का पदार्फाश पुलिस के द्वारा कर दिया जाएगा

# उपमुख्य पार्षद ने कार्यपालक पदाधिकारी व मुख्य पार्षद को आवेदन देकर बोर्ड की बैठक तत्काल बुलाने की मांग की

दानापुर। नगर के अंतर्गत नगर परिषद दानापुर के उपमुख्य पार्षद ने कार्यपालक पदाधिकारी व मुख्य पार्षद को आवेदन देकर बोर्ड की बैठक तत्काल बुलाने की मांग की है। उपमुख्य पार्षद ने पत्र के माध्यम से कहा है कि करीब दस माह हो गये पर नगर परिषद की सामान्य बोर्ड की बैठक नहीं बुलायी गयी है। इससे जनहित की महत्वपूर्ण समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा है एवं विकास कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। आवेदन में बैठक का मुद्दा बैठक की संपुष्टि, पूर्व स्वीकृत योजना के कार्यान्वयन एवं प्रगति पर विचार, जल जमाव से निजात पर विचार एवं इसके निष्पादन हेतु लिए गए निर्णय पर हुए कार्यों की समीक्षा,साफ-सफाई एवं स्वच्छता आदि का भी वर्णन किया गया है। आवेदन में पार्षद नंद लाल राय, अर्जून पासवान, मुन्नी देवी, रूबी देवी, मिनाक्षी त्रिपाठी, विद्धावति देवी, देवराज, संतोष कुमार, रमेश कुमार, रेणू राकेश, निर्मला देवी, आरती कुमारी 18 वर्षीय दुर्गेश शाह, प्रेमधर, अनिता देवी, सुचित्रा देवी, आराधना देवी, गायत्री देवी गुडिया देवी समेत 21 पार्षदो ने हस्ताक्षर बनाया है। उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि राजू जयसवाल ने बताया कि नगर परिषद बोर्ड के बैठक नही होने से क्षेत्र के विकास एवं अन्य कार्य प्रभावित हो रहे है। इसको देखते हुए उपमुख्य पार्षद सरिता देवी ने पार्षदो के हस्ताक्षर युक्त आवेदन मुख्य पार्षद एवं कार्यपालक पदाधिकारी को देकर जल्द से जल्द बैठक बुलाने की मांग की है। कार्यपालक पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि उपमुख्य पार्षद समेत पार्षदो क हस्ताक्षर युक्त आवेदन बैठक बुलाने को लेकर आया है।

### सेंटिंग मिस्त्री के हत्या के मामले में एक युवक गिरफ्तार

दानापुर। नगर के अंतर्गत पुलिस ने गोराबाजार में सेंटिंग मिस्त्री जितेन्द्र हत्या मामले में पेठियाबजार निवासी रोहित को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पुछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इससे पूर्व पुलिस ने इस मामले में विवेक राय को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा था। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि गोराबाजार में बाइक सवार सेंटिंग मिस्त्री जितेन्द्र की हुई हत्या मामले में पेठियाबाजार निवासी रोहित कुमार को गिरफ्तार किया। रोहित के पिता की हत्या में जितेन्द्र ने किया था। जिसमें जितेन्द्र जेल गया था। जिसको लेकर जितेन्द्र की हत्या की गयी। पुछताछ के बाद रोहित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अन्य की तलाश कि जा रही है।

# छात्राओं ने पेश किया डांस, तो उनकी मम्मियों ने किया रैंप वॉक

**पटना सिटी।** सावन का महीना में हर ओर हरियाली का समां बन हो जाता है। ऐसे में ही बजरंगपुरी के नहर रोड स्थित श्री कृष्णा निकेतन गर्ल्स स्कूल में सावन महोत्सव मनाया गया। इसका उद्घाटन दीप जला कर निदेशक अनिल कुमार के द्वारा किया गया। इसमें स्कूल की छात्राओं के साथ ही उनकी माताओं ने भी भाग लिया। छात्राओं ने सावन के गीतों पर अनेक नृत्य पेश किया। इसमें माही, तृषा, जायना, दिव्या, आराध्या, सृष्टि, सुप्रिया, अंशु, तृषा, नैंसी, शिवानी, बानया, आकृति, खुशी, गुनगुन, कृतिका आदि ने डांस की प्रस्तुति कर लोगों का मन मोहने का काम किया। वहीं दूसरी ओर छात्राओं की माताओं ने भी श्रावण के हरियाली पर पीछे नहीं रहीं। वे सभी हरे परिधान में हरी चूड़ियां पहन और सज-धज कर स्कूल पहुंची थीं। उन सबों ने भी रैंप वॉक कर छात्राओं की तालियां बटोरीं। निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव की पूजा करने का महीना है। भगवान शिव ने समुद्र मंथन में निकले विष को पिया था। इसी को ठंडा करने के लिए देवताओं ने उन पर जलाभिषेक करना शुरू कर दिया था। तभी से हर वर्ष सावन मास में बाबा भोलेनाथ को जल अर्पण करने की परंपरा चली आ रही है।

### बाइक सवार बदमाशों ने गले से सोने का चेन छीनकर हुआ फरार

दानापुर। नगर के अंतर्गत रूपसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रूकनपुरा मुख्य मार्ग पर स्थित शनिवार की सुबह बच्चे को स्कूल छोड़कर घर लौट रही एक महिला से बाइक सवार बदमाशों ने गले से सोने का चेन छीनकर फरार हो गये। इस संबंध में पीड़ित सौभाग्य शर्मा पथ के शांति इन्क्लेव अपार्टमेंट स्थित फ्लैट नंबर 305 इ में रहने वाले निशांत कुमार ने स्थानीय थाना में बदमाशों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराया गया है। थाने में दिये लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया गया है कि शनिवार की सुबह उनकी पत्नी रजनी कुमार रोज की तरह अपने बच्चे को स्कूल छोड़कर घर लौट रही थी। तभी सेन्ट्रल बैंक, रूकनपुरा मुख्य मार्ग पर पहुंचने पर पीछे से एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उसके गले से सोने का चेन झपटकर फरार हो गये। वे शोर मचाते हुए बदमाशों के पीछे भागी लेकिन बदमाश तेज रफ्तार से बाइक चलाते फरार हो गये।

# केजरीवाल सरकार और एमसीडी के स्कूलों में एक बार फिर उत्सव की तरह हुआ मेगा पीटीएम का आयोजन

- गजब का उत्साह दिखाते हुए पीटीएम शामिल हुए पेरेंट्स, बच्चों की पढ़ाई व उनकी प्रगति को लेकर टीचर्स से की बात, स्कूल की बेहतरी को लेकर सुझाव भी दिए

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



केजरीवाल सरकार व एमसीडी के सभी स्कूलों में शनिवार को उत्सव के रूप में मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। स्कूलों में आयोजित मेगा पीटीएम में पेरेंट्स जबरदस्त उत्साह के साथ शामिल हुए और बड़ी संख्या में पीटीएम में भाग लिया। एक तरफ दिल्ली सरकर के स्कूलों में पेरेंट्स का कॉन्फिडेंस और उनके चेहरे की खुशी ये साबित कर रही थी कि इन स्कूलों में उनके बच्चों के भविष्य की शानदार नींव डाली जा रही है और बच्चों को वर्ल्ड-क्लास एजुकेशन दी जा रही है। तो दूसरी तरह एमसीडी के स्कूलों में पेरेंट्स इस विश्वास के साथ आए थे कि अब दिल्ली सरकार के स्कूलों की तरह एमसीडी में भी उनके बच्चों के स्कूल शानदार बनेंगे और उन्हें बेहतरीन शिक्षा मिल सकेगी मेगा पीटीएम के मौके पर शिक्षामंत्री आतिशी ने गवर्नमेंट बॉयज सीनियर सेकेंड्री स्कूल, गढ़ी, कालकाजी व नगर निगम प्राथमिक को-एड विद्यालय, ईस्ट ऑफ कैलाश में आयोजित हो रहे पीटीएम में शामिल होकर पेरेंट्स व बच्चों के साथ बातचीत की इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने कहा की, आज दिल्ली सरकार और एमसीडी के सभी स्कूलों में मेगा पीटीएम एक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है और मुझे इस बात की खुशी है कि मेगा पीटीएम में पैरेंट्स बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे है शिक्षकों से बच्चो के लर्निंग, उनके प्रदर्शन को और बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेगा पीटीएम अभिभावकों और शिक्षकों को एक साथ लाता है और उन्हें बच्चों के भविष्य के लिए बेहतर रणनीति बनाने में मदद करता है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में हमने शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाई और इसका नतीजा है कि आज दिल्ली सरकार के सभी स्कूल शानदार बन गये है मुख्यमंत्री जी ने जैसी शिक्षा अपने बच्चों को दिलवाई, वो उससे ज्यादा अच्छी शिक्षा दिल्ली के बच्चों को देना चाहते है। इसलिए हमअपने स्कूलों को शानदार बनाते हुए हर तबके के बच्चों के लिए वर्ल्ड-क्लास एजुकेशन सुनिश्चित कर रहे है। हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि हर बच्चे को शानदार शिक्षा मिलनी चाहिए क्योंकि बच्चे केवल किसी परिवार का भविष्य मात्र नहीं होते बल्कि देश का भविष्य भी है

मेगा पीटीएम में पेरेंट्स की बढ़ती भागीदारी पर शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, पीटीएम में पेरेंट्स की भागीदारी दशार्ता है कि टीचर्स के साथ साथ पेरेंट्स भी अपने बच्चों के पढ़ाई व भविष्य को लेकर सजग हो रहे है उन्होंने कहा कि मेगा पीटीएम इसलिए जरुरी है क्योंकि बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी और उनके आगे बढ़ने की जिम्मेदारी किसी एक व्यक्ति की नहीं होती हमारे बच्चे तभी आगे बढ़ेंगे जब टीचर और पेरेंट्स मिलकर उनकी पढ़ाई पर ध्यान देंगे इस दिशा में मेगा पीटीएम पेरेंट्स और टीचर्स को साथ लाने का काम कर रहा है

शिक्षा मंत्री ने पेरेंट्स से अपील करते हुए कहा कि, जब आपका बच्चा पढाई कर रहा हो तो उसके सामने कुछ समय बैठे, उससे बाते करें, बच्चे को सहज महसूस करवाऐ उन्होंने कहा कि बहुत से बच्चे अपने माता पिता से ज्यादा खुलकर बातें नहीं कर पाते है तो मै उन सभी पेरेंट्स से एक बात कहना चाहती हूं कि आप अपने बच्चों के साथ कम से कम आधा घंटा का समय जरुर व्यतीत करे और उनके परेशानियों को समझने का कोशिश करे बातचीत के दौरान पेरेंट्स के अंदर अपने बच्चों को दिल्ली सरकार के स्कुल में पढ़ाने के प्रति आत्मविश्वास भी देखने को मिलो पेरेंट्स ने बताया कि पिछले कुछ सालों में न केवल स्कूल की बिल्डिंग शानदार हुई है, बच्चों को पढने के लिए बेहतर सुविधाएँ और वातावरण मिला है बल्कि अब स्कूल उनकी प्रतिभा को निखार उन्हें आगे बढ़ने के मौके भी दे रहा है अभिभावकों ने कहा कि उन्हें अपने बच्चों की शिक्षा को लेकर अब कोई चिंता नहीं है क्योंकि दिल्ली सरकार के स्कूल में उन्हें सबसे अच्छी शिक्षा मिल रही है। एमसीडी स्कूल में पैरेंट्स से चर्चा करते हुए शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, दिल्ली सरकार के स्कूलों ने मेगा पीटीएम के जरिए

# एमसीडी विभाग के मिलीभगत से बनाई जा रही भगवती गार्डन नवादा में अवैध इमारत

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



पश्चिमी दिल्ली के अंतर्गत एल 1/7, एच ब्लॉक, भगवती गार्डन, नवादा, उत्तम नगर में एमसीडी की मिलीभगत से 1200 गज की अवैध बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है जिसकी शिकायत कई बार स्थानीय निवासियों द्वारा निगम के सम्बन्धित अधिकारियों को की गई है उसके बावजूद अभी तक निगम द्वारा कोई भी संतोषजनक कार्यवाही नहीं की गई है। जानकारी अनुसार बिल्डिंग का अवैध निर्माण बिहार के राजनैतिक परिवार से ताल्लुक रखने वाले व्यक्ति द्वारा करवाया जा रहा है, अधिकारियों पर राजनैतिक दबाव होने के कारण निगम के उच्च अधिकारी भी अवैध निर्माण को रूकवाने में असमर्थ है तथा केवल खानापूर्ति कर तथा स्टॉप वर्क ऑर्डर देने के बाद भी अवैध निर्माण का कार्य धड़ल्ले से चल रहा है। शिकायतकर्ता राम उदय ने बताया की अवैध निर्माण की शिकायत एक जुलाई 24 को एमसीडी वेस्ट जोन राजौरी गार्डन में लिखित रूप से तथा एमसीडी 311 एप्लीकेशन के माध्यम से भी की है तथा निगम के अधिकारी द्वारा केवल उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है। उन्होंने बताया की बिल्डिंग का अवैध निर्माण के साथ में सरकारी स्कूल और मोहन गार्डन पुलिस स्टेशन भी है उसके बावजूद भी सुरक्षा के उचित प्रबंध नहीं है, किसी भी अप्रिय घटना होने से जानमाल का नुकसान भी हो सकता है, निर्माणकर्ता द्वारा इस अवैध बिल्डिंग में लगभग 100 फ्लैट्स बना रहे है जिसमे जमीन में बोर करके समरसेबल द्वारा पानी का उपयोग किया जा रहा है जोकि सुप्रीम कोर्ट द्वारा बेन है।

# मोदी जी ने 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में सर्वप्रथम बनाने का लक्ष्य रखा है, उसकी प्राप्ति युवा पीढ़ी को ड्रग्स के अभिशाप से दूर रखकर ही संभव है: शाह

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हाल ही में नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर यानि एनसीओआरडी की 7वीं शीर्षस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर अमित शाह ने याद दिलाया कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में सर्वप्रथम बनाने का लक्ष्य रखा है, उसकी प्राप्ति युवा पीढ़ी को ड्रग्स के अभिशाप से दूर रखकर ही संभव है।

हम सभी जानते हैं कि ड्रग्स का व्यापार और ड्रग्स का व्यसन भावी पीढ़ी को खोखला कर देती है। इसका आदी युवा अपने साथ-साथ अपने पूरे परिवार को भी घोर निराशा से ग्रसित कर देता है। आजादी के बाद दशकों तक देश पर राज करने वाली सरकारों ने ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई में कोई कदम नहीं उठाया। बल्कि देखा जाए तो कांग्रेस की सरकार में ड्रग्स का अवैध व्यापार लगातार फलता-फूलता रहा और परिणाम यह हुआ कि ड्रग्स का पूरा व्यापार नार्को टेरर के साथ जुड़ गया। आज ड्रग्स की कमाई से आने वाला पैसा देश की सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरा बन गया है। लेकिन, साल 2019 में लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही मोदी जी ने ड्रग्स के व्यापार को जड़ से खत्म करने के लिए इसकी कमान गृह मंत्री अमित शाह को सौंप दी। इसके साथ ही, एक नए सुबह का आगाज हुआ।

युवा पीढ़ी और खासकर देश की भावी पीढ़ी के लिए ड्रग्स को सबसे बड़ा दुश्मन मानने वाले शाह ने इसके पूरे इको सिस्टम को ध्वस्त करने के लिए सभी एजेंसियों और राज्य की पुलिसों को स्पष्ट निर्देश दिया है। ड्रग्स की सप्लाई के प्रति रुथलेस, डिमांड रिडक्शन के प्रति स्ट्रैटजिक और हार्म रिडक्शन के लिए ह्यूमन अप्रोच रखने वाले अमित शाह ने ड्रग्स के कारोबारियों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि भारत में एक भी ग्राम ड्रग्स न कहीं से आएगा और न ही भारत की सीमाओं को ड्रग्स के व्यापार के लिए इस्तेमाल होने दिया जाएगा।

नशा मुक्त भारत के निर्माण में जुटे अमित शाह ने स्पष्ट किया कि सरकार, एजेंसियों और देश की 130 करोड़ जनता मिलकर ही नशे के खिलाफ लड़ाई में जीत हासिल कर सकती है। इस बात पर भी जोर दिया गया कि जब तक देश का 35 वर्ष से कम उम्र का हर नागरिक इस लड़ाई को लड़ने और 35 वर्ष से अधिक आयु वाला हर नागरिक मार्गदर्शन का संकल्प नहीं करता तब तक नशे के खिलाफ लड़ाई को जीतना मुश्किल है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में पिछले पाँच साल में गृह मंत्रालय ने होल ऑफ गवर्नमेंट अप्रोच के साथ स्ट्रक्चरल रिफॉर्म्स, इंस्टीट्यूशनल और इंफॉर्मेशनल रिफॉर्म्स के तीन स्तंभों के आधार पर इस लड़ाई को लड़ने का अभूतपूर्व प्रयास किया है। मोदी सरकार में शाह की नीतियों के तहत एजेंसियाँ अब नीड टू नो के सूत्र पर नहीं बल्कि ड्यूटी टू शेयर के सूत्र पर जोर-शोर से काम कर रही हैं। नए भारत के निर्माता अमित शाह ने यदि ठान लिया है तो आने वाले वर्षों में नशा मुक्त भारत का निर्माण तय है।

इस मौके पर शाह ने राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन पोर्टल मानस की शुरूआत की। जिसके तहत एक टोल-फ्री नंबर 1933, एक वेब पोर्टल, एक मोबाइल ऐप और उमंग ऐप होगा ताकि देश के नागरिक, नशीली दवाओं की तस्करी पर जानकारी साझा करने या नशीली दवाओं के दुरुपयोग, नशामुक्ति और पुनर्वास जैसे मुद्दों से संबंधित सलाह लेने के लिए चौबीसों घंटे एनसीबी से जुड़ सकें।

# यमुना नदी व साहिबी नदी को जीवंत के बिना दिल्ली सुंदर कैसे बनेगी:पंचायत संघ

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली पंचायत संघ ने कहा कि दिल्ली देहात की साहिबी नदी के उद्धार के बिना यमुना का जीवंत होना संभव नहीं है। दिल्ली सरकार लगातार साहिबी की अंदेखी की कर रही है। साहिबी की सहायक छोटी नहरों को भी बर्बाद कर दिया गया है जो बारिश का पानी साहिबी तक पहुंचाती थी जिनके ना होने से जल भराव होता है। साहिबी नदी आज मृतप्राय हो गई है। अतिक्रमण और गंदगी का प्रायः बन चुकी है। इसको जीवंत व निर्मल करना और अतिक्रमण मुक्त करना बहुत जरूरी है। इसका उद्धार दिल्ली की शान बनेगा। यमुना नदी दिल्ली में आकर तड़प रही है। इसकी तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पिछले काफी समय से शासन प्रशासन इसमें डुबकी लगवाने के वायदे कर रहा है। लेकिन आज तक सफेद जहरीले झाग से मुक्त नहीं कर पाए हैं। निर्मल व स्वच्छ जल की बात तो बहुत दूर है। दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की दिल्ली देहात गांव ग्रामीणों किसानों की पूज्नीय यमुना पुनः स्वच्छ हो इसके लिए,साहिबी के उध्दार के लिए कार्यक्रम शुरू करेंगे। यमुना को बचाने के लिए काम कर रहे यमुना संसद को सहयोग करेगा।दिल्ली की इन दोनो नदियो को बचाने के लिए सभी पंचायतों,संगठनों को आगे आना होगा। संबंधित शासन प्रशासन अब इनके उध्दार के लिए जल्द से जल्द काम करें।वरना इनकी मुक्ति के लिए आंदोलन पर निर्णय पंचायत में लिया जाएगा।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक आयोजित, व्यापारी मुद्दों पर चर्चा

अमरोहा।उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की कोर कमेटी की एक काम काजी बैठक जिला संयोजक अर्पण गुप्ता के आवास पर आयोजित हुई। जिसमें व्यापारियों के एवं समाज के हित में आगे की कार्य योजनाओं पर चर्चा करके रणनीति बनाई गई। इस अवसर पर बोलते हुए जिला अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने कहा की नगर अध्यक्ष मनोज गोयल अपनी नगर टीम के साथ शहर में सदस्यता का काम आगे बढ़ायेंगे। शहर के किसी भी व्यापारी को किसी भी व्यापारी हित से जुड़ी समस्या का समाधान करने के लिए संगठन सदैव तत्पर रहेगा। जिले के हर व्यापारी की समस्या संगठन के माध्यम से उचित प्लेटफार्म पर उठाकर उसका निराकरण कराया जाएगा हम शहर के किसी भी व्यापारिक या सामाजिक मुद्दे पर बिना किसी दिखावे के शालीनता के साथ उचित माध्यम से जनता की आवाज बनकर उनको राहत पहुंचाने का कार्य करते रहेंगे।जिला संयोजक अर्पण गुप्ता ने कहा की उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल हमेशा व्यापारियों की आवाज बुलंद करेगा तथा उनके हितों की सुरक्षा करेगा एवं संकट के समय उनको त्वरित लाभ पहुंचाने का हर संभव प्रयास करेंगे। शहर के किसी भी व्यापारी को कोई भी समस्या होने पर संगठन के नगर अध्यक्ष मनोज गोयल नगर महामंत्री विवेक शर्मा अथवा जिला महामंत्री अमित अग्रवाल से संपर्क कर संगठन के माध्यम से त्वरित सहायता प्राप्त की जा सकेगी। जिले में लगभग हर तहसील में संगठन सक्रिय हो चुका है।जल्द ही जिले की एक बड़ी मीटिंग की जाएगी इस अवसर पर प्रदेश मंत्री मुकेश गोयल, जिला संरक्षक कुलदीप गोयल,जिला अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, जिला संयोजक अर्पण गुप्ता,जिला महामंत्री अमित अग्रवाल,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप गुप्ता, जिला संगठन मंत्री संदीप अग्रवाल,नगर अध्यक्ष हसनपुर मनोज गोयल,नगर महामंत्री विवेक शर्मा, युवा जिला अध्यक्ष शिखर अग्रवाल,जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष पौरुष अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष विशालदीप गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष मोहित अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष मनोज गोयल,जिला मंत्री रानू अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल नगर उपाध्यक्ष, राजा नगर अध्यक्ष लालबाग,शुभम अग्रवाल युवा जिला उपाध्यक्ष,इमरान नगर मंत्री आदि उपस्थित रहे।

# ठगी के मामले में आरोपित गिरफ्तार



नई दिल्ली । दक्षिण पश्चिमी जिले के घिटोरनी में एक छात्र से 15 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। वारदात करने वाला जालसाज भी एक छात्र ही था जोकि जेईई की तैयारी कर रहा था। इसने पीड़ित को क्रिप्टो करेंसी में निवेश से ज्यादा मुनाफे का झांसा देकर ऑनलाइन ठगी की वारदात को अंजाम दे डाला। फिलहाल पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस ने इसे उत्तराखंड के काठगोदाम से गिरफ्तार कर लिया है।

इसके पास से पुलिस को एक मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड व पासबुक बरामद हुआ है। पुलिस पकड़े गये आरोपी से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि 23 जुलाई को घिटोरनी निवासी ऋतिक सिंह ने पुलिस को 15 लाख रुपए की ठगी की शिकायत दी थी। शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। जांच में पता चला कि ऋतिक एक छात्र है और इसके पिता सुरक्षा गार्ड का काम करते हैं। इसने अपनी आगे की पढ़ाई को जारी रखने व अपने परिवार की मदद करने के लिए अपने मेहनत से कमाए रुपये निवेश किए थे।

आरोपित के बैंक खातों की जानकारी निकालने पर खाता उत्तराखंड के काठगोदाम निवासी 18 वर्षीय प्रियांशु रावत के नाम से दर्ज मिला। लेकिन उसका मोबाइल नंबर बंद आ रहा था।

इसके बाद पुलिस की एक टीम ने उसके घर पर छापा मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि 12वीं के बाद वह इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश की तैयारी कर रहा था लेकिन जब घर से उसे रुपये मिलना बंद हो गया तो इसने इंस्टाग्राम के माध्यम से पीड़ित से संपर्क कर ठगी कर ली। इसके बाद ठगी के रुपये यूं ही खर्च कर डाले। पुलिस इससे पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

# नौवीं पुण्यतिथि पर पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न एपीजे अब्दुल कलाम साहब को कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित किए

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले दिल्ली के पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से लोकसभा सांसद प्रत्याशी रहे दिल्ली मूल ग्रामीण पंचायत के उपाध्यक्ष प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी शिक्षाविद् डॉ. दयानंद वत्स भारतीय ने आज मुख्यालय बरवाला में पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न एपीजे अब्दुल कलाम साहब को उनकी नौवीं पुण्यतिथि पर उनको को कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि कलाम साहब का व्यक्तित्व एवं कृतित्व युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। भारत को परमाणु शक्ति संपन्न देश बनाने में मिसाईल मैन कहे जाने वाले कलाम साहब का योगदान भारतीय इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित हो गया है। शिक्षा के प्रति कलाम साहब का नजरिया साफ था। उनका कहना था कि ह्यशिक्षा ग्रहण करने वाले ही लोग ही अपना, समाज का ओर राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। शिक्षा अभावग्रस्त लोगों के जीवन में समृद्धि के द्वार खोल देती है। वत्स ने कहा कि कलाम साहब का बचपन गरीबी में जरूर बीता लेकिन उन्होंने हर मुश्किल का सामना किया ओर अपनी मेहनत और लगन से राष्ट्रपति के सर्वोच्च पद तक पहुंचे। इसलिए भारत के युवाओं को कलाम साहब के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

# सीआरपीएफ का 86 वां स्थापना दिवस मनाया

नई दिल्ली। 194 बटालियन द्रूत कार्य बल द्वारा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का 86 वां स्थापना दिवस कैंप परिसर बवाना में मनाया गया। इस अवसर पर किशोर कुमार कमांडेट 194 बटालियन ने वाहिनी क्वार्टर गार्ड पर विशेष गार्ड से सलामी ली एवं देश के अमर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने वृक्षारोपण किया व 194 वाहिनी में खेल-कूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कमांडेट ने इस अवसर पर उपस्थित जवानों को संबोधित करते हुए बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने निष्ठा, अदम्य साहस और उत्कृष्ट सेवा व लगन पूर्वक कार्य से अपनी विश्वव्यापी पहचान स्थापित की है तथा विभिन्न चुनौतियों में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने सराहनीय कार्य किए हैं। सुरक्षा संबंधी चुनौतियां हो या फिर मानवीय चुनौतियां, सीआरपीएफ की भूमिका हमेशा सराहनीय रही है। सीआरपीएफ ने, न सिर्फ देश की सुरक्षा को अक्षुण्ण बनाए रखने में अद्वितीय योगदान दिया है बल्कि वीरता का एक गौरवशाली इतिहास भी बनाया है, जिस पर हर भारतीय को गर्व है। इस अवसर पर वाहिनी के विनोद रावत (द्वितीय कमान अधिकारी),कुलदीप सिंह (द्वितीय कमान अधिकारी), ×एम आर अंसारी (उप कमांडेंट),निखलेश (उप कमांडेंट), बद्री लाल जाट (उप कमांडेंट), अधिनस्थ अधिकारी व सभी जवान उपस्थित रहे।

# लूटपाट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



नई दिल्ली। कापसहेड़ा पुलिस ने लूट के एक मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान गुरुग्राम के न्यू पालम विहार निवासी करन व मुरादाबाद (उ.प्र) निवासी आकाश के रूप में हुई है। इनके पास से लूट की वारदात में इस्तेमाल तमंचा व स्कूटी के अलावा दो कारतूस बरामद किया गया है।

दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि 20 जुलाई को कापसहेड़ा थाने में लूट की पीसीआर कॉल मिली। कॉल पर मिली सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस को शिकायतकर्ता राजस्थान के अलवर निवासी बबली चौधरी मिले। वे टैक्सीचालक हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह सुबह 8.30 बजे धौला कुआं पेट्रोल पंप के पास गुरुग्राम जाने वाली सवारियों का इंतजार कर रहे थे कि तभी तीन लोग आकर उनकी टैक्सी में बिजवासन जाने के लिए सवार हुए। जाते हुए टैक्सीचालक ने देखा कि पीछे एक स्कूटी सवार उनका पीछा कर रहा है। पीड़ित ने तीनों को बिजवासन पहुंचाया तो उतरते ही तीनों लड़कों ने पीड़ित से लड़ना शुरू कर दिया।

यह देखते ही स्कूटी चालक पिस्टल लेकर वहां आ गया और पीड़ित से उनकी सारी कमाई व अन्य सामान उन्हें सौंपने के लिए कहने लगा। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित का मोबाइल फोन व टैक्सी लूट ली और पीड़ित किसी तरह जान बचाकर वहां से बचकर भागे और वहां से गुजर रहे एक टैक्सी चालक की मदद से आरोपियों का पीछा करने लगे। थोड़ी दूर जाकर ढेर सारे पशुओं के आने की वजह से आरोपितों को टैक्सी रोकना पड़ा और फिर वे टैक्सी वहीं छोड़कर भाग गए। पुलिस ने केस दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और आरोपितों की पहचान कर तकनीकी टीम की मदद से उनके ठिकाने के बारे में पता लगाया। साथ ही स्कूटी की पंजीकरण संख्या की मदद से स्कूटी मालिक की पहचान न्यू पालम विहार निवासी करन के रूप में हुई और पुलिस ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद करन की निशानदेही पर आकाश को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

# श्री वैंकटेश्वरा के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, हवन यज्ञ एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

## वैंकटेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि का जन्मदिन केक काटकर किया सेलीब्रेट

- देश का अग्रणी शिक्षण संस्थान बना श्री वैंकटेश्वरा- डा. राजीव त्यागी

प्रातः किरण संवाददाता




अमरोहा। उत्तर भारत के अग्रणी शैक्षणिक समूह वैंकटेश्वरा का 26 वां स्थापना दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमे संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि ने स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर वृहद रक्तदान शिविर एवं वृक्षारोपण हवन एवं यज्ञ द्वारा सभी देशवासियों के लिए सुख शांति एवं आरोग्य की कामना की।इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि ने कहा कि ढाई दशक पहले भगवान वैंकटेश्वरा के नाम पर स्थापित शिक्षा का यह नन्हा पौधा आज आम जनमानस,छात्र-छात्राओं, अभिभावकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए ना सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि उत्तर भारत में उच्च तकनीकी एवं चिकित्सा शिक्षा का एक ह्लवट वृक्षह्व बन गया है। हम अपने यहाँ अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं को नवाचार, शोध अनुसंधान एवं संस्कारयुक्त उत्कृष्ट शिक्षा के बल पर एक शानदार सुरक्षित कैरियर देने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

-वैंकटेश्वरा समूह के 26 वें स्थापना दिवस पर आयोजित ह्लवृहद रक्तदानह्व शिविर, वृक्षारोपण यज्ञ हवन भण्डारा एवं सांस्कृतिक उत्सव का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, सीईओ अजय श्रीवास्तव, कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. आई.बी.राजू आदि ने रक्तदान शिविर का फीता काटकर एवं सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया। अपने सम्बोधन में समूह चेयरमैन/ संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि ने कहा कि मै हमेशा उन अभिभावकों का ऋणी रहूँगा जिन्होंने मेरे उपर विश्वास जताते हुए अपने बच्चों को वैंकटेश्वरा में शिक्षा ग्रहण करने का निर्णय लिया है। हम अपने यहा अध्ययनरत सभी स्टूडेंट्स एवं अभिभावकों को आश्वस्त करते है कि संसाधनों एवं तकनीक के बेहतर सदुपयोग से अपने छात्र-छात्राओं को एक प्रभावी मंच देने का काम करेंगे, ताकि वो राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार तरीके से वैंकटेश्वरा एवं अपने देश का प्रतिनिधित्व कर सके। इस अवसर पर प्रधान सलाहकार प्रो.वी.पी. एस. अरोड़ा, कुलपति प्रो.कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव डा. पीयूष पांडेय, डा. राजेश सिंह, डा. राजवर्धन, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. विश्वनाथन झा, डा. दिव्या गिरधर, डा. नीतू पंवार, डा.दिनेश गौतम, डा. संजीव भट्ट, डा. अमित सक्सेना, डा. तेजपाल सिंह, डा.आशुतोष सिंह, एना एरिक ब्राउन, डा. अश्विन कुमार सक्सेना, डा. सर्वानन्द साहू, डा. मोहित शर्मा, डा. स्नेहलता, मारुफ चौधरी, एस. एस. बघेल, अरुण गोस्वामी, डा. मोहित कुमार, आनंद नागर, प्रशांत दहिया, श्री राम गुप्ता, सुदीप घोष एवं मेरठ परिसर से डा. प्रताप सिंह और मीडिया प्रभारी विश्वास राणा उपस्थित रहे।

# मां ने नौ दिन की बेटी की गला रेतकर हत्या की

प्रातः किरण संवाददाता



मुंडका इलाके में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बाबा हरिदास कॉलोनी में एक मां ने 25 जुलाई की दोपहर नौ दिन की बेटी की गला रेतकर हत्या कर दी। घर पहुंचे पति ने जब बच्ची को देखा तो थाने पहुंचकर पुलिस को शिकायत दी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर चाकू बरामद कर लिया। पुलिस की पूछताछ में महिला ने खुलासा किया कि वह बेटी नहीं चाहती थी, इसलिए उसकी हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, गोविंदा ने मुंडका थाने में पहुंचकर बताया कि घर में पत्नी ने नौ दिन की बच्ची की हत्या कर दी है। इसके बाद निरीक्षक देवेंद्र के नेतृत्व में पुलिस घर पहुंची तो दूसरी मंजिल के कमरे में बच्ची लहूलुहान पड़ी थी, उसके गर्दन को चाकू से रेत दिया गया था। पास ही चाकू भी पड़ा था। आरोपी मां को पुलिस दूसरे कमरे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके पर क्राइम और फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य हासिल किए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस ने हत्या कर मामला दर्ज कर लिया।

खुलासे से परिवार और पड़ोसी सन्न बेटी पैदा होने से ही महिला परेशान थी, लेकिन परिवार के लोग इससे बेखबर थे। परिवार और पड़ोस के लोगों को यकीन ही नहीं हो रहा है कि महिला इस तरह का कदम उठा सकती है। परिवार वालों का कहना है कि महिला को पूरी तरह से बेटा पैदा होने की उम्मीद थी, लेकिन बेटी हो गई।

पति के आने से डेढ़ घंटे पहले ही कर दी थी हत्या

पूछताछ में पता चला है कि महिला ने बच्ची की हत्या सुबह 11:30 बजे कर दी थी। वह डेढ़ साल के बेटे मनीष के सामने हत्या नहीं करना चाहती थी, इसलिए दूसरे कमरे में ले जाकर सब्जी काटने वाले चाकू से बच्ची को मार दिया। सूत्रों का कहना है कि महिला को हत्या करने का अफसोस नहीं है। पूछताछ में पता चला कि महिला काम के बोझ और दो बच्चे पालने को लेकर तनाव में थी। पुलिस महिला की मेडिकल जांच करवाएगी।

पति, सास और देवर फैक्टरी में करते हैं काम

महिला के पति गोविंदा ने बताया कि वह बिहार के रहने वाले हैं। साल 2019 में मां मालती और भाई अश्वनी के साथ दिल्ली आया था। तीनों बहादुरगढ़ स्थित जूते की फैक्टरी में मजदूरी करते हैं। ढ़ाई साल पहले शादी हुई थी। सुबह तीनों मां बेटे फैक्टरी चले गए। एक बजे वापस घर आने पर बच्ची को लहूलुहान देखा। पूछताछ करने पर पत्नी ने बेटी की हत्या करने की बात कही।

महिला को मनोरोग की आशंका

बच्ची की हत्या करने के मामले को डॉक्टरों ने मनोरोग माना है। डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में मनोरोग विभाग के प्रोफेसर डॉ. लोकेश शेखावत का कहना है कि महिला को पोस्ट पाटम साइकोसिस होने की आशंका है। इस रोग में महिला बच्चे को अपना नहीं मानती। एक हजार में पांच लोगों में यह रोग होने की आशंका रहती है। इन मामलों में देखा गया है कि चार फीसदी महिलाएं बच्चे को मार देती हैं। वहीं, पांच फीसदी महिलाएं खुद को भी मार सकती हैं। इस रोग में महिला के मूड में बदलाव होता है। वह अजीब से बात करती है। बच्चे को अपना नहीं मानती।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग, लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं:–

| निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| GEM/2024/B/5204190 | Battery operated Mobile Lifting Platforms (Scissor Lift) as per attached annexure. | 02 Nos. | 16.08.2024 |

निविदा शर्तें : 1. विस्तृत जानकारी GEM वेबसाइट यानि https://gem.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

सं.: GEM/2024/B/5204190 दिनांक: 25.07.2024 2278/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त खबरें

### निःशुक चिकित्सा शिविर का आयोजन

मधुबनी।हरलाखी स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के प्रखंड के सोना फाउंडेशन ट्रस्ट व कसेरा टोल में संचालित प्रिया एवर हेल्थ क्लिनिक के सौजन्य से बेता परसा पंचायत में निःशुल्क परामर्स व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।जहां उक्त शिविर में करीब दो सौ जरूरतमंदों को जांच के बाद निःशुल्क परामर्स व दवाइयां दी गयी।इस अवसर पर डॉक्टर बीके यादव ने कहा कि इस तरह के सामाजिक उत्थान कार्यक्रम करने में ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिलता है।कहा कि ऐसे लोग जो अपना ईलाज पैसे के बिना सही से नहीं करा पाते है, वैसे जरूरतमंदों को हमारे क्लिनिक में महज दवा का पैसा लेकर ही बेहतर उपचार कर दिया जाता है। शिविर में डॉ मो. अमीर हमजा, एजाज अहमद समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### जप्त शराब चोरी करने वाले चौकीदार, गृहरक्षक व संविदा चालक गिरफ्तार

हाजीपुर।थाना परिसर से जब्त शराब की बोतल चोरी करने के आरोप में भगवानपुर थाना के तीन चौकीदार और संविदा पर बहाल थाना गाड़ी के एक चालक गिरफ्तार किया गया। थाना में लगे सीसीटीवी में कैद हुआ शराब चोरी की वारदात। भगवानपुर थानान्तर्गत ग्राम सथिऔता से 322.36 लीटर विदेशी शराब जप्ती के आलोक में दर्ज भगवानपुर थाना कांड सं0-143/24 में थानाध्यक्ष भगवानपुर को गुप्त रूप से यह सूचना प्राप्त हुई कि उक्त कांड मे जप्त शराब 322.36 लीटर से अधिक था जिसे भगवानपुर थाना के चौकीदार एवं गृहरक्षक के द्वारा मालखाना में शराब रखने के पूर्व कुछ शराब की बोतल को चोरी कर लिया गया है। इस संम्बध में उउळश फुटेज के अवलोकन से यह ज्ञात हुआ कि शराब को मालखाना में रखने से पूर्व भगवानपुर थाना के चौकीदार राजेश कुमार महतो, चौ0 जालंधर पासवान, चौ0 रूपेश पासवान, गृहरक्षक सचिन कुमार एंव थाना के संविदा वाहन चालक पप्पू कुमार के द्वारा लगभग 02 से 03 कार्टून शराब की बोतल को कूड़े-कचरे मे छुपाकर चोरी कर लिया गया है।

### सोनपुर मंडल द्वारा चलाया गया मेगा टिकट जांच अभियान

हाजीपुर।बिना टिकट यात्रा एवं बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्रियों को हतोत्साहित करने के लिए सोनपुर मंडल द्वारा अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत लगातार सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे यात्रियों के कारण एक ओर जहां टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है वहीं दूसरी ओर रेल राजस्व की भी हानि होती है।इसी क्रम में सोनपुर मंडल द्वारा टिकट चेकिंग स्टाफ की अलग- अलग समूह बनाकर विभिन्न रेल खंडों में दिनांक 26/7/24 को सुबह 8 बजे से रात्रि 20 बजे तक मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया और मंडल से होकर गुजरने वाली सभी ट्रेनों में औचक जांच कराई गई। इसके अतिरिक्त सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, बरौनी, खगड़िया, मानसी, नवगछिया आदि रेलवे स्टेशनों से गुजरने वाली सभी यात्री रेलगाड़ियों के एसी कोच, विकलांग, महिला कोच तथा पैंट्री कार की भी जांच की गई।साथ ही एटीवीएम एवं यूटीएस मोबाइल एप के द्वारा टिकट खरीदने हेतु यात्रियों को जागरूक भी किया गया।

### कार्य में लापरवाह अभियंता होंगे दंडितः डीएम

हाजीपुर। जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में समाहरणालय में तकनीकी विभाग केपदाधिकारीयों की समीक्षा बैठक हुई। समीक्षा बैठक में जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा ने कहा कि जो कार्य में लापरवाह रहेगें , वे दंड के भागी होंगे।सभी लंबित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करें ।जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया की सभी योजनाओं को नियमानुसार प्राक्कलन के विशिष्टियों के अनुरूप अविलंब पूर्ण करें। साथ ही जिन योजनाओं में भूमि संबंधित समस्या है, उसका निराकरण संबंधित अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर निदान करते हुए योजना पूर्ण करें।

### प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के उद्घाटन के 9 माह बीत जाने के बाद भी ताला नही खुला

लालगंज।मानव जीवन में प्लास्टिक ने गहरी पैठ बना ली है। कोई दो राय नहीं कि इससे जीवन भी सरल हुआ है।मगर अब प्लास्टिक से मिट्टी को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए सरकार के साथ कई संस्थाएं आगे आ रही हैं।इसी कड़ी में लालगंज प्रखंड कार्यालय परिसर में किसान भवन के सामने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई की स्थापना की गई।जिसके निर्माण में दस लाख रुपए से अधिक की राशि बहा दी गई। सारा सिस्टम सेटअप तैयार भी हो गया। जिलाधिकारी के द्वारा इसका विधि विधान से उद्घाटन भी कर दिया गया। बावजूद अब 9 महीने बीत गए मगर इसे चालू तक नहीं किया गया। ये कब खुलता है बंद होता है किसी को कुछ पता नहीं होता। स्थानीय स्तर के अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी इसको लेकर काफी उदासीन प्रतीति होते हैं शायद यही वजह है कि यहां अभी तक ताला लटका हुआ है।

# अपराधियों ने हथियार से लैस होकर शिक्षिका के घर किया लूटपाट

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी। एक जमाना था कि मधुबनी जिला शांत हुआ माधुरी के नाम से जाना जाता था। लेकिन मधुबनी जिला भी असात हो चुका है। साहरघाट थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अपराध से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा होने लगे हैं। जहां हथियार से लैस अपराधियों ने शुक्रवार की रात करीब दो बजे पहिपुरा गांव के दिनेश पंजियार के घर में घुसकर अपराधियों ने तकरीबन दस लाख की संपत्ति की लूट की घटना को अंजाम दिया है। और साहरघाट पुलिस को खुली चुनौती दी है। बताया जा रहा है शिक्षिका प्रभा कुमारी ट्रेनिंग में गई हुई है।

घर में उनका सास, ससुर और छोटे-छोटे बच्चे थे। इस दौरान अपराधियों ने घर में घुसकर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। घर में छोटे-छोटे बच्चे मौजूद थे। अपराधियों ने पहले छोटे-छोटे बच्चों को हथियार और छूरा दिखाया, फिर गोदरेज का चाबी लिया, इसके बाद नशा सुंघाकर बेहोश कर दिया। फिर अपराधियों ने लूटपाट की घटना को आराम से अंजाम दिया। लूटपाट की घटना में झुमका, हार, अंगूठी, सहित 35000 हजार नगद लूट कर चलते बने। स्थानीय लोगों की माने तो अपराधी तकरीबन आधा घंटा तक तांडव मचाया। वहीं सूचना के बावजूद पुलिस लेट से पहुंची। वहीं पहिपुरा पंचायत के पूर्व मुखिया देवेंद्र यादव ने प्रशासन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि साहरघाट थाना क्षेत्र में लगातार अपराधीक घटना हो रहा है। यहां का स्थिति यह है जो अपराधी लोग भय मुक्त होकर सहारघाट थाना क्षेत्र में अपराध करते हैं। प्रशासन का कोई दविश नहीं है। प्रशासन बिल्कुल अपराध को रोकने में निष्क्रिय है। घटना के बाद से लोगों में दशहत का माहौल है। जब तक प्रशासन एक्टिव मूड में नहीं आएगा, हमेशा हत्या, लूट, डकैती की घटना होगा।

जानकारी हो कि साहरघाट थाना क्षेत्र में कुछ ही महीनों में चोरी और लूट की कई वारदात हो चुकी है। व हत्या की। एक ही रात में साहरघाट थाने के बैंगरा गांव में तीन घरों में लाखों की चोरी की घटना हुई, लेकिन पुलिस की हाथ अब तक खाली है। जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा होना लाजमी है। जानकारी हो किस साहरघाट थाना क्षेत्र में लगातार शराब की तस्करी हो रही है, जिस पर लगाम लगाना साहरघाट पुलिस को खुली चुनौती है। और अपराधियों को रोकने में पुलिस विफल साबित हो रही है। वहीं पहिपुरा गांव में घटना के सूचना के बाद थोड़ी देर बाद सहारघाट थानाध्यक्ष अरविंद कुमार घट-नास्थल पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की।

# आर एन कालेज में कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि देनेके लिए पुष्पांजलि समारोह का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



हाजीपुर।कारगिल विजय दिवस- 2024 के अवसर पर, राज नारायण कॉलेज, हाजीपुर के परिसर में एनसीसी कैडेट्स द्वारा कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक प्रभावशाली पुष्पांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में 32 बिहार बीएन एनसीसी, मुजफ्फरपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल के. के. मिश्रा, कारगिल युद्ध के नायक सुबेदार मेजर रंजीत सिंह, नायब सुबेदार रंजीत सिंह, हवलदार सूर्य बहादुर अधिकारी और हवलदार सुरेश सिंह उपस्थित थे।

इतिहास के सहायक प्रोफेसर सीटीओ डॉ पवन कुमार ने एसयूओ पीयूष कुमार और यूओ आशीष कुमार और यूओ प्रभात कुमार के सहयोग से समारोह का संचालन किया, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रवि कुमार सिन्हा ने की। कार्यक्रम में कॉलेज के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने भी भाग लेकर भारतीय सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की. प्राचार्य डॉ. रवि कुमार सिन्हा ने कारगिल नायकों को श्रद्धांजलि देने के लिए अपनी कॉलेज टीम का नेतृत्व किया और कारगिल शहीदों द्वारा किए गए सर्वोच्च बलिदान को याद किया । श्रद्धांजलि के पश्चात, महाविद्यालय सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में, कारगिल युद्ध में भाग लेने वाले सूबेदार मेजर रणजीत सिंह ने कहा कि देश के लिए अपनी जान कुर्बान करना हर सैनिक का सपना होता है। कारगिल में माइनस 50 डिग्री तापमान वाली इतनी ऊंचाई पर न तो कभी कोई युद्ध लड़ा गया है और न ही भविष्य में कभी लड़ा जाएगा, युद्ध लड़ने की तो बात ही दूर है, लेकिन ऐसी स्थिति में जीवित रहना ही मुश्किल होता है। फिर भी जवानों ने बहादुरी से इस युद्ध को जीता, जो नवयुवकों के लिए हमेशा प्रेरित करेगा।32 बीएन एनसीसी, मुजफ्फरपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल के. के. मिश्रा ने कहा कि कारगिल युद्ध को व्यापक रूप से कवर किया गया था और लोगों ने इसे टीवी पर भी व्यापक रूप से देखा था। यह युद्ध राष्ट्र की रक्षा के लिए भारतीय सेना के दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता को दशार्ता है। अपने स्वागत भाषण में प्राचार्य डॉ. रवि कुमार सिन्हा ने कहा कि कॉलेज में कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन युवा छात्रों को प्रेरित करने और उनमें सच्ची देशभक्ति की भावना विकसित करने के लिए है। एनसीसी कैडेट्स द्वारा पुलवामा आतंकवादी हमले और सर्जिकल स्ट्राइक की घटनाओं पर आधारित एक भावनात्मक नाटक द्वारा शहीदों के उल्लेखनीय बलिदान और सेना के जोखिम भरे जीवन और पारिवारिक सुख-सुविधाओं की कीमत पर राष्ट्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्या गया। अंत में, कॉलेज के प्राचार्य और कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मिश्रा द्वारा कैडेट्स को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेमेंटोज से सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन सीटीओ डॉ पवन कुमार ने किया, तथा राष्ट्रगान के साथ समारोह की समाप्ति हुई।

# जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र के पदाधिकारियों ने किया जिले के युवाओं का मार्गदर्शन

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी। समाहरणालय स्थित जिला जनसंपर्क कार्यालय से जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र के प्रबंधक अखिलेश कुमार भारती व कुशल युवा प्रोग्राम योजना की सहायक प्रबंधक स्मृति ने जिला प्रशासन के फेसबुक पेज से लाइव होकर जिले के युवाओं का मार्गदर्शन किया। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम से संबंधित जिले के युवाओं के सवालों के जवाब विभाग के पदाधिकारियों ने दिए। विभाग के प्रबंधक अखिलेश कुमार भारती के बताया कि स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत शिक्षा ऋण अधिकतम चार लाख रुपए तक स्वीकृत की जाएगी। इस ऋण राशि पर अधिस्थगन अवधि जो कि पाठ्यक्रम समाप्ति से एक वर्ष तक अथवा आवेदक के नियोजित होने के अधिकतम 6 माह (जो सबसे पहले हो) तक ब्याज की राशि देय नहीं होगी। इस ऋण राशि पर सरल ब्याज की दर 4 प्रतिशत होगी। इसके अंतर्गत महिला, दिव्यांग एवं ट्रांसजेन्डर आवेदकों को मात्र 1 प्रतिशत सरल ब्याज की दर से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। आगे उन्होंने बताया कि बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत अब तक जिले के 11,689 लाभार्थियों को आर्थिक ऋण मुहैया करवाया जा चुका है।कुशल युवा प्रोग्राम की सहायक प्रबंधक स्मृति ने बताया कि कुशल युवा प्रोग्राम के तहत युवाओं को कंप्यूटर का बेसिक, इंग्लिश स्पोकन, हिंदी भाषा, संचार कला इत्यादि सीखाया जाता है। उक्त विमर्श लाइव का संचालन जिला जनसंपर्क पदाधिकारी परिमल कुमार ने किया। मौके पर प्रशिक्षु जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अमन कुमार आकाश समेत विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# स्ट्रीट लाइट लगने के कुछ दिनों बाद हो रही खराब ,गुणवत्ता पर सवाल

प्रात: किरण संवाददाता

सहदेई बुजुर्ग - सहदेई बुजुर्ग प्रखंड के चकफैज पंचायत के गांवों बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग की ओर से स्वच्छ गांव - समृद्ध गांव निश्चय के अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत लगाया गया स्ट्रीट लाइट लगने के कुछ दिनों बाद ही खराब होने से स्ट्रीट लाइट की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगा है।

खराब लाइट को लेकर शिकायत के बाद भी लाइट नही बदले जाने को लेकर मुखिया एवं उप मुखिया ने प्रखण्ड के बीपीआरओ से शिकायत किया है।बताया गया कि चकफैज पंचायत में ब्रेडा की ओर से 42 लाख 09 हजार 674 रुपये की लागत से 140 सोलर लाइट लगाया गया था।पंचायत के उप मुखिया ठाकुर विकास सिंह ने बताया कि लाइट लगने के दस दिनों में ही छह से सात लाइट खराब हो गया।कहा कि पंचायत के वार्ड सदस्य दिनेश पासवान ने जब इसका शिकायत कम्पनी के वर्कर नितेश कुमार से किया तो उन्होंने कहा कि दो दिनों कि आकर ठीक कर देंगे।दो तीन दिन बीत जाने के बाद नहीं आने पर जब उनसे दोबारा संपर्क किया जाता है तो बदतमीजी करते हुए अपशब्द कहे इस घटना के बाद सभी वार्ड सदस्यों और पंचायत के मुखिया एवं उप मुखिया ने इसकी कड़ी निंदा करते हुये इसकी शिकायत बीपीआरओ से करते हुए कार्रवाई करने की मांग किया है।

# मैनापट्टी गांव स्थित डीलर के दुकान पर आयुषमान भारत कार्ड बनाते पात्रलाभाथी

मधुबनी। खजौली महेशवारा पंचायत के मैनापट्टी गांव स्थित जन-वितरण प्रणाली के दुकान पर पोषक क्षेत्र वार्ड संख्या 1,2,3,4,5,8,9,10,11 के पात्र लाभार्थी को निः शुल्क आयुषमान भारत कार्ड बनाया जा रहा है.जन-वितरण प्रणाली विक्रेता रिंकी कुमारी ने बताया कि पोषक क्षेत्र में अंत्योदय योजना राशन कार्ड की कुल संख्या 249 एव खाद्य सुरक्षा राशन कार्ड की संख्या 1012 दोनों मिलकर 1261 राशन कार्ड पात्र लाभार्थी में से अभी तक मात्र 700 लाभार्थी ही आयुषमान भारत कार्ड बनाया गया है. शेष बचे पात्र लाभार्थी 561 पात्र लाभार्थी को घर घर जाकर आयुषमान भारत कार्ड बनाने को ले प्रेरित करने पर भी जन-वितरण प्रणाली के दुकान पर नही पहुँच रहा है.वही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अजय राज ने बताया कि सरकार द्वारा जारी निदेर्शानुसार अंत्योदय योजना एव खाद्य सुरक्षा राशन कार्ड में सभी सदस्य को आयुषमान भारत कार्ड बनाना अनिवार्य है. लेकिन प्रखंड स्तर से पंचायत स्तर पर बैठक कर राशन कार्डधारी को जागरूक करने पर भी कार्ड बनाने को लेकर अपने अपने पोषक क्षेत्र के डीलर की दुकान पर नही पहुँच रहे है.उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी राशन कार्डधारी को प्रधानमंत्री आयुषमान भारत कार्ड बनाकर 5 लाख रुपये तक का कोई भी गंम्भीर बीमारी भारत के किसी भी प्राइवेट नरसिंह होम या अस्पताल में निः शुल्क इलाज किया जाएगा.इस मौके पर डाटा ऑपरेटर संजीव कुमार सिंह,भीएलई राजीव कुमार सिंह, सहायक गणेश कुमार यादव, जवाहर ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# महिला की संदिग्ध स्थिति में मौत

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट थाना क्षेत्र के गौसनगर गांव में एक महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। शनिवार की सुबह घर में विस्तर पर पड़े उसका शव बरामद किया गया है। मृतका की पहचान उसी गांव के जितेंद्र राय की 47 वर्षीया पत्नि ललिता देवी बताया गया है। घटना के बाद से घर के अन्य लोग फरार हो गए। ग्रामीणों ने बताया की सुबह में उसके घर में सन्नाटा देख एक पड़ोस की महिला उसके घर में गई। जहां बरामदे पर रखे चौकी पर ललिता देवी का शव पड़ा हुआ था। इसके बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। वहीं सूचना पर पहुंची गायघाट थाने की पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु एसकेएमसीएच भेज दिया है। एसआई शाहीन खान ने बताया कि शव के गले में गहरे काले रंग का दाग का निशान पाया गया है।

# सदर अस्पताल परिसर में भगवद् भंडारा का वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता



हाजीपुर।हाजीपुर सदर अस्पताल परिसर में प्रत्येक शनिवार को चलाये जा रहे "भगवद् भंडारा"का वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित किया गया।इस अवसर पर उपस्थित सैकड़ों मरीजों और उनके परिजनों के बीच महाप्रसाद के रूप में खिचड़ी परोसा गया। पीड़ित मानवता की सेवा और सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के उद्देश्य पिछले वर्षो से यह आयोजन प्रत्येक शनिवार को हाजीपुर सदर अस्पताल परिसर में आयोजित किया जाता है। अध्यात्मिक संस्था श्रीमद् भगवद्गीता फाऊंडेशन हाजीपुर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में नगर के कई विभिन्न हिस्सों के लोग इसमें अपनी सेवाएं देतें हैं। संस्था द्वारा अस्पताल परिसर में प्याऊ भी लगाया गया है।आज के कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम की अध्यक्षा सोनल जैन, चिंतन जैन, रमाकांत गुप्ता, तारकेश्वर प्रसाद, संगीता गुप्ता, सुलेखा कुमारी,युनिसेफ की मधुमिता सिंह,बेबी कुमारी,संजय सिंह, इत्यादि उपस्थित थें। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता निशांत गांधी ने किया।

# बैंकॉक मे उप प्रधानमंत्री के हाथों सम्मानित होंगे वैशाली जिले के डॉ. राजू खान



हाजीपुर। दिल्ली पब्लिक स्कूल, सराय के निदेशक और प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन (वैशाली) के अध्यक्ष डॉ0 राजू खान का चुनाव एशिया अचीवर्स समिट एंड अवार्ड्स 2024 के लिए किया गया। 13 अगस्त 2024 को ये सम्मान बैंकॉक मे वहां के उप प्रधानमंत्री द्वारा डॉ0 राजू खान को दिया जाएगा। अपनी ये उपलब्धि डॉ0 राजू खान ने तमाम वैशाली जिला वासियों को समर्पित करते हुए कहा कि अवार्ड्स वगैरह जिन्दगी का एक हिस्सा है। उनके लिए ये अवार्ड उनके लिए है जो आम जन को खुश रखते हैं सब को आगे बढ़ाते हैं और समाज व देश का नाम रौशन करते हैं।

# आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए महिला उद्यम संवर्धन कार्यक्रम का शुभारंभ

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर । महिलाओ के आर्थिक सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता के लिए महिला उद्यम संवर्धन कार्यक्रम का शुभारंभ आज पचदही नंद विहार चौक मुजफ्फरपुर स्थित महिला उद्यम संसाधन केंद्र पर किया गया ।

सामाजिक संगठन प्रयत्न के द्वारा महिला उद्यम संवर्धन कार्यक्रम का क्रियान्वयन भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक के सहयोग से मुजफ्फरपुर के कुढ़नी एवं सकरा प्रखंड में करने जा रही है । कार्यक्रम का उद्घाटन केदार प्रसाद गुप्ता मंत्री पंचायती राज विभाग बिहार सरकार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया है। इस परियोजना के तहत 200 महिलाओ को विभिन्न व्यवसायिक कौशल में दक्षता जीवन कौशल का संवर्धन उद्यमी कौशल का विकास उनके बाजार तथा लघु ऋण तक पहुंच सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम एवं शिल्प कला उद्यमी प्रोत्साहन योजना से जुडाव को सुनिश्चित कर उन्हें आर्थिक रूप से सबल तथा आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन कर रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री केदार गुप्ता ने महिलाओं के स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता को प्राथमिक वरीयता को मानते हुए समवेत प्रयत्न को और सुदृढ़ करने की जरूरत को बल देते हुए महिला उद्यम संवर्धन कार्यक्रम को इस दिशा में एक सकारात्मक पहल बताई। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास के लिए उत्थान एवं समावेशी विकास की जरूरत है और पार्टनरशिप से आगे भी जरूरतमंद लाभान्वित होंगे।सामाजिक संगठन प्रयत्न के संस्थापक सह निदेशक प्रभात कुमार ने आगत अतिथियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के उद्देश्य लक्षति वर्ग तथा इच्छित परिणाम पर विस्तार से प्रकाश डाला ।मुख्य अतिथि के रूप में रामदयालु सिंह महाविद्यालय की प्रचार्या प्रो0 अनीता सिंह ने कार्यक्रम में शिरकत की तथा अपने विचार रखते हुये उन्होंने कहा कि महिला उत्थान एवं उनके सर्वागीण विकास के लिए आर्थिक सशक्तिकरण को मुख्य परिवर्तनकारी कारक के रूप में रेखांकित किया तथा प्रयत्न के प्रयत्न की सराहना की। विशिष्ट अतिथि ऋषि पांडे महाप्रबंधक, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि परियोजना अंतर्गत स्थापित उद्यम संसाधन केंद्र के द्वारा सुविधा वंचित महिलाओं को मधुबनी चित्रकला लाह आभूषण उत्पादन, मखाना एवं मसाला संस्करण पर प्रशिक्षित कर उन्हें सूक्ष्म उद्योग विकास के स्तर तक लाकर उन्हें आर्थिक विकास की मुख्य धारा से जोड़ना ही कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य है।विशिष्ट अतिथि के रूप में जीवछ कॉलेज मोतीपुर के प्राचार्य प्रोफेसर रामनरेश पंडित रमन ने शिरकत करते हुए अपनी व्याख्यान में कहा कि इस तरह का सामाजिक कार्य से महिलाओं का एवं उनके परिवार आर्थिक रूप से सुदृढ़ होंगे।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रमुख सकरा डॉ श्याम कल्याण पासवान, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता गणेश प्रसाद सिंह, प्रयत्न के साथ शुरू से लगे हुए सामाजिक कार्यकर्ता विनय कुमार प्रशांत को संस्था के प्रति विशेष योगदान के लिए मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता अरुण कुमार सिंह पूर्व सीनेटर बी0आर0 अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय ने की। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि इससे महिलाओ की आर्थिक आजादी होगी महिला भी आत्मनिर्भर बन पायेंगी और पुरुष एवं महिला दोनों का पहिया एक साथ चलेगा इससे राज्य और देश का सर्वांगीण विकास होना संभव हो पाएगा।उक्त कार्यक्रम में प्रयत्न के कार्यक्रम प्रभारी मानसी महाजन, शालिनी रंजन, राजेश कुमार, कुढ़नी की पूर्व प्रमुख उषा सिंह, प्रो0 अवधेश कुमार सिंह, अवधेश प्रसाद सिंह, आदि उपस्थित थे।

# भारत के सपनो को साकार करने वाला अमृत काल का यह बजट है : कमलेश पासवान

प्रात: किरण



दरभंगा।लहेरियासराय परिसदन में ग्रामीण विकास राज्यमंत्री भारत सरकार कामलेश पासवान ने भारत सरकार के बजट पर प्रेस को संबोधित करते हुए कहा यह बजट युवाओं, किसानों, महिलाओं और गरीबों को समर्पित है अमृतकाल का यह बजट हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शिता ,विजन और प्रकाश विकसित भारत को दशार्ता है जिसमें उन्होंने विकसित भारत की दिशा में नौ प्राथमिकताएं निर्धारित की गई है जिसके लिए पिछले 10 साल में बजट साइज को लगभग तीन गुना बढ़ाया गया है। 48 लाख 21 हजार करोड़ का यह बजट स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे बड़ा है जो अमृत काल में विकसित भारत के सपनों को उड़ान प्रदान करेगा।

आर्थिक विकास में महिलाओं को बढ़ी हुई भूमिका की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता।उनके लाभ के लिए 3 लाख करोड रुपए से अधिक आवंटित किए गए ।सरकार ने लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य को 2 करोड़ से बढ़कर 3 करोड़ किया।अगले 5 वर्षो के लिए 80 करोड लोगों को गरीब कल्याण संकल्प के तहत कोई भी भूखा ना रहे इसका लाभ मिलेगा ।युवक के रोजगार के अवसर विकसित करने का संकल्प प्रधानमंत्री पैकेज के भाग के रूप में रोजगार से संबंधित प्रोत्साहन के लिए तीन योजना के अलावा कई योजनाएं लागू की जाएगी। 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए सरकार अगले 5 वर्षों में 2 लाख करोड़ रूपया निवेश करेगी जिसमें से 1.48 लाख करोड़ रूपया इस वित्तीय वर्ष में निवेश किए जाएंगे । एक करोड़ युवाओं को स्किल ट्रेनिंग दी जाएगी ।नवनियुक्त व्यक्तियों को एक महीने का वेतन दिया जाएगा ।इस बजट में अव्यस्क बच्चों के लिए नई पेंशन योजना वात्सल्य की घोषणा की गई ।अर्थव्यवस्था में सुधार वो तेजी राज्य सरकारों के सहयोग के बिना संभव नहीं है बिहार राज्य में विकास की अपार बाढ़ की समस्या का निदान से मिथिला खुशहाली आएगी ,व्यापार बढ़ेगा ,रोजगार मिलेगा।

# मधुबनी में बेखौफ बदमाशों का तांडवः युवक को सरेआम गोलियों से भूना, फायरिंग से दहला इलाका

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी। मधुबनी में अपराधी बेलगाम हो गए हैं और आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। शनिवार को दिनदहाड़े स्कूटी सवार बदमाशों ने युवक को गोलियों से भून डाला गोली लगने के बाद युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जयनगर थाना क्षेत्र के कुआर छपराढी गांव में मुख्य सड़क पर घटी है घटना ।बताया जा रहा है कि स्कूटी सवार अपराधियों ने शख्स पर ताबड़तोड़ फायरिंग की और आराम से चलते बने। गोली लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई ।बताया जाता है कि मृतक युवक खजौली थाना क्षेत्र का रहने वाला है। प्रेम प्रसंग में हत्या की बात सामने आ रही है। युवक अपनी गर्लफ्रेंड के साथ पहुंचा था, जहां पहले से घात लगाए अपराधियों ने उसे गोली मार दी ।ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी दिए जाने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लि सदर अस्पताल भेज दिया है। सीडीपीओ विप्लव कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है, जल्द ही अपराधी गिरफ्त में होंगे, सारा वक्ततब सामने आएगा। फिलहाल सारे पहलू पर जांच किया जा रहा है।

# स्व बीरेंद्र झा पूर्व मुखिया के साथ ही कुशल व समाजिक व्यक्ति थे : पप्पू सिंह

प्रात: किरण



अलीनगर(दरभंगा)। नरमा नावानगर पंचायत के नावानगर निवासी एवं समाजिक कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले वीरेंद्र झा का निधन अचानक हृदय गति रुक जाने से उनके निजी आवास पर हो गया। निधन की खबर सुन पूरे पंचायत सहित अलीनगर विधानसभा में गमगीन का माहौल बना हुआ है। इसी दौरान किसान मोर्चा भाजपा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह उनके आवास पर पहुंचकर मृतक के परिवारजनों से मिलकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। इस गमगीन माहौल में उन्होंने कहा कि वीरेंद्र झा जी नरमा नावानगर के भूतपूर्व मुखिया के साथ साथ आरएसएस के जिला संघचालक भी रह चुके थे, तथा कुशल व्यक्तिव और समाजिक कार्यो को लेकर भी हमेशा जागरूक रहते थे। पप्पू सिंह ने आगे बताया कि हमारे पंचायत में घर होने के नाते हमारे घर आना जाना अकसर हुआ करता था जिसके चलते मेरा उनके साथ व्यतिगत रिश्ता रहा। उनका अचानक से हमलोग के बीच से चले जाना वाकई बहुत ही दुःखी बात हैं। उन्होंने उनके दोनों लड़के अरविंद झा और अमित झा से मिलकर ढांढस बंधाया। इस दौरान ललित झा, राजा झा, टुनाय झा, संतोष झा, हरि झा, जानकी झा, अभिषेक झा, केशव झा, मनोज झा,अंशु झा, संतोष मंडल, बचनू मंडल सिंहेश्वर मुखिया आदि लोग मौजूद रहे और सभी ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की।

## संक्षिप्त खबरें

### नरगंजो मध्य विद्यालय की स्थिति दयनीय, छात्रों का भविष्य दांव पर



जमुई। प्रखंड के नरगंजो गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय की दयनीय स्थिति ने सभी को चिंतित कर दिया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सोशल मीडिया संयोजक कार्तिक कुसुम ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में विद्यालय की जर्जर इमारत, टूटी छतें, दरारें वाली दीवारें और अन्य समस्याओं की ओर ध्यान दिलाया है। विद्यालय में करीब 140 छात्र और 7 शिक्षक हैं, लेकिन दो कमरे होने के कारण छात्रों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में तो हालात और भी खराब हो जाते हैं, जब सभी कमरे पानी से भर जाते हैं। विद्यालय नक्सल प्रभावित क्षेत्र में स्थित है, और ऐसी स्थिति में शिक्षा को बढ़ावा देना और भी जरूरी हो जाता है। विद्यार्थी परिषद का मानना है कि नक्सलवाद को खत्म करने के लिए शिक्षा का प्रसार करना बेहद जरूरी है। उन्होंने जिलाधिकारी से विद्यालय भवन का पुनर्निर्माण, ब्लैकबोर्ड, बिजली, फर्स्ट एड किट, अग्निशामक यंत्र और एक स्मार्ट क्लास की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है। ग्रामीणों ने भी विद्यालय भवन के निर्माण की मांग की है। इस मामले में जिला प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है।

### स्वर्गीय ललिता देवी की याद में लोगों के बीच चलाया गया निःशुल्क लंगर

जमुई। शनिवार को रेलवे स्टेशन के समीप ई रिक्शा स्टैंड के पास मानव सेवा संघ की ओर से जरूरतमंद लोगों के बीच स्वर्गीय ललिता देवी के याद में लोगों के बीच निःशुल्क लंगर चलाया गया। लंगर में पहुँचने वाले रिक्शा, ठेला चालक, असहाय, दैनिक मजदूरी करने वाले लोगों को भोजन के रूप में खिचड़ी का वितरण किया गया। मौके पर मानव सेवा संघ घनश्याम गुप्ता, अशोक रावत ने बताया कि जब अपने प्रिय कोई इस दुनिया को छोड़कर चले जाते हैं तो उनकी कमी जिंदगी भर रह जाती है यह एक दुख की घड़ी होती है जिसमें परिवार और खुद पर धीरज रखने की आवश्यकता होती है।

### मां-बेटी के साथ ससुराल वालों ने मारपीट कर किया घायल

जमुई [झाझा] थानाक्षेत्र के सुंदरीटांड गांव में पति पत्नी के बीच घरेलू विवाद पर हुए झगड़े में गर्भवती महिला को उसके ससुराल वालों के द्वारा मारपीट किया गया और जब गर्भवती पुत्री के साथ हुई मारपीट की खबर सुनकर उसकी मां बेटी का ससुराल पहुंचा तो उसके साथ भी ससुराल वालों ने मारपीट करते हुए घायल कर दिया। घायल गर्भवती महिला की पहचान राजनंदनी कुमारी और उसकी मां सरस्वती देवी के रूप में हुई है। घायल मां बेटी का रेफरल अस्पताल में इलाज हुआ। घायल राजनंदनी कुमारी ने बताया कि मेरा पति सचिन कुमार के साथ घरेलू विवाद पर झगड़ा हुआ जिसके बाद पति घर से निकल गया। जब मेरी मां समझाने के लिए आई तो ससुर शंकर दास, सास अनवरा देवी और देवर राजीव कुमार ने मुझे और मेरी मां को लोहे के रॉड से मारपीट करते हुए घायल कर दिया।

### घरेलू विवाद पर विवाहित महिला के साथ सास, पति ने कि मारपीट

जमुई [झाझा] सोहजाना गांव में घरेलू विवाद पर एक विवाहिता के साथ उसके ससुराल वालों के द्वारा मारपीट किया गया जिसके बाद महिला किसी तरह भागते हुए सोहजाना स्थित कांवरिया कैंप के पास आकर गिर गई जिससे लोगों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल भेजा गया। जहां घायल महिला का इलाज किया गया। घायल महिला की पहचान कविता देवी के रूप में हुई है। घायल महिला ने बताया कि घर में सास मेरे साथ गाली गलौज कर रहा था जहां मेरा पति और ससुर मेरी सास को कुछ भी नहीं बोल रहा था।

### पर्सनल वीडियो वायरल करने से मना करने पर युवक के साथ कि गई मारपीट

जमुई [झाझा] थानाक्षेत्र के पैरगाहा गांव में पर्सनल वीडियो को वायरल करने से मना करने पर एक युवक के साथ उसके चचेरे भाई के द्वारा मारपीट करते हुए पत्थर से सिर पर प्रहार कर सिर फोड़ कर घायल कर दिया। घायल युवक की पहचान विकी कुमार के रूप में हुई है। घायल युवक को लोगों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाकर भर्ती करवाया गया जहां घायल युवक का इलाज किया गया। घायल युवक ने इलाज के बाद बताया कि मेरे मोबाइल से मेरा चचेरा भाई विकास कुमार पर्सनल वीडियो ले लिया और उसके बाद वह वायरल करने की धमकी देने लगा। जिसको मना करने पर चचेरा भाई ने मेरे साथ विवाद करते हुए मारपीट करने लगा और एक बड़ा पत्थर से मेरे सिर पर वार कर मेरा सिर फोड़ कर घायल कर दिया।

# सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा। कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए टी. पी. कॉलेज, मधेपुरा में 'एक शाम शहीदों के नाम' (सांस्कृतिक संध्या) का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं के कलाकारों ने एकल गीत, समूह गीत एवं नृत्य आदि की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में प्रांगण एवं कला संगम के कलाकारों का जलवा रहा। अध्यक्ष दिलखुश कुमार के नेतृत्व में प्रांगण रंगमंच के कलाकारों ने देशभक्ति नृत्य एवं भक्ति नृत्य बम-बम भोले की अत्यंत सुंदर प्रस्तुति दी। इसमें रुचि यादव, पंखुड़ी यादव, अन्वी कुमारी, रोशनी कुमारी, आशी रोशन, परी कुमारी, श्रेया कुमारी, काव्यांश राज, साक्षी कुमारी आदि ने भाग लिया। कला संगम के कलाकारों ने शिव नृत्य महाकाल की प्रस्तुति देकर पूरे माहौल को भक्ति मय कर दिया। इसमें किशन कुमार, रितिका राज, सयोल पोल, गंगा गोस्वामी के नाम शामिल थे। नृत्यशाला के कलाकारों ने देशभक्ति नृत्य 'देश रंगीला' की सुंदर प्रस्तुति दी। कल्पना एवं अलका ने बिहार के प्रसिद्ध लोकनृत्य जट-जटिन की प्रस्तुति से सबों का दिल जीत लिया। प्रेमलता कुमारी ने देशभक्ति नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मौजूद दर्शक एवं श्रोता देर रात्रि तक देशभक्ति गीत पर झूमते रहे। युवा गायक रौशन कुमार ने जहां डाल-डाल पर देशभक्ति गीत की सुंदर प्रस्तुति दी। जूनियर खेसारी लाल के द्वारा भी बहुत ही सुंदर देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी गई। चर्चित गायिका शिक्षिका शशिप्रभा जायसवाल ने देशभक्ति गीत 'इस देश को हिंदू न मुसलमान चाहिए' की बेहतरीन प्रस्तुति देकर पूरे माहौल को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। विद्या ने 'ऐ मेरे वतन के लोगों' की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। इस अवसर पर डॉ. वी. एन. विवेका के द्वारा स्वरचित कविता का काव्य-पाठ किया गया। सांस्कृतिक संध्या के अंत में कलाकारों को प्रतीक चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन शिक्षिका शशिप्रभा जायसवाल एवं राजू सनातन ने किया।

इस अवसर पर समाजसेवी-साहित्यकार प्रो. भूपेंद्र नारायण मधेपुरी, प्रधानाचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव, प्रज्ञा प्रसाद, डॉ. अशोक कुमार पोद्दार, डॉ. सिद्धेश्वर काश्यप, डॉ. उपेन्द्र प्रसाद यादव, डॉ. शंकर कुमार मिश्र, दक्षिण बिहार प्रांत मंत्री नीतीश पटेल, उत्तर बिहार प्रांत मंत्री अभिषेक यादव, नगर अध्यक्ष सुधांशु शेखर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रंजन यादव, समीक्षा यदुवंशी, अमोद आनंद, नीतीश सिंह यादव, विभाग संयोजक सौरभ यादव, जिला संयोजक नवनीत सम्राट, नगर मंत्री अंकित आनंद, राजू सनातन, अंशु कुमार, अजय कुमार, मनीष कुमार, काश्यप कुमार आदि उपस्थित थे।

## ई- शिक्षाकोष पर एंट्री नहीं करने वाले 25 विद्यालय के प्रधान को बीईओ ने जारी किया नोटिस

प्रात : किरण संवाददाता



सोनो/जमुई : सरकारी विद्यालयों को लेकर विगत कुछ माह से शिक्षा विभाग जिस प्रकार सजग और सतर्क रहकर कार्य कर रहा है वह कहीं ना कहीं आने वाले समय में नौनिहालों के उज्जवल भविष्य से जुड़ा है। विगत कुछ माह पूर्व ई-शिक्षाकोष पोर्टल लॉन्च किए जाने के बाद विद्यालयों में नामांकित बच्चों की संख्या को लेकर जिस प्रकार महा अभियान की शुरुआत की गई है। जिसके तहत वर्ग बार बच्चों का डाटा, आधार कार्ड और बच्चों के बैंक खाता के साथ पोर्टल पर अपलोड करने का एक लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

निर्धारित लक्ष्य की समय सीमा वैसे तो जून माह में ही समाप्त हो गई थी। लेकिन विद्यालयों में शिक्षकेत्तर कर्मियों के अभाव और लिपिकीय पद न होने के कारण विभाग ने पोर्टल पर एंट्री की समय सीमा बढ़ा दी। बावजूद प्रखंड अंतर्गत अब तक 25 विद्यालयों की स्थिति असंतोषजनक पाई गई है (जिसको लेकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सीताराम दास ने सभी विद्यालय प्रधान को नोटिस जारी कर विभागीय आदेश की अवहेलना का आरोप लगाया है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जारी पत्र के आलोक में अगले 24 घंटे के अंदर उचित कारण सहित स्पष्टीकरण प्रखंड कार्यालय में समर्पित करने का निर्देश जारी किया गया है।

## दो साल से फरारी ठग भोला यादव को जमुई पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई। शुक्रवार को जमुई पुलिस द्वारा खैरा थाना क्षेत्र से एक ठग को गिरफ्तार किया गया है। जहां गिरफ्तार ठग की पहचान भोला यादव के रूप में हुई है। बता दें कि भोला यादव ने कई लोगों को लाखों रुपए का चूना लगाया है।

भोला यादव ने एक धान कारोबारी से 24 लाख, सरार्फा कारोबारी से 05 लाख, नौकरी दिलाने के नाम पर महिला से साढ़े तीन लाख रुपए की ठगी की है। दो साल से फरार चल रहे भोला यादव की तलाश पुलिस को था। पुलिस ने इसे खैरा थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव से गिरफ्तार किया है।

**पैसे की हेराफेरी सहित कई मामलों में है नामजद :** जमुई एसडीपीओ सतीश सुमन ने बताया कि भोला यादव पर खैरा थाना कांड संख्या 402/22, 447/22 सहित खैरा थाना एवं एससी/एसटी थाना में कई मामले दर्ज है। उन्होंने बताया कि भोला यादव काफी लंबे समय से फरार चल रहा था। उसकी अग्रिम जमानत याचिका को माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा खारिज किया गया था और उसे आत्मसमर्पण करने का निर्देश भी दिया गया था।

साथ ही उन्होंने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश के बावजूद भी उसने कोर्ट में सरेंडर नहीं किया था। जिसके बाद तकनीकी सूचना के आधार पर छानबीन करते हुए भोला यादव को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि भोला यादव के खिलाफ पैसे के हेरफेर, मारपीट और अनुसूचित जाति व जनजाति एक्ट का भी मामला दर्ज है।

**पूछताछ के बाद भेजा गया जेल:** बताते चलें कि भोला यादव द्वारा भागलपुर निवासी एक कारोबारी के साथ धान का कारोबार करने के नाम पर 24 लाख रुपए का ठगी की गयी थी। जिसे लेकर बीते 18 अक्टूबर 2022 को खैरा थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इधर भोला यादव द्वारा खैरा बाजार निवासी सरार्फा कारोबारी ओम प्रकाश मोदी को भी ठगी का शिकार बनाया गया था। जिसे लेकर ओम प्रकाश मोदी ने खैरा थाना में चेक बाउंस तथा मारपीट का एक मामला दर्ज कराया गया था। वहीं नौकरी दिलाने के नाम पर साढ़े तीन लाख की ठगी खैरा थाना क्षेत्र के गोपालपुर के मनोहर दास की पत्नी संजू देवी से भी किया गया था। वहीं पुलिस ने गिरफ्तार भोला यादव को जेल भेज दिया है।

## पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, सिंहेश्वर में दो शातिर बदमाश कट्टा-गोलियों के साथ गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता,



मधेपुरा। मधेपुरा पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए सिंहेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत चम्पानगर पुल के पास से दो शातिर बदमाशों को कट्टा-गोली के साथ धर दबोचा है। इस दौरान जानकारी देते हुए मधेपुरा एएसपी प्रवेंद्र भारती ने बताया कि सिंहेश्वर थाना के पुलिस पदाधिकारी पुअनि राजेश कुमार सिंह सशस्त्र बल के साथ पुलिस अधीक्षक महोदय मधेपुरा के निदेर्शानुसार थाना क्षेत्र में गश्ती एवं चेकिंग कर रहे थे। गश्ती के क्रम में गुप्त सूचना मिली कि चम्पानगर पुल के पास कुछ अपराधकर्मी जमा हुए हैं। सूचना मिलते ही वहाँ पहुँचते ही पुलिस बल को देखकर अपराधकर्मी भागने लगे। इस दौरान दो अपराधियों को पुलिस बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। जिनकी पहचान शंकरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मौरा कबीयाही निवासी संजू यादव के पुत्र अमलेश कुमार यादव और गम्हरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत भेलवा निवासी वीरेंद्र यादव के पत्र सुभाष कुमार के रूप में हुई है। इनके पास से पुलिस ने एक कट्टा, नौ गोलियाँ, दो हीरो स्पेलेंडर + बाईक और एक मोबाईल बरामद किया है। एएसपी ने बताया कि पुछताछ करने पर इन्होंने बीते दिनों तरावे में एक युवक के साथ हुए गोलीकांड में अपनी संलिप्ता स्वीकार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आये अमलेश कुमार का पुराना अपराधिक इतिहास रहा है।

## हथिया गांव से दर्जनों श्रद्धालू बोल बम के लिए हुए रवाना

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] बाबा नगरी देवघर के लिए दर्जनों श्रद्धालुओं का जत्था झाझा प्रखंड के हथिया गांव से रवाना हुए। शिव भक्तों ने बाबा नगरी देवघर पहुंचने के बाद पूरे प्रखंड की सुख समृद्धि एवं शांति की कामना करने की बात कही। श्रद्धालु कपिल सिंह, रुनिष सिंह, गौतम सिंह सुमित सिंह आदि ने बताया की हम लोग दो वर्ष कोरोना काल मे बोल बम नहीं जा पाए थे। लेकिन इस बार हम लोग बोल बम जा रहे हैं देवघर रवाना होने के पूर्व सभी कांवरियों ने हथिया गांव में अवस्थित हनुमान मंदिर में पूजा आराधना की। कांवरियों ने बताया कि वे बाबा भोलेनाथ से अपने व परिवार की सुख, समृद्धि व खुशहाली की कामना करते हुए क्षेत्र, राज्य व देश के विकास, अमन, शांति व खुशहाली की भी कामना करेंगे। बताया कि वे वैश्विक महामारी कोरोना के कारण दो वर्ष रोक के कारण बाबाधाम नहीं जा सके थे। इस बार हम सभी दुगुने उत्साह के साथ वहां जा रहे हैं।

## कुमारखंड पुलिस विभिन्न जगह पर छापामारी कर 2 शराबी समेत 4 आरोपित को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता,



मधेपुरा। कुमारखंड थाना पुलिस थाना क्षेत्र के विभिन्न जगह पर छापामारी कर 2 शराबी समेत 4 आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार सभी 4 आरोपित को शनिवार को पुलिस अभिरक्षा में मधेपुरा कोर्ट में पेश किया।

थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि थाने के दरोगा दीनानाथ सिंह गुप्त सूचना पर बिशनपुर पुल के समीप शराब के नशे में हंगामा कर रहे शराबी व सुपौल जिले के जदिया थाना क्षेत्र के फुलकाहा निवासी मो इनसूल को गिरफ्तार कर लिया (वहीं थाना क्षेत्र के रघुनियां स्थित अपने घर पर शराब के नशे में हंगामा कर रहे शराबी सुमित कुमार को जमादार राकेश पाण्डेय गुप्त सूचना पर पंहुचकर गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष संजीव कुमार पुलिस फोर्स के साथ थाना क्षेत्र के सिकरहटी में छापामारी कर वारंटी बिनोद कुमार को गिरफ्तार कर लिया (वहीं श्रीनगर थाना कांड संख्या -115/2013 के इश्तिहार वारंटी व कुमारखंड थाना क्षेत्र के इसराइन कला निवासी चंदन साह को घर से गिरफ्तार कर लिया (थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि गिरफ्तार उक्त सभी 4 आरोपित को शनिवार को मधेपुरा कोर्ट में पेश किया।

## डीसीएलआर ने आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

प्रात : किरण संवाददाता



कुमारखंड (मधेपुरा)। कुमारखंड प्रखंड कार्यालय परिसर से डीसीएलआर सुजीत कुमार ने शुक्रवार को जागरूकता रथ को प्रचार प्रसार के लिए वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डीसीएलआर सुजीत कुमार ने कहा भारत सरकार की स्वास्थ्य विभाग द्वारा इलाज के लिए मुक्त में 5 लाख तक देंगे। उसके लिए आयुष्मान कार्ड बनवाने का कार्य युद्ध स्तर पर पंचायत के सभी पीडीएस दुकान , सीएससी सेंटर, अतिरिक्त सेंटर पर वीएलई अन्य ऑपरेटर द्वारा बनाया जा रहा हैं। 31 जुलाई तक सभी लाभुक आयुष्मान कार्ड बनवाने के इस सुनहरे मौके को नहीं गवाए। शाम 6 बजे तक 1957 लाभुक का कार्ड बन चुका है।

जिसका कार्ड नहीं बना हैं वह आवश्यक कागजात लेकर अपने नजदीकी पीडीएस दुकान या सीएससी सेंटर पर पहुंच कर कार्ड बनवाना सुनिश्चित करेंगे। मौके पर बीडीओ प्रियदर्शी राजेश पायरट, सीओ आकांक्षा, पीओ भोला दास, एमओ रूपेश कुमार, सांख्यिक पदाधिकारी राजीव केशरी, दीपक कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

## कुमारखंड आइसीडीएस कार्यालय में आयोजित बैठक में सेविकाओं को दिए गए निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता




मधेपुरा। कुमारखंड प्रखंड क्षेत्र में भारत सरकार स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बनाए जाने वाले आयुष्मान कार्ड को लेकर सभी पंचायत में कैंप लगाया गया है। डीएम के निर्देश पर शनिवार को आइसीडीएस कार्यालय परिसर में आयोजित बैठक में उपस्थित सेविकाओं को इस अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान देने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित वरीय पदाधिकारी एलआरडीसी सुजीत कुमार एवं सीडीपीओ अजहर इमाम ने सभी सेविकाओं को अपने पोषक क्षेत्र में छूटे हुए लोगों को जागरूक करने के साथ उनका आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया। पदाधिकारी ने कहा कि सेविकाएं खुद से भी आयुष्मान कार्ड बना सकती हैं। इससे अधिक से अधिक कार्ड समय पर बनाया जा सकता है और लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद हो सकती है। इसके लिए आवश्यक जानकारी दी गई। इसके अलावा सेविकाओं को अपने पोषक क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने और पीडीएस दुकानों पर जाकर कैंप में आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित करने का भी निर्देश दिया गया। मौके पर सीओ आकांक्षा, बड़ा बाबु कृष्णा कुमार , रामाशीष कुमार सहित सैकड़ों आंगनबाड़ी सेविकाएं मौजूद थी।

## एमपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में दरखा की टीम ने कप पे जमाया कब्जा



जमुई/ई०अलीगंजः-, प्रखंड क्षेत्र के मानपुर खेल मैदान में मानपुर प्रीमियर लीग टूनार्मेंट का आयोजन किया गया था।, जिसमें शनिवार को टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला में अतिथियों ने फीता काट कर मैच का शुभारंभ किया। टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में दरखा बनाम मरकमा के बीच खेला गया।, टूनार्मेंट आयोजक कुंदन कुमार ने बताया की इस टूनार्मेंट में कुल 16 टीम भाग लिया था।, जिसमें पूरी श्रृंखला में यह दोनो टीम अच्छी परफॉर्मेंस करते हुए फाइनल तक पहुंचा है (फाइनल मुकाबला दरखा बनाम मरकमा की टीम के बीच खेली गई।, दरखा की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर ,9 विकेट पर 113 रन बनाए, और जबाब में मरकमा टीम 7 विकेट गवां कर 111 रन ही बना सकी (इस तरह दरखा की टीम ने 2 रनों से रोमांचक मैच जीत कर कप पर कब्जा जमा लिया।, मैच समाप्ति के बाद मुख्य अतिथि ई०अलीगंज पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि वाई पी सुमन, समाज सेवी सतेंद्र कुमार सरपंच प्रतिनिधि दिनेश कुमार, समाज सेवी रामाशीष कुशवाहा के द्वारा सभी क्रिकेट खिलाड़ियों को मैडल पहनाकर हौसला अफजाई करते हुए कहा की खेलों को हार जीत की भावना के साथ नहीं बल्कि खेल की भावना से खेलना चाहिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का जीवन में बहुत महत्व है इससे शारीरिक विकास होता है खेल के क्षेत्र में भी युवाओं ने कई मुकाम हासिल किए हैं, एक खिलाड़ी गांव अस्तर पर खेलकर राष्ट्रीय स्तर तक की ऊंचाइयों को छू सकता है जिससे माता-पिता का नाम तो रोशन होता ही है वही अपने देश व प्रदेश का नाम भी चमकता है, वहीं। उपस्थित अतिथियों के द्वारा दरखा टीम के कप्तान को विनर कपके साथ 2100 रुपये नगद और रनर टीम मरकमा के कप्तान को रनर कप के साथ 1100 रुपये नगद प्रदान किया गया।

मौके पर मैच के आयोजक कुण्डन कुमार साव, कॉमेंटेटर के तौर पर वार्ड सदस्य राजेश कुमार विश्वकर्मा ,सोनू कुमार, सूरज साव आदि सैकड़ो दर्शक मौजूद रहे।

## जमुई सांसद ने गिद्धौर के बंनझुलिया पहुचकर दिवंगत आर्मी जवान अजीत पांडे के निधन पर उनके आवास पहुंच परिजनों को दिया सांत्वना

प्रात : किरण संवाददाता,

जमुई/गिद्धौरः- गिद्धौर सड़क दुर्घटना में आर्मी जवान अजीत पांडे और उनकी डेढ़ साल की पुत्री आदिति की मौत के बाद शनिवार जमुई सांसद अरुण भारती बंनझुलिया गांव पहुंचकर बीते सोमवार के एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे क्षेत्र को शोक की लहर में डुबो दिया बताते चले कि बीते सोमवार को आर्मी जवान अजीत पांडे और उनकी डेढ़ साल की बेटी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी यह घटना उस वक्त हुई जब अजीत अपने परिवार के साथ महादेव सिमरिया से पूजा कर वापस घर गिद्धौर लौट रहे थे तभी उनकी गाड़ी एक पेड़ में टकरा गया था इस दुर्घटना में अजीत और उनकी मासूम बेटी आदिति की मौत हो गई उनके निधन की खबर जमुई लोकसभा के सांसद अरूण भारती को मिलते ही शनिवार को उनके घर गिद्धौर के बंनझुलिया गांव स्थित आवास पहुंचकर निधन से जुड़ी परिजनों से जानकारी ली व शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दिया। बताते चलें कि आर्मी जवान अजीत पांडे व आदिती पांडे के निधन से पूरा इलाका मर्माहत है, शोक संतप्त परिजन पिता राजेश पांडे भाई शुभम पांडे मां दादी सहित अन्य परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया व विकट परिस्थिति में हर संभव परिजनों से सहयोग की बात कही (इस मौके पर सांसद अरुण भारती ने कहा कि दिवंगत आर्मी जवान अजीत पांडे व बेटी अदिति पांडे समाज के लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में हमेशा संघर्षशील रहे उनके निधन से व्यक्तिगत मुझे एवं समाज को अपूर्णीय क्षति हुई है जिसे भुलाया नही जा सकता वो सदैव हम सबों के हृदय में रहेंगे (इस मौके पर अंचलाधिकारी आरती भूषण युवा लोजपा (रामविलास) के प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रदीप सिंह बरहट प्रखंड प्रमुख रूबेन सिंह विवेक, संजय कुमार सिंह, जदयू नेता जयनंदन सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा रावत सहित कई लोग मौजूद थे।

## लोकतंत्र के चौथे स्तंभ जिला प्रेस क्लब के पत्रकारों का हुआ कन्वेंशन आयोजित

### कन्वेंशन में लोकतांत्रिक तरीके से 21 सदस्यीय कमेटी का हुआ गठन, 15 सदस्यीय पदाधिकारी चयनित

प्रात : किरण संवाददाता,




खगड़िया। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ जिला प्रेस क्लब का कन्वेंशन का आयोजन कोशी ट्रामा सेंटर के सभागार में हुआ जिसकी अध्यक्षता सुमलेश कुमार ने किया, वहीं सफल मंच संचालन किरण देव यादव ने किया।

कन्वेंशन में पत्रकारों ने एक स्वर में पत्रकार एकता व पत्रकारों के हितार्थ सच्चे अर्थो में संघर्ष करने का संकल्प लिया (तथा पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने, पत्रकारों को सम्मान सुरक्षा सुविधा देने, भूतबंगला बनी वर्षो से बंद पड़े प्रेस क्लब पत्रकारों को सुपुर्द करने, पत्रकारों पर हो रहे हमला, हत्या, झूठा मुकदमा, शोषण दोहन के खिलाफ कलम की धार को कुंध करने के बजाय तेज करने का निर्णय लिया गया (कन्वेंशन में 21 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया, जिसमें 15 सदस्यीय पदाधिकारी का सर्वसम्मति से चयन किया गया, जिसमें संरक्षक किरण देव यादव, अध्यक्ष सुमलेश कुमार, उपाध्यक्ष जन्मेय कुमार, सचिव संजय कर्ण , संयुक्त सचिव सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष विक्रम शर्मा, प्रवक्ता धर्मेंद्र कुमार, संयोजक देव जी, मीडिया प्रभारी गीता कुमार , विधि सलाहकार डॉक्टर कमल किशोर, मार्गदर्शक कपिलेश्वर कपिल, समन्वयक अमरीश कुमार सर्वसम्मति से चुने गए। कन्वेंशन में पत्रकार आनंद राज पर झूठा मुकदमा दर्ज होने पर घोर निंदा करते हुए जिला प्रशासन से सहानुभूति पूर्वक विचार कर आरोप मुक्त करने की मांग किया।

कन्वेंशन में गौतम कुमार, शशि शर्मा, अनीश कुमार, अनिल कुमार, सद्दाम, इरशाद, राजा, अविनाश, महेश, शुभम, नीरज आदि ने सहर्ष समर्थन सहमति व्यक्त किया।

संरक्षक किरण देव यादव ने सभी पत्रकार एवं संगठनों से जन सरोकारों से जुड़े मुद्दे एवं पत्रकार पर हो रहे अन्याय अत्याचार शोषण दोहन दमन के खिलाफ आवाज बुलंद करने का अपील किया।

अध्यक्ष सुमलेश कुमार ने कहा कि प्रेस क्लब को बेहतर संगठित कर एक आदर्श जिला प्रेस क्लब के तौर पर मजबूती से खड़ा किया जाएगा।

सचिव संजय कर्ण ने कहा कि पत्रकारों को संगठित करने एवं पत्रकारों के सवालों को उठाने में जिला प्रेस क्लब सच्चे अर्थो में बेहतर भूमिका निभायेगी।

प्रवक्ता धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि सभी पत्रकार संगठित होकर पत्रकार कल्याण को लेकर एकजूटता के बल पर ही हर संभव सफलता हासिल कर सकती है (धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष जन्मेय कुमार ने किया।

## डीईओं ने किया उत्क्रमित मध्य विद्यालय पांडेयठीका का निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता,



जमुई/गिद्धौरः- शिक्षा विभाग के निर्देश पर शनिवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार ने प्रखंड के पूर्वी घुघुलडीह पंचायत अवस्थित स्कूलों का औचक निरक्षण किया (पूर्वी घुघुलडीह पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पांडेयठीका का औचक निरीक्षण करते हुए शिक्षा का स्तर व मध्याह्न भोजन का जायजा लिया और विधि व्यवस्था को लेकर कई निर्देश दिए।

विद्यालय परिसर में शौचालय की साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल का समुचित व्यवस्था, मध्याह्न भोजन, एफ.एल.एन.किट एवं टीएलएम का नियमित उपयोग, वर्ग कक्ष, उपस्थित पंजी, शिक्षक उपस्थिति पंजी, चावल का स्टॉक, रंग-रोगन की जाँच की गई और कड़े निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान पाठशाला में मध्याह्न भोजन के साप्ताहिक पोषण चार्ट की जांच की गई। उन्होंने पदाधिकारी नही एक शिक्षक के भांति बच्चों को गणित से आरोही-अवरोही के बारे में बताया एवं उससे संबंधित प्रश्न पूछे जिसका जवाब बच्चों ने बखूबी दिया (राजेश कुमार ने भविष्य के कल्पना को साकार करने के लिए बच्चों को कई गुरुमंत्र दिए। डीईओ ने स्कूली बच्चों से कहा कि यदि ईमानदारी पूर्वक लक्ष्य निर्धारित किया जाए एवं अभी से ही नियमित पढ़ाई की जाए तो निश्चित रूप से लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पढ़ाई में दिक्कत हो तो बेहिचक अपने शिक्षकों से जानकारी लेनी चाहिए। मौके पर डीईओं ने शिक्षको को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व मध्याह्न भोजन मेन्यु अनुसार संचालन करने तथा विद्यालय परिसर को साफ सफाई को लेकर कड़े निर्देश दिये। इस मौके पर स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक ज्योत्सना कुमारी, जयप्रकाश पंडित, रिंकी कुमारी, स्वेता भारती ,पंकज कुमार उपस्थित थे।

सम्पादकीय

## भारत की ओलंपिक उम्मीदें

फ्रांस की राजधानी पेरिस में 53वें ओलंपिक खेलों का आगाज हो गया। प्रेम की नगरी में ये खेल 11 अगस्त तक खेले जाएंगे और समन्वय, सौहार्द और स्नेह के असंख्य उदाहरण पेश किए जा सकते हैं। दुनिया के 206 देशों के 10, 714 खिलाड़ी ओलंपिक में शिरकत करेंगे। उनमें से भारत के 117 खिलाड़ी 16 खेलों और 69 इवेंट्स में पदक और राष्ट्र के सम्मान के लिए जूझेंगे। करीब 100 साल पहले 1924 में भी पेरिस में ओलंपिक खेलों का आयोजन किया गया था, जिसमें पहली बार भारतीय दल ने अधिकृत तौर पर भाग लिया था। भारत की पहली महिला खिलाड़ी ने भी उसी ओलंपिक में हिस्सा लिया था। इतिहास उसी को दोहरा रहा है, लेकिन आज भारत एक स्वतंत्र और संप्रभु देश है। विश्व की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। खिलाडिों के हुनर को तराशने और विश्वस्तरीय बनाने के मद्देनजर भारत ने खिलाडिों पर 470 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। सबसे ज्यादा 96 करोड़ रुपए एथलेटिक्स पर खर्च किए गए हैं, लिहाजा पदकों की उम्मीदें भी देश कर रहा है। बैडमिंटन में दो बार ओलंपिक पदकवीर पीवी सिंधु और 5वीं बार ओलंपिक खेल रहे, 42 वर्षीय, टेबल टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी शरथ कमल भारतीय खिलाड़ी दल के ध्वजवाहक बने। यह भी राष्ट्रीय सम्मान है। इस बार सबसे अधिक खिलाडिों ने ओलंपिक की पात्रता हासिल की है, लिहाजा सबसे अधिक खिलाड़ी भेजे गए हैं। भारतीय दल में कई विश्व चैम्पियन खिलाड़ी हैं-नीरज चोपड़ा (भाला फेंक), निकहत जरीन (मुक्केबाजी), अंतिम पंघाल (कुश्ती) और मनु भाकर (निशानेबाजी) आदि। कुछ ऐसे खिलाड़ी भी हैं, जिन्होंने विश्व स्तर पर कीर्तिमान स्थापित किए हैं-सात्विक चिराग की जोड़ी, लक्ष्य सेन, सिंधु (सभी बैडमिंटन खिलाड़ी), विनेश फोगाट (कुश्ती), मीराबाई चानू (भारोत्तोलन) और पुरुष हॉकी टीम। काश ! शतरंज और क्रिकेट भी ओलंपिक खेलों में शामिल होते, तो उनके खिलाड़ी भी विश्वस्तरीय श्रेणी में गिने जाते ! भारत में खेल मंत्रालय का बजट 3442 करोड़ रुपए तय किया गया है।

यह देश के जीडीपी का मात्र 0.01 फीसदी से भी कम है। पश्चिम में कई विकसित देश खेलों पर 0.2 फीसदी से 0.6 फीसदी तक खर्च करते हैं। भारत में प्रति नागरिक औसतन 25 रुपए खेल पर खर्च किए जा रहे हैं। इसके बावजूद भारत की उम्मीद है कि इस बार उसके खिलाड़ी पदकों की दहाई पार करेंगे। 2004 में ब्राजील ने 10 पदक जीत कर अपना लक्ष्य हासिल किया था। भारत ने टोक्यो ओलंपिक में एक स्वर्ण पदक समेत 6 पदक जीते थे। देश के लिए वह महान उपलब्धि थी, क्योंकि अधिकतर खेल मुकाबलों में भारत पदकहीन ही रहता आया है। इस बार एथलेटिक्स, हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी, निशानेबाजी आदि खेलों में पदकीय जीत की उम्मीदें कर सकते हैं।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इन खेलों के खिलाडिों ने विश्व चैम्पियन टीमों और खिलाडिों को भी मात दी है। दुर्भाग्य और विडंबना है कि टोक्यो ओलंपिक में हॉकी की जिस महिला टीम ने चौथा स्थान हासिल किया था, वह पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई भी नहीं कर पाई। यह खेल और प्रशिक्षण के हरेक स्तर की अयोग्यता है। भारोत्तोलन में कोई भी पुरुष खिलाड़ी ओलंपिक का पात्र नहीं समझा गया। महिला वर्ग में भी मीराबाई चानू अकेली ही दायित्व उठा रही है। उनके बाद कोई भी दूसरी महिला खिलाड़ी ओलंपिक के स्तर की नहीं है। जिम्नास्टिक्स में भारत का प्रतिनिधित्व शून्य है। तलवारबाजी में भवानी देवी का कोई भी उत्तराधिकारी नहीं है और पुरुष पहलवान भी एक रह गया है। यदि हमारे पास विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं, तो इन खेलों पर भी चिंतन-मनन करना पड़ेगा, जिनका ओलंपिक स्तर का एक भी खिलाड़ी 143 करोड़ की आबादी वाले देश में नहीं है। आज निशानेबाजी में 21 खिलाडिों ने ओलंपिक की पात्रता हासिल की है। तीरंदाजी में भारत की पुरुष और महिला टीमें सीधा क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर गई हैं। बेशक यह महत्वपूर्ण जीत है, लेकिन लक्ष्य अभी दूर है। सरकार को खेलों की विपन्नता वाले क्षेत्रों में प्रयास करने चाहिए। कई खेल ऐसे हैं, जो भारत में पारंपरिक नहीं रहे, ठोस विरासत भी नहीं है, लेकिन खिलाड़ी विश्वस्तरीय पैदा हो रहे हैं।

## सरकार की उपलब्धि :हाल से मंडप तक

राकेश अचल

तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी को लगातार परेशान कर रहे विपक्ष को सरकार के बजट पर न सही लेकिन राष्ट्रपति भवन के दो पुराने सभागारों के नाम बदलने के लिए संसद में एक राय होकर बधाई देना चाहिए । राष्ट्रपति भवन का दरबार हाल अब गणतंत्र मंडप और अशोका हाल अब अशोक मंडप कहलायेगा। सरकार के इस फैसले से गणतंत्र भी खुश और चक्रवर्ती सम्राट अशोक भी खुश हो गए होंगे, इसलिए विपक्ष को भी खुश होना चाहिए।

देश और दुनिया लगातार देख रही है कि विपक्ष देश की अठारहवीं संसद में सरकार को चैन की सांस नहीं लेने दे रहा है। बेचारे संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजजू से लेकर लोकसभा अध्यक्ष माननीय ओम बिरला ही नहीं बल्कि राज्य सभा के सभापति माननीय जयदीप धनकड़ भी परेशान हैं। उनकी समझ में नहीं आ रहा कि वे विपक्ष को कौन सी मुगलई घुट्टी 555 लेकर पिलायें जिससे विपक्ष खुश नजर आये और सवाल पूछना छोड़कर देश के सीतारामी बजट पर चर्चा करे। आखिर देश की जनता सांसदों को सवाल करने और बहस-मुबाहिसे के लिए ही तो भेजती है। सांसदों को मेजें थपथपाने के लिए तो नहीं चुना जाता।

हमारी सरकार के खाते में तमाम नाकामियों के बावजूद तमाम उपलब्धियां भी हैं। आप बढ़ती हुई बेरोजगारी, मंहगाई और भ्ष्टाचार के साथ राजनीति के समानांतर बजट में भी अदावत के इस्तेमाल को यदि सरकार की उपलब्धि नहीं मानते तो ये आपकी तंगदिली है। हमारी सरकार ने पिछले एक दशक में जो किया वो पिछली सरकारें साठ साल में नहीं कर पायीं। भले ही पिछली सरकारें कांग्रेस की हों या भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधनों की। सरकार ने देश का परिदृश्य बदला हो या न बदला हो लेकिन कानूनों , शहरों, स्टेशनों, सड़कों, संस्थानों, पाठ्यक्रमों और इमारतों के ही नहीं बल्कि अब तो राष्ट्रपति भवन के कक्षों के नाम तक बदलकर दिखा दिए। ये कोई छोटी -मोटी उपलब्धि है ? सरकार लगातार देश को उसकी खोई हुई, छीनी हुई संस्कृति और वैभव वापस कर रही है।

देश की तकदीर बदलने में अरबों- खरबों मुद्रा की जरूरत पड़ती है । इसके लिए विदेशों से, विदेशी बैंकों से कर्ज लेना पड़ता है। इस वजह से विकास पर कम ब्याज पर ज्यादा खर्च करना पड़ता है। लेकिन नाम बदलने पर फूटी कौड़ी भी खर्च नहीं होती और काम हो जाता है। अलाहबाद प्रयाग हो जाता है, फैजाबाद अयोध्या हो जाती है, हबीबगंज रानी कमलापति रेलवे स्टेशन हो जाता है, मुगलसराय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन हो जाता है। आप का पता नहीं लेकिन मै तो अपनी सरकार की इन उपलब्धियों पर लट्टू हूँ।

मुझे भी सरकार की तरह विपक्ष की बालक बुद्धि पर तरस आता है कि वो कहाँ नीट और किसानों के मुद्दे पर बहस करने की मांग करती है। उसे किसानों से क्या लेना ? नीट से क्या लेना ? अरे जब देश की सबसे बड़ी अदालतें तक नीट के मामले में सरकार के साथ हैं, किसानों को दिल्ली में प्रवेश न करने देने के मामले में सरकार के साथ हैं, तो विपक्ष को साथ देने में क्या ऐतराज है ? देश ये राज जानना चाहता है। क्या सरकार को परेशान करने के पीछे कोई विदेशी हाथ तो नहीं ? क्योंकि जिन देशी हाथों को सरकार के लिए परेशानी खड़ी करना चाहिए थी वे तो बैशाखी बनकर उसकी मदद कर रहे हैं। साम्प्रदायिकता के मुखर विरोधी जेडीयू और टीडीपी की भूमिका बदली हुई है।

देश में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दस मोदी के नेतृत्व में भाजपा, जेडीयू और टीडीपी की सरकार बने कोई दो महीना होने को है। इन दो महीने में प्रधानमंत्री जी कम से कम तीन विदेश यात्राएं कर आये। उनकी सरकार ने देश के लिए सातवीं मर्तबा सीतारामी बजट संसद में पेश कर दिया। प्रधान जी ने अपनी मातृ संस्था आरएसएस के कहने के बावजूद मणिपुर को लेकर अपना नजरिया नहीं बदला । अहंकार नहीं त्यागा। बदले में संघ की इमदाद के लिए केंद्रीय कर्मचारियों को संघ की शाखाओं में जाने पर लगी 58 साल पुरानी रोक जरूर लगा दी अब आप ही बताइये की 48 दिन पुरानी सरकार देश के लिए, देश की जनता के लिए और क्या कर सकती है ? जो काम आपातकाल के बाद बनी सरकार नहीं कर पायी, महामना अटल बिहारी बाजपेयी तीन बार प्रधानमंत्री बनकर नहीं कर पाए, वो काम माननीय मोदी जी ने करके दिखा दिया।

देश के अड़ियल विपक्ष को देश की जनता देख रही हो या न देख रही हो किन्तु ऊपर वाला जरूर देख रहा है । एक धर्मभीरु सरकार को इस तरह परेशान करना बिलकुल अच्छी बात नहीं है । सरकार ने अपने नए बजट में जनता के लिए ही नहीं ऊपर वालों के लिए भी पर्याप्त बजट प्रावधान किये है। देश में स्कूलों , अस्पतालों , सड़कों, पुलों की कमी भले बनी रहे किन्तु तीन नए धार्मिक कॉरिडोर जरूर बनाये जाने के लिए बजट प्रावधान किया गया है। सरकार इस बार अयोध्या हारी , बद्रीनाथ हारी लेकिन उसने भगवान के बजट में कोई कटौती नहीं की । विपक्ष को

# रोजगार के नए अवसर और आर्थिक विकास को गति देगा आम बजट 2024

**हाल ही में लोकसभा के लिए सम्पन्न हुए चुनाव में भारतीय नागरिकों ने लगातार तीसरी बार एनडीए की अगुवाई में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को सत्ता की चाबी आगामी पांच वर्षों के लिए इस उम्मीद के साथ पुन : सौंपी है कि आगे आने वाले पांच वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा देश में आर्थिक विकास को और अधिक गति देने के प्रयास जारी रखे जाएंगे। भारत की वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन ने 23 जुलाई 2024 को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट भारतीय संसद में पेश किया है। इस बजट के माध्यम से भारत की आर्थिक विकास दर को उच्च स्तर पर ले जाने का प्रयास किया गया है। केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 9 प्राथमिकताएं तय की है। कृषि क्षेत्र में उत्पादकता को बढ़ाना, युवाओं के लिए रोजगार के अधिकतम अवसर निर्मित करना एवं उनके कौशल को विकसित करना, गरीब नागरिकों को भी विकास में हिस्सेदारी देना एवं उन्हें सामाजिक न्याय देना, विनिर्माण इकाईयों को बढ़ावा देना, शहरी क्षेत्रों को विकसित करना, ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित करना, आधारभूत ढांचा विकसित करना, नवाचार, शोध एवं विकास करना तथा नई पीढ़ी के सुधार कार्यक्रमों को लागू करना। केंद्र सरकार एवं कुछ राज्य सरकारों द्वारा पूंजीगत खर्चों में लगातार की जा रही वृद्धि के चलते भारत की आर्थिक विकास दर को पंख लगते दिखाई दे रहे हैं। वर्ष 2022-23 के बजट में केंद्र सरकार द्वारा 7 .5 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किया गया था, वित्तीय वर्ष 2023-24 में इसमें 33 प्रतिशत की भारी भरकम वृद्धि करते हुए इसे बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपए का कर दिया गया था।**





**प्रहलाद सबनानी**

**लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं**

ऐसे भी कई निर्णय लिए जा रहे हैं जिनसे आने वाले समय में धरातल पर युवाओं को लाभ होता दिखाई देगा। एक करोड़ युवाओं को आगामी 5 वर्षों के दौरान इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत काम दिया जाएगा। ताकि ये युवा वर्ग के नागरिक रोजगार प्राप्त करने हेतु सक्षम हो सकें।

हाल ही में लोकसभा के लिए सम्पन्न हुए चुनाव में भारतीय नागरिकों ने लगातार तीसरी बार एनडीए की अगुवाई में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को सत्ता की चाबी आगामी पांच वर्षों के लिए इस उम्मीद के साथ पुनः सौंपी है कि आगे आने वाले पांच वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा देश में आर्थिक विकास को और अधिक गति देने के प्रयास जारी रखे जाएंगे। भारत की वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन ने 23 जुलाई 2024 को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट भारतीय संसद में पेश किया है। इस बजट के माध्यम से भारत की आर्थिक विकास दर को उच्च स्तर पर ले जाने का प्रयास किया गया है। केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 9 प्राथमिकताएं तय की है। कृषि क्षेत्र में उत्पादकता को बढ़ाना, युवाओं के लिए रोजगार के अधिकतम अवसर निर्मित करना एवं उनके कौशल को विकसित करना, गरीब नागरिकों को भी विकास में हिस्सेदारी देना एवं उन्हें सामाजिक न्याय देना, विनिर्माण इकाईयों को बढ़ावा देना, शहरी क्षेत्रों को विकसित करना, ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित करना, आधारभूत ढांचा विकसित करना, नवाचार, शोध एवं विकास करना तथा नई पीढ़ी के सुधार कार्यक्रमों को लागू करना। केंद्र सरकार एवं कुछ राज्य सरकारों द्वारा पूंजीगत खर्चों में लगातार की जा रही वृद्धि के चलते भारत की आर्थिक विकास दर को पंख लगते दिखाई दे रहे हैं। वर्ष 2022-23 के बजट में केंद्र सरकार द्वारा 7.5 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किया गया था, वित्तीय वर्ष 2023-24 में इसमें 33 प्रतिशत की भारी भरकम वृद्धि करते हुए इसे बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपए का कर दिया गया था। अब वित्तीय वर्ष 2024-45 के लिए इसे और आगे बढ़कर 11.11 लाख करोड़ रुपए का कर दिया गया है, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 3.4 प्रतिशत है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था में न केवल स्थिरता दिखाई देने लगी है बल्कि यह लगातार तेज गति से आगे बढ़ रही है। आज पूरे विश्व में केवल भारतीय अर्थव्यवस्था ही एक चमकते सितारे के रूप में दिखाई दे रही है।

बजट का गहराई से अध्ययन करने पर ध्यान में आता है कि केंद्र सरकार ने अब भारत में रोजगार के अधिकतम अवसर निर्मित करने की ठान ली है। भारत के युवाओं एवं महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने एवं कौशल विकसित करने की दृष्टि से 2 लाख करोड़ रुपए की 5 योजनाओं के एक पैकेज की घोषणा की है। शिक्षा, रोजगार एवं कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपए की राशि इस बजट में आबंटित भी कर दी गई है। प्रधानमंत्री पैकेज के अंतर्गत एढत्रह्ध के प्रथम बार सदस्य बनने पर औपचारिक क्षेत्र के कर्मचारियों के एढत्रह्ध खातों में एक माह का वेतन जमा किया जाएगा। इन कर्मचारियों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजना के अंतर्गत एक माह का वेतन (15000 रुपए की अधिकतम राशि तक) तीन किश्तों में उनके खातों में जमा किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत एक माह में एक लाख रुपए तक का वेतन पाने वाली कर्मचारी ही पात्र होंगे। इससे 2.1 करोड़ युवाओं को लाभ होने की सम्भावना बजट में व्यक्त की गई है। ऐसे भी कई निर्णय लिए जा रहे हैं जिनसे आने वाले समय में धरातल पर युवाओं को लाभ होता दिखाई देगा। एक करोड़ युवाओं को आगामी 5 वर्षों के दौरान इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत काम दिया जाएगा। ताकि ये युवा वर्ग के नागरिक रोजगार प्राप्त करने हेतु सक्षम हो सकें। इन युवाओं को प्रति माह 6,000 रुपए तक का वाजीफा सम्बंधित कम्पनियों द्वारा अदा किया जाएगा। वजीफे की इस राशि को कम्पनियों के लिए लागू निगमित सामाजिक दायित्व योजना के अंतर्गत किया गया खर्च माना जाएगा। भारत की सबसे बड़ी 500 कम्पनियों को इस योजना के अंतर्गत युवाओं को इंटर्नशिप की सुविधा देनी होगी। साथ ही, केंद्र सरकार द्वारा भी इन युवाओं को प्रतिमाह 5000 रुपए अदा किए जाएंगे। यह केंद्र सरकार का एक सूझबूझ भरा निर्णय कहा जा सकता हैं। साथ ही, विनिर्माण के क्षेत्र के रोजगार के नए अवसर निर्मित करने की पहल भी की जा रही है। नए कर्मचारियों के एढत्रह्ध खाते में जमा होने वाली राशि को आगामी 4 वर्षों तक केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जाएगा, इससे कर्मचारी एवं नियोक्ता दोनों को ही लाभ होगा। इस योजना का लाभ 30 लाख युवाओं को होने जा रहा है। एक अन्य योजना के अंतर्गत नियोक्ता को अपने नए कर्मचारियों के एढत्रह्ध खातों में जमा की जाने वाली राशि की प्रतिपूर्ति आगामी 2 वर्षों तक केंद्र सरकार द्वारा की जाएगी। इससे रोजगार के 50 लाख नए अवसर निर्मित होने की सम्भावना है।

केंद्र सरकार द्वारा हाल ही के समय में भारतीय सनातन संस्कृति के संस्कारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से धार्मिक पर्यटन को देश में बढ़ावा दिया जा रहा है। धार्मिक पर्यटन से देश में रोजगार के लाखों अवसर निर्मित हो रहे हैं एवं गरीब वर्ग की आय में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। श्री विष्णुपाद मंदिर कोरिडोर, गया, बिहार एवं श्री महाबोधि मंदिर कोरिडोर बोधगया, बिहार को विकसित किए जाने की घोषणा की गई है। इसे काशी विश्वनाथ मंदिर कोरिडोर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इसी प्रकार देश में अन्य मंदिरों को भी विकसित किया जा रहा है ताकि देश में इन मंदिरों में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो तथा भारत को वैश्विक पटल पर एक बहुत बड़े धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में दिखाया जा सके। भारत के ग्रामों में निवास कर रहे नागरिक रोजगार प्राप्त करने के उद्देश्य से शहरों की ओर पलायन करते हैं। अतः ग्रामों में ही रोजगार के अधिकतम अवसर निर्मित करने के उद्देश्य से ग्रामीण विकास की मद पर 2.66 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान इस बजट में किया गया है। साथ ही, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुद्रा लोन योजना के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली ऋण राशि की सीमा को 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 20 लाख रुपए कर दिया गया है। यह सुविधा तरुण श्रेणी के अंतर्गत प्राप्त ऋण के व्यवसाईयों को प्राप्त होगी एवं जिन्होंने पूर्व में लिए गए 10 लाख रुपए के ऋण की राशि को समय पर अदा कर दिया है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए भी ऋण की सीमा को बढ़ाकर 100 करोड़ रुपए तक कर दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत एक करोड़ आवासों का निर्माण किया जाएगा। इन एक करोड़ आवासों पर 10 लाख करोड़ रुपए की राशि का निवेश होगा, इसमें केंद्र सरकार की भागीदारी 2.2 लाख करोड़ रुपए की रहेगी। साथ ही, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 3 करोड़ आवासों का निर्माण करने की घोषणा पूर्व में ही की जा चुकी है। देश के आर्थिक चक्र को गति देने के उद्देश्य से नई कर प्रणाली के अंतर्गत वेतनभोगी/पेंशनधारी कर्मचारियों के लिए सामान्य छूट की सीमा को 50,000 रुपए से बढ़ाकर 75,000 रुपए कर दिया गया है।

# माइक बंद करने का आरोप लगाने वाले विपक्षी नेता दूसरों के बोलने का अवसर क्यों छीनना चाहते हैं?

**नीति आयोग की बैठक का विपक्ष शासित राज्यों के तमाम मुख्यमंत्रियों ने बहिष्कार किया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बैठक का बहिष्कार तो नहीं किया लेकिन इसमें शामिल होने से पहले ही उन्होंने यह ऐलान कर दिया था कि वह विरोध जताकर आयेंगी। ऐसा उन्होंने किया भी। उन्होंने आरोप लगाया कि बैठक के दौरान उनका माइक बंद कर दिया गया। देखा जाये तो विपक्ष के नेता आजकल माइक बंद करने का आरोप धड़ल्ले से लगा रहे हैं। लेकिन उन्हें समझना होगा कि संसद की कार्यवाही हो या अन्य कोई सरकारी बैठक, उसमें भाग लेने वालों के लिए कुछ नियम हैं। सबके लिए समय आवंटित करने और कौन कितना समय बोलेगा इसका निर्धारण करने के लिए भी पहले से नियम बने हुए हैं। यदि कोई निर्धारित अवधि से ज्यादा समय बोलेगा तो जाहिर है कि यह दूसरों के अधिकारों का हनन होगा ।देखा जाये तो नीति आयोग की बैठक को लेकर ममता बनर्जी भले कुछ भी आरोप लगायें, मगर सच यह है कि उनके आग्रह पर उन्हें उनके निर्धारित समय से पहले ही बोलने का अवसर दिया गया। उनके भाषण का समय खत्म होने का इशारा घड़ी ने किया और भाषण खत्म करने का संकेत देने वाली बेल भी उनके लिए नहीं बजायी गयी। इसके अलावा, जो मुख्यमंत्री अपने राज्य के साथ भेदभाव करने का केंद्र पर आरोप लगा रहे हैं यदि वह यूपीए और एनडीए शासन के दौरान अपने राज्य को मिली केंद्रीय मदद पर एक श्वेतपत्र ले आयें तो हकीकत उन्हें भी पता चल जायेगी और सारी स्थिति जनता के समक्ष भी आ जायेगी। केंद्र पर अपने राज्य से भेदभाव का**





**नीरज कुमार दुबे**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

जो मुख्यमंत्री अपने राज्य के साथ भेदभाव करने का केंद्र पर आरोप लगा रहे हैं यदि वह यूपीए और एनडीए शासन के दौरान अपने राज्य को मिली केंद्रीय मदद पर एक श्वेतपत्र ले आयें तो हकीकत उन्हें भी पता चल जायेगी और सारी स्थिति जनता के समक्ष भी आ जायेगी।

नीति आयोग की बैठक का विपक्ष शासित राज्यों के तमाम मुख्यमंत्रियों ने बहिष्कार किया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बैठक का बहिष्कार तो नहीं किया लेकिन इसमें शामिल होने से पहले ही उन्होंने यह ऐलान कर दिया था कि वह विरोध जताकर आयेंगी। ऐसा उन्होंने किया भी। उन्होंने आरोप लगाया कि बैठक के दौरान उनका माइक बंद कर दिया गया। देखा जाये तो विपक्ष के नेता आजकल माइक बंद करने का आरोप धड़ल्ले से लगा रहे हैं। लेकिन उन्हें समझना होगा कि संसद की कार्यवाही हो या अन्य कोई सरकारी बैठक, उसमें भाग लेने वालों के लिए कुछ नियम हैं। सबके लिए समय आवंटित करने और कौन कितना समय बोलेगा इसका निर्धारण करने के लिए भी पहले से नियम बने हुए हैं। यदि कोई निर्धारित अवधि से ज्यादा समय बोलेगा तो जाहिर है कि यह दूसरों के अधिकारों का हनन होगा।

देखा जाये तो नीति आयोग की बैठक को लेकर ममता बनर्जी भले कुछ भी आरोप लगायें, मगर सच यह है कि उनके आग्रह पर उन्हें उनके निर्धारित समय से पहले ही बोलने का अवसर दिया गया। उनके भाषण का समय खत्म होने का इशारा घड़ी ने किया और भाषण खत्म करने का संकेत देने वाली बेल भी उनके लिए नहीं बजायी गयी।

इसके अलावा, जो मुख्यमंत्री अपने राज्य के साथ भेदभाव करने का केंद्र पर आरोप लगा रहे हैं यदि वह यूपीए और एनडीए शासन के दौरान अपने राज्य को मिली केंद्रीय मदद पर एक श्वेतपत्र ले आयें तो हकीकत उन्हें भी पता चल जायेगी और सारी स्थिति जनता के समक्ष भी आ जायेगी। केंद्र पर अपने राज्य से भेदभाव का आरोप लगाने वाले मुख्यमंत्रियों को यह भी बताना चाहिए कि उनकी किन मांगों को अनसुना कर दिया गया? इन मुख्यमंत्रियों को यह भी बताना चाहिए कि अपने राज्य की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए उन्होंने क्या-क्या कदम उठाये और उनका क्या परिणाम रहा?

वैसे, ममता बनर्जी ने बैठक से बीच में ही बाहर आकर जो आरोप लगाये हैं उससे यह भी प्रदर्शित होता है कि यह सब इंडिया गठबंधन के नेताओं की सोची समझी रणनीति के तहत उठाया गया कदम था। दरअसल विपक्ष शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने जब नीति आयोग की बैठक के बहिष्कार का निर्णय किया था तब उन राज्यों में विपक्ष और जनता ने सवाल उठाया था कि जब प्रधानमंत्री के समक्ष अपने राज्य की मांगों को सीधा रखने का अवसर मिला है तो उसका लाभ क्यों नहीं उठाया जा रहा? ऐसे में इंडिया गठबंधन में शामिल मुख्यमंत्रियों ने अपने प्रदेश की जनता की नजरों में नीति आयोग की बैठक के बहिष्कार के निर्णय को सही ठहराने के लिए ममता बनर्जी को भेजा। ममता बनर्जी से गलती सिर्फ इतनी हो गयी कि उन्होंने पहले ही कह दिया था कि वह बैठक में विरोध जताएंगी। इसलिए जब वह बाहर आकर केंद्र सरकार पर आरोपों की बौछार कर रहीं हैं तो किसी को यकीन नहीं हो रहा। वैसे रणनीति के मुताबिक, विपक्ष ने पहले ही तैयारी कर रखी थी कि ममता बनर्जी के अपमान का आरोप लगाकर हंगामा खड़ा किया जायेगा। इसलिए संसद के वर्तमान सत्र के दौरान विपक्ष का और उग्र रूप देखने को मिल सकता है।

बहरहाल, यह साफ प्रदर्शित हो रहा है कि इस बार के लोकसभा चुनावों में जनता ने विपक्ष को जो ताकत दी है उसका वह सदुपयोग नहीं कर पा रहा है। सिर्फ हंगामे की राजनीति और सरकार को अपनी ताकत दिखाने का खेल चल रहा है। हो सकता है कि कुछ लोग इस सबको पसंद कर रहे हों लेकिन इस तरह की राजनीति ज्यादा दिन नहीं चला करती। सरकार को काम करने से रोकना और सरकार के फैसलों के बारे में भ्रम का माहौल बनाना स्वस्थ राजनीति नहीं है। साथ ही अपनी कमियों तथा नाकामियों का ठीकरा दूसरों पर फोड़ना राजनीतिज्ञों को भले राजनीतिक रूप से तात्कालिक लाभ दे जाये मगर यह उनके राज्य के हित में कतई नहीं है।

# सत्ता के लिए समर्थन जुटाता बजट

योगेन्द्र योगी

मतदाताओं से सौदेबाजी करने में देश के सारे राजनीतिक दल एक जैसे हैं। सत्ता में आने के बाद राजनीतिक दल न सिर्फ हार का बल्कि जीत का हिसाब-किताब चुकता करने से नहीं चूकते। केंद्रीय बजट 2024 में ऐसा ही कुछ चुनावी राज्यों के साथ हुआ है। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव हो चुके, बजट में उन्हें तो कुछ भी हाथ लगने का सवाल ही पैदा नहीं होता, लेकिन जिन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं, केंद्र सरकार ने उनको भी अंगूठा दिखा दिया। हालांकि केंद्र सरकार का दावा है कि इस बजट में देश के सभी वर्गों और क्षेत्रो में संतुलन स्थापित किया गया है। इससे देश का सामूहिक और समान विकास होगा। इस बजट का ज्यादातर हिस्सा बिहार और आंध्रप्रदेश में चला गया। इससे बिगड़े संतुलन ने बाकी राज्यों का हिसाब बिगाड़ दिया। यह बजट गठबंधन की मजबूरी का बन कर रह गया, जिसमें बड़ा हिस्सा सिर्फ दो राज्यों तक सीमित होकर रह गया। गौरतलब है कि केंद्र की मौजूदा सरकार आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की तेलगूदेशम और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल युनाइटेड की बैसाखियों पर टिकी है। दोनों मुख्यमंत्रियों ने विशेष राज्यों का दर्जा देने की मांग पर दबाव डाला। केंद्र ने इसकी पूर्ति बजट में अलग योजनाओं के लिए प्रावधान करके कर दी। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने संसद में बजट तो पेश कर दिया, लेकिन अनुमान के मुताबिक बिहार और आंध्र प्रदेश ने केंद्र सरकार का बजट गड़बड़ा दिया।

बजट के बड़े हिस्से पर इन दोनों राज्यों का कब्जा हो गया है। बिहार को कुल 58 हजार करोड़ तो आंध्र प्रदेश को 15 हजार करोड़ का विशेष पैकेज का ऐलान करना पड़ा। बजट पर गठबंधन सरकार का असर साफ दिखा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडु बाजी मार ले गए। एनडीए सरकार ने फिलहाल दोनों राज्यों को स्पेशल स्टेटस तो नहीं दिया, लेकिन उसके बदले सरकार को भारी कीमत चुकानी पड़ी है। इसके एवज में उन राज्यों को नजरअंदाज करना पड़ा है, जहां इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जोकि बीजेपी या एनडीए के लिए काफी अहम हैं। केंद्रीय बजट में चुनाव वाले राज्य हरियाणा, महाराष्ट्र या झारखंड ही नहीं, बल्कि कई और अहम क्षेत्रों के लिए घोषणा नहीं हो सकी। बिहार-आंध्र के लिए विशेष पैकेज का असर यहां भी दिखा। विपक्ष ने इसे मुद्दा बनाना शुरू कर दिया है। उम्मीद थी कि बजट में नई ट्रेनों का ऐलान होता, लेकिन नहीं हुआ। महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनावी राज्यों को बजट से बहुत उम्मीदें थीं। इन राज्यों के लिए बजट मिलना तो दूर, कोई उम्मीद भी नहीं जगी। लोकसभा चुनावों में अनुसूचित जाति और पिछड़ी जाति के वोट छिटकने की चिंता भी नजर नहीं आई। अन्य पिछड़ा वर्ग या अनुसूचित जाति-जनजाति के लिए कोई खास योजना नजर नहीं आई। उम्मीद की जा रही थी कि उपचुनावों और 3 राज्यों में होने वाले चुनावों को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार 3.0 के पहले बजट में सरकार चुनावी राज्यों के लिए अपना खजाना खोल देगी। बजट में प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान शुरू करने का ऐलान किया गया है ।जनजातीय समुदाय के लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए शुरू किए जा रहे इस अभियान के तहत जनजातीय परिवारों को सरकारी योजनाओं के संपूर्ण कवरेज का लक्ष्य रखा गया है। इसमें जनजाति बाहुल्य 63 हजार गांवों को शामिल किया जाना है और पांच करोड़ जनजातीय लोग लाभान्वित होंगे। जनजाति बाहुल्य झारखंड की कुल आबादी में करीब 27 फीसदी भागीदारी जनजातियों की है। ऐसे में इस योजना का लाभ भी झारखंड को मिलने की उम्मीद की जा सकती है। पर ये योजनाएं पार्टी की ब्रैंडिंग नहीं कर पाती हैं। जनता यह मानकर चलती है कि ये सरकारी योजनाएं हैं, यह तो मिलना ही था। अगर इनकी जगह पर कोई लोन, कोई छात्रवृत्ति, कोई सहायता जैसी योजना शुरू की गई होती तो उसकी बात अलग होती। इसी तरह चुनावी राज्यों में कोई बड़ा प्रोजेक्ट शुरू करने की घोषणा हो सकती थी। हरियाणा और महाराष्ट्र में किसानों के वोट बहुत महत्वपूर्ण हैं। भारतीय जनता पार्टी की जरूरत थी कि किसानों के लिए बजट में कुछ ऐसी घोषणाएं की जाएं जिससे उन्हें अपनी जीवनशैली में बदलाव होने की कुछ उम्मीद जग सके। सरकार ने कृषि और इससे संबंधित क्षेत्रों के लिए एक लाख 52 हजार करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया है। वित्त मंत्री ने उत्पादन बढ़ाने और जलवायु के अनुकूल किस्मों के विकास पर जोर देने के लिए कृषि अनुसंधान व्यवस्था की व्यापक समीक्षा का ऐलान करते हुए यह भी कहा है कि 32 कृषि और बागवानी फसलों की नई 109 उच्च पैदावार वाली और जलवायु अनुकूल किस्में जारी की जाएंगी। सवाल यह है कि किसान को पैदावार बढ़ाने से क्या मिलेगा, जब तक फसल के बिकने की व्यवस्था नहीं होगी। बजट में किसानों के लिए बहुत कुछ करने के वादे किए गए हैं। कोई भी एक वादा ऐसा नहीं है जिससे किसानों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचता दिख रहा हो। वित्त मंत्री ने यह भी कहा है कि 6 करोड़ किसानों और उनकी जमीन के ब्यौरे रजिस्ट्री में दर्ज किए जाएंगे, राष्ट्रीय सहकारी नीति लाई जाएगी जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास में तेजी आएगी। हरियाणा और महाराष्ट्र के लिए बजट में सीधे कोई ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन इन दोनों ही राज्यों की बड़ी आबादी कृषि और इससे संबंधित क्षेत्रों से जुड़ी है। हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड तीनों ही राज्यों में साल अंत तक विधानसभा का चुनाव होने वाला है। एनडीए हरियाणा और महाराष्ट्र में सत्ता बनाए रखने तो झारखंड में हेमंत सोरेन को सत्ता से बाहर करने की रणनीति में जुटा है। बीजेपी ने यहां चुनावी मुनादी कर दी, लेकिन बजट ने उसका खेल बिगाड़ दिया। विपक्ष इन राज्यों की उपेक्षा का आरोप लगाकर हमलावर है।

## संक्षिप्त खबरें

### शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

दरियापुर। स्थानीय पुलिस ने सैदपुर में छापेमारी कर 70 लीटर देसी शराब के साथ तीन कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराब कारोबारियों में रवि कुमार, भूपेंद्र साह व रविंद्र चौधरी शामिल है। तीनों सैदपुर गांव के ही रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि सैदपुर में कुछ लोग चोरी छुपे शराब का कारोबार कर रहें हैं। इसके बाद पुलिस वहां पहुंची और छापेमारी शुरू की। तभी तीनों कारोबारियों को मौके पर ही शराब के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### शादी की नियत से युवती का अपहरण

दरियापुर ।स्थानीय थाना क्षेत्र के नाथा छपरा से शादी की नीयत से एक किशोरी का अपहरण कर लिया गया ।इस संबंध में किशोरी की मां ने थाने में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है ।दर्ज एफआईआर में उसने कहा है कि वह दोपहर में घर से मोबाइल लेकर निकली ।मुझे लगा की किसी काम से सहेली के पास जा रही है ।लेकिन देर शाम तक नही लौटी तो खोजबीन शुरू की गई ।तब पता चला कि शादी की नीयत से किसी अज्ञात युवक ने उसका अपहरण कर लिया है ।एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

### विद्यालय प्रधानों की बैठक में बीईओ ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश



जलालपुर।बीआरसी भवन में प्राथमिक मध्य और उच्च विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की आवश्यक बैठक शनिवार को आयोजित की गईअध्यक्षता बीई ओ निभा कुमारी ने कीं बैठक में सभी प्रधानाध्यापकों से वगार्वार नामांकन बालक -बालिका,. शिक्षा कोष पर वगार्वार एंट्री रिपोर्ट,यू डायस 2023 -24 में कुल नामांकन के विरुद्ध 24 -25 में कम नामांकन पर स्पष्टीकरण, कंपोजिट ग्रांड का उपयोगिता जमा करने का निर्देश दियोउच्च विद्यालयों मे समर्सिबल की स्थिति, कमरों की स्थिति, आईसीटी लैब की अद्यतन जानकारी लौबेंच डेस्क की आवश्यकता वाले विद्यालयों में भी संख्या की जानकारी लौमौके पर बी आर पी सिद्धेश्वर सिंह ,बी आर पी सुरेंद्र सिंह,डी डी ओ प्रशांत पांडेय,उमेश कुमार सिंह ,रामजी तिवारी विद्यार्थी. अखिलेश्वर पांडेय शशिरंजन सिंह. संजय कुमार सिंह, संजय कुमार राय, राजेश कुमार, मंसूर आलम,शिक्षक नेता संजय पांडेय. जितेंद्र कुमार मिश्रा, सुधाकर मिश्र,हरिदयाल यादव. संजय पंडित. अभय कुमार तिवारी. सहित सभी विद्यालय प्रधान उपस्थित थे

### जुआ के अड्डा पर पुलिस ने की छापेमारी

दरियापुर ।डेरनी पुलिस के द्वारा सलेमपुर गांव में जुआ के अड्डा पर छापेमारी की गई ।हालांकि पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही जुआरी भागने में सफल रहे ।इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी ने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर सलेमपुर स्थित बगीचा में छापेमारी की गई ।परंतु पुलिस वाहन के लिए रास्ता नहीं होने के कारण पुलिस को पहुंचने में थोड़ा समय लग गया ।जिसका फायदा उठाते हुए सभी भाग निकले। वहीं पुलिस के द्वारा जुआरियों के अड्डा को ध्वस्त कर दिया गया ।छापेमारी में अपर थानाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह समेत कई अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

### कुआं में गिरने से वृद्ध की डूबने से हुई मौत

दिघवारा नगर। थाना क्षेत्र के बरुआ पंचायत के मिल्की गांव में बीती रात एक सत्तर वर्षीय वृद्ध व्यक्ति के अनियंत्रित हो कुएं में गिर जाने के कारण डूबकर उसकी मौत हो गई ।मृतक की पहचान मिल्की गांव निवासी गन्नीलाल साह के रूप में हुई है। घटना के सम्बंध में ग्रामीणों ने बताया कि गांव के शिव मंदिर पर रात्रि में ग्रामीणों द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन था,जिसमे गन्नीलाल साह गए हुए थे ।कार्यक्रम समाप्ति के बाद घर लौटने के दौरान सड़क किनारे एक पुराने कुएं में अनियंत्रित हो गिर गए जिसके कारण उसमे डूबने से उक्त व्यक्ति की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी जैसे ही गाँव वालों को मिली सभी भागते भागते घटना स्थल पर पहुंचे मगर तब तक बहुत देर हो चुकी थी। आनन फानन में ग्रामीणों द्वारा कुएं में उतरकर रस्सी के सहारे शव को बाहर निकाला गया ।घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया ।ग्रामीणों ने बताया कि गन्नीलाल साह बहुत ही नेकदिल व सामाजिक व्यक्ति थे।

# केंद्रीय बजट में बिहार को मिली बड़ी हिस्सेदारी से इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा: केंद्रीय मंत्री

## सांसद जनार्दन सीग्रीवाल ने कहा केंद्र द्वारा दी गई राशि से बिहार का कायाकल्प होगा

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा' आजादी के 75 साल बाद केंद्रीय बजट में बिहार को बड़ा सौगात मिला है, बिहार में इंफ्रास्ट्रक्चर उद्योग, उर्जा,सड़क निर्माण और पर्यटन जैसे क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा, और युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे ' उक्त बातें बिहार दौरा पर आए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय महासेठ ने सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए कही' मीडिया को संबोधित करते हुए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय महासेठ ने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी सोच और विकास के प्रतिबद्धता को दशार्ता है ' उन्होंने कहा कि देश भर के राज्यों से सबसे बड़ा बजट बिहार के हिस्से में आया है, बिहार वासियों के लिए गौरव की बात है ' केंद्र द्वारा दी गई राशि से बिहार के इंफ्रास्ट्रक्चर, विकास, सड़क निर्माण, पुल पुलिया, और पर्यटन जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा मिलेगा ' परिससदन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के विकास के प्रति दृढ़ संकल्प को दिखाया है, जिससे बिहार का वैश्विक स्तर पर गौरवशाली पहचान और मजबूत हो सके ' उन्होंने केंद्रीय बजट पर चर्चा करते हुए कहा कि बिहार के विभिन्न परियोजनाओं के लिए 59000 करोड रुपए का बजट प्रधानमंत्री ने दिया है, इससे काशी विश्वनाथ की तर्ज पर विष्णुपद महाबोधि कॉरिडोर का विकास किया जाएगा ' इससे विकास सिर्फ धार्मिक का नहीं होगा बल्कि सांस्कृतिक विकास भी होगा ' केंद्र द्वारा दी गई आर्थिक सहायता से नौजवानों को रोजगार के अवसर मिलेंगे ' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय को पुनर्जीवित किए जाने का फैसला एक बार फिर बिहार की ऐतिहासिक धरोहर को वैश्विक पटेल पर नई पहचान दिलाएगा ' केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि बिहार के लिए बाढ़ अभिशाप बनता रहा है, बिहार को बाढ़ की बिभिषिका से जूझते हुए हमने देखा है, बिहार को इससे निश्चय ही मुक्ति मिलेगी ' उन्होंने कहा कि कोसी मेची लिंग परियोजना को मंजूरी व उत्तर बिहार में बाहर से होने वाले नुकसान का सर्वे और नई सिंचाई परियोजनाओं के लिए 11500 रुपए का प्रावधान केंद्रीय बजट में किया गया है ' पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि आजादी के बाद यह पहला अवसर है जब केंद्रीय करों से बिहार को मिलने वाला हिस्सा अप्रत्याशित रूप से बढ़ोतरी की गई है, इस बार केंद्रीय करों में भी बिहार को 122685 करोड रुपए के हिस्सेदारी सुनिश्चित की गई है।

### लूटी गई ई- रिक्शा के साथ एक लुटेरा गिरफ्तार



बेतिया( मोहन सिंह)। योगापट्टी पुलिस ने लूटी गई ई- रिक्शा के साथ एक लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त जानकारी देते हुए बेतिया एसपी अमरकेश डी ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि 13 जुलाई को योगापट्टी थाना क्षेत्र के माई स्थान त्रिमुहानी के पास दो अज्ञात लुटेरों ने ई- रिक्शा चालक जयप्रकाश महतो को मारपीट कर एवं चाकू से घायल कर उसकी ई-रिक्शा लूट लिया था। घटना के बाद एक प्राथमिक की दर्ज करते हुए एसडीपीओ सदर-2 विवेक दीप के नेतृत्व में एक टीम गठित कर लुटेरों को गिरफ्तार करते हुए लूटी गई ई - रिक्शा बरामद करने का निर्देश दिया गया था। टीम द्वारा तकनीकी एवं मैनुअल अनुसंधान के क्रम में थाना क्षेत्र के फतेहपुर चौक निवासी रामबाबू कुमार राम उर्फ ननकी 22 वर्ष पिता रामेश्वर राम को लूटी गई ई- रिक्शा के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

## खाना खिलाने वाले टेबल पर परीक्षा देने के लिए परीक्षार्थी मजबूर



परसा। प्रभु नाथ कॉलेज परसा में चल रही स्नातक प्रथम खंड सत्र 23-27 की परीक्षा के दौरान छात्रो को शादी में खाना खिलाने वाले टेबल पर बैठा कर परीक्षा लिया जा रहा है ।परीक्षा की तस्वीर यह साबित कर रही है कि पी एन कॉलेज परसा परीक्षा केंद्र पर व्यवस्था स्थापित करने में कुलपति एवं परीक्षा नियंत्रक पूरी तरह से फेल है ।प्राचार्य डॉ पुष्प राज गौतम ने बताया कि वाई एन कॉलेज दिघवारा तथा होती लाल राम नाथ कॉलेज अमनौर की परीक्षा केंद्र स्थापित किया गया है ।कॉलेज में 6 सौ छात्रो की परीक्षा नियंत्रित करने की छतमा है ।लेकिन परीक्षा नियंत्रक द्वारा कॉलेज में 15 सौ 7 छात्रो को परीक्षा के लिए चयनित किया गया था ।जिससे परेशानी बढ़ गई है ।क्षमता से अधिक छात्र छात्रा होने के कारण मजबूरन छात्रो को टेंट और टेबल कुर्सी व्यवस्था कर परीक्षा संचालित किया जा रहा है ।परीक्षा केंद्र पर तैनाथ आब्जर्बर डॉ संजीव कुमार सुधांशु ने बताया कि नये शिक्षा नीति के एमडीसी के तहत परीक्षा संचालित किया जा रहा है ।जिसमे छात्र को स्वतंत्रता प्राप्त होती है ।किसी विषय के साथ कोई विषय पढ़ सकता है ।आज दो कॉलेज के 1507 छात्र छात्रा परीक्षा में शामिल हुए है ।जिससे छात्रो को बैठने के लिए टेंट में टेबल कुर्सी की व्यवस्था कर परीक्षा लिया जा रहा है।

## विद्यालय का अध्यक्ष व मैनेजर सहित छात्र छात्राओं ने सैकड़ो वृक्षारोपण किया



एकमा । स्थानीय ज्योति सेंट्रल हाई स्कूल के प्रांगण में ज्योति कल्याण एवं शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित ज्योति सेंट्रल हाई स्कूल में पर्यावरण को लेकर सैकड़ो फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाया गया। साथ ही इसकी रक्षा के लिए संकल्प लिया गया। इस दौरान विद्यालय के निदेशक डॉ एस कुमार ने पर्यावरण की रक्षा में वृक्ष के महत्व पर विस्तार से छात्राओं के बीच प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे प्रकृति की महत्वपूर्ण अंग है इनके बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती तथा प्रकृति की संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़ पौधा लगाना जरूरी है । मैनेजर सुधा सिंह ने कहा कि पेड़ पौधे के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है पेड़ पौधे हमें छाया प्रदान करती है पक्षियों के सभी जरूर पूरा करती है ।इस मौके पर प्राचार्य मनु गिरि , ध्रुव पांडेय सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाओं उपस्थित थीं ।

# बीच सड़क पर गंदगी वाली जलजमाव से लोग परेशान



प्रात: किरण, संवाददाता

मढ़ौरा नगर। नगर के अंबेडकर रोड में प्राथमिक विद्यालय के समीप महीनों से नाले की निकासी बंद रहने से बीच सड़क पर गंदा पानी जमा हैं। पीछले एक पखवाड़ा से भीष्ण गर्मी और धूप की मार भी बर्दास्त कर गंदे नालियों की गंदगी और गंदा पानी बीच सड़क पर जमा ही हैं। इस शुष्क एवं तपती धूप वाली मौसम में भी सूखा नहीं पा रहा है, न ही नाली खींच रही हैं। नाली की स्थिति ऐसी टूटी फूटी है की उड़ाही भी ठीक से नहीं हो पाती हैं। बताया जाता है निर्माण से लेकर जीणोर्धार तक जुड़े संवेदक से लेकर अधिकारी तक सब अपनी स्थिति ठीक कर लिए, लेकिन युक्त वार्ड नं 6 का नाला की स्थिति ठीक नहीं हुआ। अब स्थिति ये है कि मेन रोड और स्टेशन रोड को सीधे कनेक्टिविटी देने वाला अंबेडकर रोड की बीच सड़क पर गंदा पानी और गंदगी जमा स्थाई रूप ले चुका है। जबकि सड़क के दोनों ओर रिहायशी इलाके में मकान के साथ ही समीप में सरकारी प्राइमरी स्कूल भी हैं। रोज स्कूली बच्चों के साथ साथ हजारों लोग जाते आते रहते है। डर इस बात की हैं कि बरसाती मौसम में सड़क पर जमा गंदा पानी महामारी ला सकता है। जबकि स्वच्छता के लिए सरकार की कई योजनाएं चलाई जा रही है, फिर भी यहां धरातल पर गंदगी ही फैली हुई हैं, जिसका निदान नहीं निकल पा रहा हैं। इसको लेकर स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मियों को लिखित शिकायत दर्ज कराई है। फिर भी समस्या का निजात नहीं होने से लोग परेशान हैं।

क्या कहते हैं मुहल्लेवासी:

(1)अंबेडकर रोड में सरकारी स्कूल के समीप जलजमाव से स्थानीय वासियों में महामारी फैलने का डर सता रहा है। इसके लिए नपं के अधिकारी को आवेदन भी दिया गया है ।झ

राजेश तिवारी, वार्ड नंबर 06

(2) वार्ड नंबर 6 अंबेडकर रोड में कई महीनों से गंदा पानी का जलजमाव है। नपं द्वारा इस समस्या का समाधान जल्द किया जाना चाहिए।

सुरेंद्र प्रसाद सिंह, मुहल्ला वासी नपं वार्ड नंबर 6

क्या कहते हैं अधिकारी :

इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी बबलू कुमार ने बताया कि समस्या संज्ञान में आया है, इसका स्थाई निदान शीघ्र ही कराया जाएगा।

बबलू कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी, नपं मढ़ौरा।

# पीएम श्री केवि में शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम का आयोजन

मशरक, प्रात: किरण, संवाददाता



शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मशरक में शिक्षा सप्ताह आरंभ हुआ। प्राचार्या रंजना झा ने शिक्षा सप्ताह के तहत आयोजित कार्यक्रम को विद्यालय के बच्चो एवम अभिभावकों के साथ साझा किया। इको क्लब के तहत शनिवार को एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र अपनी मां की उपस्थिति में उत्साहपूर्वक शामिल हुए। विद्यालय के खाली परिसर में बच्चो ने अपनी मां के साथ दर्जनों फलदार पौधा लगाया साथ ही उस पौधे के पास अपने एवम अपनी मां के नाम का टैग बोर्ड लगाया। प्राचार्या श्रीमती झा ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत भारत सरकार के 5 करोड़ पौधारोपण कार्यक्रम के लक्ष्य में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मशरक का एक छोटा सा योगदान रहा जिसमें बच्चों एवं उनकी माताओं ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम किया। इको क्लब के प्रभारी एवं उनके सदस्यों के द्वारा पौधों को संरक्षित एवं सुरक्षित रखने के उपायों को बच्चों के साथ साझा किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ,शिक्षकों तथा अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा इस कार्यक्रम को सफल बनाने का प्रयास किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनकी माता एवं धरती माता से जोड़ना है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने अपनी माताओं के चरण स्पर्श किए एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त किया

## विदाई सह सम्मान समारोह में सम्मानित किए गए पूर्व प्रधानाध्यापक



जलालपुर'प्रखंड के सम्होता स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक सतीश कुमार प्रसाद के लिए विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया'उपस्थित विद्वत जनों ने उनके व्यक्तित्व तथा कृतित्व को सराहा'इसके पहले उन्हे अंग वस्त्र छाता, डायरी पेन, धार्मिक पुस्तके देकर विद्यालय के शिक्षको व छात्र छात्राओ ने सम्मानित किया.' प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव दिनेश कुमार सिंह ने पयहारी बाबा की भूमि को नमन करते हुए अवकाश प्राप्त एच एम सतीश जी के सेवा काल को बेमिशाल बताया 'उन्होने कहा कि आपने विपरीत परिस्थितियो मे बेदाग सेवा पूर्ण कर ली है'आप शिक्षको के प्रेरणा स्रोत हैं'उन्होने उनके स्वस्थ्य और दीघार्यु जीवन की कामना की'मौके पर बोलते हुए शिक्षक नेता दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय परिवार उनके कार्यो को सदैव याद रखेगा'. इनके कुशल कार्य क्षमता और उत्कृष्ट योगदान हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है' संचालन शिक्षक दिलीप सिंह ने किया'कार्यक्रम मे पूर्व प्रधानाध्यापक डॉ शैलेंद्र सिंह, भोला प्रसाद,श्याम मांझी शिक्षक नेता डॉ राजेश यादव, पूर्व शिक्षक नेता जितेंद्र सिंह. अखिलेश्वर पांडेय, वीरेन्द्र सिंह,शिक्षक नेता राजेश तिवारी,गोपेश पांडेय, रामबाबू यादव, शिक्षक नेता सुरेंद्र राम,माध्यमिक शिक्षक संघ के नेता सुजीत कुमार,सुदामा प्रसाद राजु कुमार सिंह,बसंत प्रसाद,रामजी तिवारी. इंसाफ अली सहित कई अन्य भी उपस्थित थे'

# श्री चित्रगुप्त समिति की आम सभा बैठक आज

## समिति के अध्यक्ष ने चित्रांश बंधुओ से शामिल होने का किया अनुरोध

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा ' श्री चित्रगुप्त समिति, छपरा की आम-सभा 28 जुलाई रविवार को पूर्वाह्न 10:00 बजे से भगवान बाजार, स्टेशन रोड़ (देहली होटल से उत्तर गली में) स्थित राज्य सम्पोषित सारण कमर्शियल एकेडमी, छपरा के सभागार में दोपहर के सामान्य भोजन के साथ सम्पन्न होगा। इस बैठक में आगामी श्री चित्रगुप्त पूजनोत्सव एवं उसके उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा अन्यान्य विषयों पर विचार-विमर्श कर अंतिम निर्णय लिया जायेगा।

श्री चित्रगुप्त समिति के सभी पदाधिकारी, सदस्य सहित अन्य चित्रांश बन्धुओं से इस बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया गया है ' बैठक में पूर्व में लिए गए निर्णय की संपुष्टि, मासिक सदस्यता शुल्क एवं जमा देय की स्थिति, आगामी पूजनोत्सव के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों पर विचार विमर्श एवं आयोजित होने वाले प्रतियोगिता के नियम -शर्त, प्रतियोगिता के संचालन की तिथि और स्थल निर्धारण एवं प्रतियोगिता के सफल संचालन को लेकर विभिन्न उप समितियों का गठन आदि पर चर्चा होगी' जिसमें कीड़ा प्रतियोगिता उप समिति, संगीत प्रतियोगिता, सांस्कृतिक प्रतियोगिता, निबंध एवं वाद विवाद प्रतियोगिता, दर्शक दीर्घा,प्रसाद वितरण, प्रीतिभोज एवं प्रकाशन तथा मीडिया उप समितियों का गठन होना है ' इस आशय की जानकारी समिति के अध्यक्ष नागेंद्र कुमार वर्मा ने दी '

# आयरन की गोली खाने से दर्जनों स्कूली बच्चों की तबियत बिगड़ी



बगहा। नसीम खान क्या बगहा में आयरन की गोली खाने के बाद दर्जनों बच्चों की तबियत बिगड़ गईं है। दरअसल पेट में जोरों की दर्द से तड़प रहे स्कूली बच्चों को आनन फानन में रामनगर पीएचसी में भर्ती कराया गया है जहाँ उनका उपचार चल रहा है।

छात्रों की हालत खराब होनें पर अफरा-तफरी का माहौल है, स्थानीय लोग औ अभिभावक शिक्षकों से आपस में भीड़ गए हैं। अस्पताल परिसर कुछ देर तक घटना के बाद रणक्षेत्र बन गया । घटना रामनगर के उत्क्रमित उच्च विद्यालय मुडेरा की है। इधर बगहा के पटखौली में एक स्कूली छात्र उमस भरी गर्मी में गैस बनने औ चक्कर आने के बाद बेहोश हो गईं जिसे प्राथमिक उपचार के बाद एसडीएच से छुट्टी दें दीं गईं है।

बतादें की रामनगर के मुंडेरा उत्क्रमित उच्च विद्यालय के कक्षा 6, 7 औ 8 के तकरीबन 100 छात्रों को आयरन की गोली दीं गईं थीं जिसके बाद गैस औ पेट दर्द से तड़प रहे बच्चों को पुलिस प्रशासन व स्थानीय स्तर पर रामनगर पीएचसी में भर्ती कराया गया है। इनमें दो दर्जन छात्रों की हालत बेहद खराब है जो दर्द से कराह रहे हैं। जिन्हें मेडिकल टीम स्लाइन औ इंजेक्शन देकर समुचित दवा इलाज में जुटी है। इस मामले में रामनगर के थानाध्यक्ष ललन कुमार ने करीब 25 छात्रों के बीमार होने की पुष्टि किया है औ प्रशासन व शिक्षा विभाग की टीम घटना की जाँच में जुटी हुईं है ।

# जमीनी विवाद को ले एक व्यक्ति को गोली मार कर की गई हत्या

छपरा ' पूर्व जमीनी विवाद को लेकर खेत पटाने के क्रम में बनियापुर थाना अंतर्गत ग्राम रजौली में एक व्यक्ति को गोली मारकर हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में है ' इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार रोहित कुमार पिता जय मंगल सिंह ग्राम रजौली थाना बनियापुर द्वारा सोनू कुमार पिता अरविंद सिंह को गोली मारकर हत्या की गई है ' घटना की सूचना मिलते ही बनियापुर थाना दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचकर जांच शुरू कर दी है, और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया है ' पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अनुसार इस मामले में मामला दर्ज कर अपराधी की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है ' घटना स्थल पर एक फायर बुलेट भी बरामद कर लिया गया है ' एफएसएल टीम एवं जिला आसूचना इकाई टीम को घटनास्थल पर निरीक्षण के लिए बुलाया गया है ' घटना अहले सुबह 7:00 की है '

### जनता दरबार में दो मामलों का हुआ निपटारा

इसुआपुर । स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें दो मामले आए। दोनों का आपसी सहमति से निपटारा कर दिया गया। पहला मामला सहवां गांव के रामेश्वर साह तथा समसुल हक के बीच था। वहीं दूसरा मामला लौवां गांव के मुकेश राय तथा मैनेजर राय के बीच वर्षों से लंबित जमीनी विवाद को सुलझा लिया गया। मौके पर सीओ करुण करण, राजस्व कर्मचारी ब्रजनंदन सहाय तथा थानाध्यक्ष कमल राम मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### हथियार का भये दिखाकर बाइक की लूट

एकमा । स्थानीय थाना क्षेत्र के परसागढ़ के समीप मुख्य सड़क पर दिन दहाड़े हथियार का भय दिखाकर बाइक लूट लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़िता ने एकमा थाने में एक लिखित आवेदन देकर कहा है कि मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी थाना क्षेत्र के गौशाल गांव निवासी चंद्रिका राय के पुत्र धीरज कुमार में सिवान जिले के चैनपुर में यूनिटी शेयर सर्विस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में फिल्ड ऑफिसर के पद पर कार्यरत हूं मैं 26 जुलाई को एकमा थाना क्षेत्र के तरवनिया गांव में बैंक के कार्य से गए हुए थे जहां चैनपुर लौट के दौरान एकमा परसा जाने वाली मुख्य सड़क के पारसा गढ़ बगीचे के समीप एक लाल रंग की अपाची मोटरसाइकिल पर तीन युवक सवार होकर मेरा मोटरसाइकिल का ओवर ट्रैक्टर हथियार का भाई दिखाकर मेरा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल लूट लिया तथा अपाचे मोटरसाइकिल एक लेकर परसागढ़ की ओर फरार हो गया वहीं दो अपराधियों ने मेरा मोटरसाइकिल लेकर एकमा की ओर फरार हो गया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### सर्प दंश से युवक की मौत शव को लेकर झाड़फूंक के लिए भटक रहे परिजन

बगहा। नसीम खान क्या वाल्मीकिनगर स्थित लवकुश घाट निवासी पवन साहनी के 18 वर्षीय पुत्र सूरज साहनी को विषधर सांप ने डस लिया जिसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। बतादें पवन साहनी के घर के कैम्प्स में लगे चापाकल पर करीब 9 बजे रात्रि में हाथ मुंह धोने सूरज गया था ।तभी चापाकल के चबूतरे पर पर रखे बाल्टी के ओट में छिपे सांप ने सूरज के पैर में डस लिया ।परिजनों को जैसे ही पता चली पीड़ित को लेकर वाल्मीकिनगर सीएससी गए जहाँ सर्प दंश के इलाज नहीं होने के कारण पडोस के नेपाल स्थित त्रिवेणी मिलिट्री कैम्प के मेडिकल अस्पताल में लेकर गए ।जहां डॉक्टरों ने स्थिति को देखते हुए घर वापस भेज दिया।

## पार्टी में अंतर कलह को ले जिला जदयू महासचिव ने दिया इस्तीफा



छपरा ' जिला जदयू में अंतर कलह चरम सीमा पर है, जमीनी कार्यकताओं को तरजीह नहीं दी जा रही है, सरकार में रहकर कार्यकर्ता त्रस्त हैं, ऐसे में पार्टी में पद पर बने रहना कार्यकताओं के साथ बेइमानी होगी '

जिला जदयू के महासचिव मेराजुद्दीन खान उर्फ गुड्डू ने अपने आवास पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में महासचिव पद से इस्तीफा देने की घोषणा किया ' उन्होंने अपना इस्तीफा पत्र जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा को भेज दिया है ' प्रेस मीडिया से बात करते हुए जदयू नेता मेराजुद्दीन खान ऊर्फ गुड्डू ने कहा कि पार्टी के अंतर कलह को मैंने जिला अध्यक्ष को अवगत करा दिया था ' उन्होंने कहा कि जदयू अपने सिद्धांतों से भटक चुकी है, पार्टी में गुटबाजी चरम सीमा पर है, ऐसी स्थिति में पार्टी में किसी पद पर बने रहना उचित नहीं है ' उन्होंने कहा कि गुटबाजी को खत्म करने में प्रदेश स्तर से कोई निर्णय लिया जाता है तो मैं इसका स्वागत करता हूं ' अन्यथा आने वाले दिनों में मजबूरन मुझे जदयू की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा देना होगा ' इस अवसर पर पार्टी के समर्थक भी उपस्थित थे '

# बीडीसी की बैठक मे छाया राशन वितरण मे अनियमित्ता का मामला

प्रात: किरण, संवाददाता

बनियापुर, प्रखंड के श्री कृष्ण मेमोरियल सभा कक्ष मे प्रखंड सरकार प्रायोजित योजनाओं के संचालन साहित विकास योजनाओ को गति देने के लिए बीडीसी की बैठक प्रखंड प्रमुख मंजूषा ओझा की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया ।पंचायत समिति की यह बैठक नए बी डी ओ रमेन्द्र कुमार की उपस्थिति मे पहली बार की गयी जहा सभी सदस्यों प्रतिनिधियों से परिचय के बाद पूर्व की बैठक की समीक्षा उपरांत बैठक की कार्यवाही शुरू की गयी जहा ,कृषि ,बिजली ,चिकत्सा ,शिक्षा साहित मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना,मनरेगा आदि पर भी चर्चा हुई,

बैठक में कई समिति सदस्यो के उपस्थित नही रहने से क्षोभ व्यक्त किया गया ।बैठक में सदस्यों द्वारा राशन किरासन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया ।जिसमें कहा गया कि करीब डेढ़ लाख के आसपास राशन कार्डधारी है ।जिसमे अगर प्रति व्यक्ति एक किलो की गड़बड़ी होती है तो कितने क्विंटल की गड़बड़ी हो जायेगी ।कई सदस्यों द्वारा बिजली की समस्या पर भी ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा गया कि एक तो बिजली की आंख मिचौनी से लोग बेहाल है वही दूसरी तरफ लोगों को त्रुटिपूर्ण बिजली बिल भी दिया जा रहा है,जिसका कोई सुधार नही हो पा रहा है ।मौके पर बीडीओ,सीओ दीना नाथ कुमार । बीडीओ,,बीइओ राम नाथ बैठा बैठा उप प्रमुख दिवाकर तिवारी उत्तम कुमार अशोक गुप्ता बृजनंदन कुमार जु लेखा प्रवीण अरुण दास अनिल शर्मा कौशल किशोर सिंह साहित कई मुखिया प्रतिनिधि डा एम एम जाफरी सीडीपीओ सहित पदाधिकारी एवम कर्मी उपस्थित थे।

ट्राई साइकिल का हुआ वितरण

छपरा कार्यालय।

शनिवार को बुनियाद केन्द्र, विधवारा, सोनपुर, सारण में जिलाधिकारी, सारण के निदेशानुसार सहायक निदेशक, जिला‌ दिव्यांगजन सशक्तिकरण, कोषांग (समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार) सारण, छपरा के द्वारा मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना ‌सम्बल‌ के अन्तर्गत दिव्यांगजनों को निःशुल्क बैट्री चालित ट्राईसाईकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, श्री राहुल कुमार, सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन साक्तिकरण कोषांग सुश्री पूजा कुमारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अमरनाथ कुमार, अंचलाधिकारी, मिहू कुमार एवं प्रभारी नियोजन पदाधिकारी डॉ० रौशन कुमार, बुनियाद केन्द्र के जिला प्रबंधक श्रीमती निलू कुमारी, केन्द्र प्रबंधक श्री ओम प्रकाश प्रभाकर जिला लेखापाल श्री सचीन कुमार के साथ-साथ डॉ अरबिन्द कुमार, मो.फारूक अंसारी सहित बुनियाद केन्द्र के भावना सौरभ, बिरेन्द्र राम, डॉ कनी, सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे। इस अवसर पर लाभार्थी मिथलेश कु० सिंह, सुरेन्द्र वार्मा, अनिल कुमार, विकाश कुमार यादव एवं चन्दन कुमार सहित कुल 46 लाभाथीयों को बैट्री चालित ड्राईसाईकिल का निःशुल्क वितरण किया गया।

## पेयजल की सुविधा नहीं रहने से शिव भक्त भटकने पर मजबूर



बगहा। नसीम खान क्या पर्यटन नगरी वाल्मीकिनगर के हर्ट कहे जाने वाले गोलचौक परिसर में पेयजल के लिए पर्यटक समेत शिव भक्त भटकने पर मजबूर हो रहे हैं। बतादें की भीषण गर्मी के बीच सावन का महीना चल रहा है ।इस माह में कांवरिये का जत्था वाल्मीकिनगर के त्रिवेणी संगम में जलबोझी के लिए उमड़ रहा है। गोलचौक परिसर में ये श्रद्धालु आकर ठहरते हैं जहां लोकल प्रशासन या पंचायत स्तर पर पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है। स्थानीय व्यवसायी कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि नलजल का एक भी सार्वजनिक पॉइंट गोलचौक परिसर में नहीं है और न ही कोई हैंडपंप की व्यवस्था है। एक हैंडपंप एटीएम के सामने है जो विगत एक वर्ष से खराब चल रहा है। स्थानीय व्यवसायियों ने खराब हैंडपंप को बनवाया था जो फिर से खराब हो गया है। बतादें की सावन के माह में पर्यटकों के साथ साथ कांवरियों का हुजूम उमड़ रहा है,जिन्हें पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### जनता दरबार का आयोजन

बरियारपुर (मुंगेर)। बरियारपुर थाना प्रांगण में सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया।इसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी रविना गुप्ता ने किया सहयोग एस आई रंजीत कुमार ने इस अवसर पर पुर्व से चल रही विवाद को दोनो पक्षों के सहमति से सुलझा लिया गया है नये शिरे से करहरिया पुर्वी पंचायत के रघुनाथपुर निवासी अनिरुद्ध शर्मा ने अपने गोतीया से जमीन बटवारा विवाद को लेकर आया दोनो पक्षों को बीच नापी के लिये औन लाईन आवेदन देकर नापी करवाये।

### स्वास्थ्य मंत्री ने किया बिहार के इकलौते मानसिक आरोग्यशाला का निरीक्षण

आरा। बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे शनिवार को बिहार के इकलौते मानसिक आरोग्यशाला कोइलवर पहुँचे जहां उन्होंने 10 वां प्रबंधन कमिटी के बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान उन्होंने मानसिक अस्पताल में बेड बढाने को लेकर चर्चा किया उन्होंने कहा कि 180 बेड को 272 बेड बनाया जायेगा। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा पुरुष वार्ड, बाह्य रोगी विभाग, जीविका दीदी की रसोई का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने 34 बेड वाले पीजी छात्रावास का उद्घाटन किया जिससे डीएनबी कोर्स के लिए आने वाले छात्रों को रहने की सुविधा होगी। साथ ही स्वास्थ्य मंत्री ने संस्थान में वृक्षारोपण भी किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अपन मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत,भोजपुर के डीसी विक्रम विरकर, स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव शैलेश कुमार, संस्थान के निदेशक डॉ. जयेश रंजन समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### संगठनात्मक एवं राजनीतिक अनुभव का लाभ पार्टी को मजबूती करने में बल मिलेगा : पूर्व जिलाध्यक्ष

औरंगाबाद। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने प्रेस बयान जारी कर भाजपा के वरिष्ठ नेता बिहार विधान परिषद के सदस्य सह बिहार के भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल जी को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई और शुभकामना दिया है। बधाई देते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष ने कहा कि डॉ जायसवाल बिहार भाजपा के लगातार कोषाध्यक्ष रहे तथा सिक्किम के प्रभारी के साथ-साथ बिहार विधान परिषद में लगातार तीसरी बार निर्वाचित होकर आए हैं इनका संगठनात्मक एवं राजनीतिक अनुभव का लाभ पार्टी संगठन को मजबूती करने में बल मिलेगा। एक कर्तव्यनिष्ठ एवं ऊजार्वान कार्यकर्ता को बिहार बीजेपी का प्रदेश अध्यक्ष बनाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी एवं गृह मंत्री अमित शाह जी सहित सभी केंद्रीय नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। बधाई देने वाले में पूर्व जिला अध्यक्ष अधिवक्ता इंद्रदेव यादव भाजपा नेता लक्ष्मी नारायण सिंह युगल किशोर सिंह रघुनाथ राम जय किशोर मिश्रा सुनील कुमार सिंह वीरेंद्र कुमार विजय प्रसाद निराला अविनाश कुमार अरविंद सिंह तीर्थ नारायण प्रसाद वैश्य संजय गुप्ता अशोक पांडे अनिल पांडे रामरूप सिंह सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल है।

### दो मामले में बाल न्यायालय भेजा गया

औरंगाबाद। नवीनगर के बहुचर्चित नवीनगर थाना कांड संख्या -162/24, जेजेबी-1282/24 के दो अभियुक्त का नाबालिग का आवेदन 01/07/24 को आने के बाद दोनों विधि विवादित किशोर व किशोरी का वाद पृथक कर सुनवाई के लिए वाद को किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद भेजा गया था, किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद ने अपने टीम से दोनों के मानसिक परिपक्वता की जांच की, जिसमें पाया गया कि ये दोनों पुरी तरह से मानसिक परिपक्व है, तत्पश्चात किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद ने यह कहा कि इन दोनों पर लगाया गया भादंवि धारा का आरोप जघन्य है। इन दोनों का उम्र 16 से अधिक है और मानसिक परिपक्य है इस लिए आगे के सुनवाई के लिए व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के न्यायालय एडीजे वन सह बाल न्यायालय भेजा जाता है।

### जेल अधीक्षक औरंगाबाद को शोकोज

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के एडीजे तीन सुनील कुमार सिंह ने अपने यहां निष्पादित किया गया वाद में प्राप्त आवेदन में सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि अभियुक्त कैलाश राम को इस न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है अभियुक्त को आपराधिक अपील दायर करना है पूर्व में अभियुक्त द्वारा हस्ताक्षरित वकालतनामा बारिश के पानी से नष्ट हो गई थी इसलिए दुबारा हस्ताक्षर कराने वास्ते जेल भेजा गया तो जेल प्रशासन ने अभियुक्त के हस्ताक्षर कराने से इंकार कर दिया इससे अभियुक्त के अपील के अधिकार के समयावधि बाधित हो रही है। यह कर्तव्यहीनता है इसलिए जेल प्रशासन 31 जुलाई 24 तक अभियुक्त के वकालतनामा पर हस्ताक्षर सुनिश्चित करवायें तथा स्पष्टीकरण न्यायालय में प्रस्तुत करें।

# 7वां भोजपुर जिला स्तरीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। स्थानीय जीन पॉल्स हाई स्कूल, धनपुरा ,आरा के प्रांगण में 7वें दो दिवसीय जिला ग्रेपलिंग चैम्पियनशिप 2024 का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर ज़िला खेल पदाधिकारी श्री संजीव कुमार सिंह, श्री विवेक मिश्र माधव, अध्यक्ष, बिहार ग्रैपलिंग संघ के डेवलपमेंट कमिटी के अध्यक्ष हरि ओम उत्तम एवं जीन पॉल्स स्कूल की निर्देशिका श्रीमती मधु सिन्हा , ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया।

भोजपुर ग्रेपलिंग संघ के सचिव रिजवान खां , जीन पॉल्स के शारीरिक शिक्षक अजीजुरहमान एवं अजहर खान ने इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में योगदान दिया। इस प्रतियोगिता में भोजपुर जिले के सभी प्रखंड के विभिन्न 15 विद्यालयों के लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया है। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका डॉ श्रीमती मधु सिन्हा ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में इस खेल को आत्मरक्षा के लिए एक महत्त्वपूर्ण साधन बताया।साथ ही भविष्य में इस खेल के राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय आयोजन की कामना की। उन्होंने उपस्थित सभी खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा रखते हुए खेल में खेलभावना से हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

इस कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय के विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्राचार्य श्री अबीर भट्टाचार्य ने किया। विदित हो कि कल दिनांक 28/07/2024 को इस प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह आयोजित किया जाएगा।

# 40 व्यापार मंडल के अध्यक्षों पर 31 जुलाई तक चावल नहीं देने पर प्राथमिक की दर्ज की जाएगी : जिला सहकारिता पदाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। सहकारिता विभाग कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अधिक प्राप्ति के बदले चावल निर्धारित समय पर 31 जुलाई तक जमा नहीं करने वाले पैक्स अध्यक्षों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया जाएगा। यह बातें जिला सहकारिता पदाधिकारी नवीन मोहन प्रसाद ने कही। उन्होंने बताया कि जिले के 97 फैक्स एवं तीन व्यापार मंडल को धान आदि प्राप्ति के बदले चावल है सीएमआर सफियाबाद स्थित एसएफसी गोदाम में जमा करने के लिए सहकारिता विभाग द्वारा निबंध किया गया था सभी फॉक्स एवं व्यापार मंडल द्वारा इस वर्ष किसानों से 5 557 2.774 टन धान अधिप्राप्ति की गई आदि प्रताप आदि प्रताप किए गए धान का अपेक्स एवं व्यापार मंडल के मिलर के यहां भेज कर 3716 3.604 टन चावल तैयार कर एसएससी गोदाम में जमा करना है इसके लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई तक निर्धारित है परंतु अब तक सफी आबाद एसएफसी गोदाम में जमा करना था लेकिन अभी तक सफियाबाद स्थित एसएससी गोदाम में सीएमआर संग्रह केंद्र में 3 3948 074 टन चावल ही पैसों के द्वारा जमा किया गया है 60 टैक्स में से 17 अध्यक्ष ही धन अधिप्राप्ति के आबाज में सत प्रतिशत सीएमआर का चावल गोदाम में जमा कर पाए हैं शेष 43 टैक्स द्वारा 35 77 टन चावल का सीएमआर जमा करना है परंतु बार-बार रिमाइंडर के बावजूद टैक्स द्वारा चावल का सीएमआर एसएफसी गोदाम में जवान नहीं किया गया है ज्ञात हो कि पिछले सप्ताह दम अवनीश कुमार ने भी अधिकारियों के साथ बैठक कर सब प्रतिशत सीएमआर का चावल टैक्स से प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया था सहकारिता पदाधिकारी मोहन प्रसाद नवीन मोहन प्रसाद ने बताया कि सभी टैक्स अध्यक्ष एवं व्यापार मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर 31 जुलाई तक सीएमआर एसएससी गोदाम में जमा करने के लिए निर्देशित किया गया है निर्धारित तिथि तक सीएमआर जमा नहीं करने वाले टैक्स अध्यक्षों के विरुद्ध एफआईआर की कार्रवाई की जाएगी इसके लिए किसी भी स्थिति सभी फॉक्स 100 समय चावल उपलब्ध कारण बताया गया की हवेली खड़कपुर में धान अधिप्राप्ति 13360.382 धरहरा 6714.920 बरियारपुर 1207.980 असरगंज 4795.982 जमालपुर 27 29.221 संग्रामपुर 637 6.5 44 तारापुर 1525 8.920 केटीएम नंबर 4628.825 कल 5 5 072.774 श्री प्रसाद ने बताया की अभी बकाया सीएमआर असरगंज 87.907 बरियारपुर 121.44 धरहरा 215.279 हवेली खरगपुर 6 67.277 जमालपुर 36 7.864 संग्रामपुर 582.978 तारापुर 11 63.697 टाटिया नंबर 37 1.075 कॉल 3577.518 टन है बकाया है।

# मृदंगवादक बाबू ललन जी की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा । स्थानीय पटेल बस पड़ाव स्तिथ भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच पर राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मृदंगवादक शत्रुंजय प्रसाद सिंह उर्फ बाबू ललन जी की जयंती पर परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान के बैनर तले आयोजित "शास्त्रीय संगीत और बाबू ललन जी " विषयक गोष्ठी को संबोधित करते हुए संगीत शिक्षक राजेश कुमार राय,अधिवक्ता सुनील कुमार,कवि हरेराम सिंह, डॉ अरविंद कुमार राय,शाहपुर के जन्मेजय ओझा,भोजपुरिया जन मोर्चा के अनिल सिंह,वरिष्ठ रंगकर्मी अशोक मानव,साहब कुमार,दीपू तिवारी,नगर राम लीला समिति के विष्णु शंकर सहित अन्य वक्ताओं ने कहा की जहां भी शास्त्रीय संगीत की बाते होंगी बाबू ललन जी वहां स्वत आ जाते हैं। आरा जैसे कस्बाई क्षेत्र को बाबू ललन जी ने अपने जीवनकाल में इतना संगीतमय बना दिया की इसे मिनी बनारस कहा जाने लगा।कई वक्ताओं ने कहा की आज कजरी,ठुमरी,दादरा, आदि या मृदंग जैसे वाद्ययंत्र विलुप्त होते जा रहे है जिसे समाज को जागृत रखने की। आवश्यकता है।संगीत शिक्षक श्री राय का कहना था की शास्त्रीय संगीत लोक भाषा से ही निकलती है। बाबू ललन जी ने इसे जाना समझा तब आरा जैसे कस्बाई क्षेत्र को मिनी बनारस बना दिया।इनकी भूमिका को नजरंदाज नहीं किया जा सकता।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम बाबू ललन जी,बिस्मिल्लाह खां और भिखारी ठाकुर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया।तत्पश्चात बखोरापुर काली मंदिर के सुनिल सिंह गोपाल के निर्देश मंदिर के प्रशासक राम नाथ चौरसिया ने 21 लोगो को मंदिर की चुनरी ओढ़ा कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जमीरा कोठी की माता जी लीला सिंह ने भी बाबू ललन जी के नाम पर सात लोगो को अंगर्वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। संचालन शोध संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष पत्रकार नरेंद्र सिंह एवं आगत अतिथियों का सत्कार बाबू ललन जी के पपौत्र पुष्पेंद्र नारायण सिंह ने किया।

कार्यक्रम में शामिल अन्य लोगो में मुख्य रूप से बाबू ललन जी की पपौत्री नीरजा सिंह ,पप्पू सिंह,व्यास कमलेश पासवान,बाल्मिकी शर्मा,विजय बहादुर सिंह,सेंट्रल स्कूल के प्राचार्य निर्मल सिंह,पत्रकार कमलेश पांडेय,चित्रकार संजीव सिन्हा,चैन कुमार पासवान आदि प्रमुख थे।

# सोन नहर मे पानी छोड़ो,बंद पड़े सभी सरकारी बोरिंग चालू करो : क्यामुद्दीन अंसारी

आराः एक प्रेस ब्यान जारी कर भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य व इंसाफ मंच के राज्य सचिव क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि आरा की खेती चौपट होने के कगार पर है।धान की खेती के लिए रोपनी का समय है और आरा की सोन नहरें सुखी है।वर्षा नहीं होने से खेती किसानी खतरे मे है।

भाकपा माले नेता ने कहा कि इस खेती के मौसम मे अब तक सोन नहर मे पानी नहीं छोड़ना बिहार सरकार की खेती और किसानी के प्रति लापरवाही व नाकामी का संकेत है।क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि नीतीश सरकार मध्य प्रदेश से अपने कोटे का पानी नहीं मांग पा रही है।भाकपा माले नेता ने आरा के भाजपा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह पर आरोप लगाया की वे इस खेती -किसानी के मौसम मे चुप है तथा सो गये है।भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि आरा प्रखंड के प्रायः सभी सरकारी बोरिंग बंद है इसमे जमीरा,अलीपुर सहित कयी गांवों के बोरिंग के दिवाली ढह गये है तथा अधिकांश बोरिंग के मोटर जल गये है और आरा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह क्षेत्र से गायब है और सो गये है उनकी जबान पर ताला लग गये है।

भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि किसान अपनी खेती -किसानी पर आए संकट को देख कर चिंतित है परिशा है दुखी है। माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने बिहार सरकार और नहर विभाग के अधिकारी से पुरजोर तरिके से मांग की कि यथाशीघ्र सोन नहरों मे पानी छोड़ें तथा सभी सरकारी बोरिंग के जले हुए मोटर मोटर को बदल कर बोरिंग चालू किया जाय।

# धान रोपाई का लक्ष्य, बारिश का अभाव और सामान्य से अधिक तापमान बन रहा खेती में बाधक

## मानसून के कमजोर पड़ने से धान रोपनी का लक्ष्य पिछड़ा, अब तक महज 4% हुई धान की रोपनी

रंजन कुमार ब्यूरो



अरवल। जिले में मानसूनी बारिश शुरू हुई तो किसानों को ससमय खेती की आस जगी थी, मगर धान का बिचढ़ा तैयार करने के बाद मानसून के कमजोर पड़ने से अब धान की खेती करने वाले किसान बुआई में पिछड़ रहे हैं। जिले में इस बार 43 हजार 338 हेक्टेयर में धान रोपनी का लक्ष्य कृषि विभाग ने तय किया है, इसके विरुद्ध अब तक महन 1893 हेक्टेयर में ही धान की बुआई हो पाई है। दरअसल जिले में कई दिनों से बारिश नहीं हो पा रही है, इसी वजह से तापमान में भी वृद्धि हो गई है। जिससे गर्मी और उमस का प्रकोप बढ़ गया है।

किसान आज भी अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। जिले का अधिकतम तापमान 35 डिग्री तो न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से अधिक है। ऐसे में बुआई के लिए खेतों में डाले गए बिचरे को मचा पाना भी किसानों के लिए किसी मुश्किल से कम नहीं है।

जिले के किसान धान की बुआई के लिए आज भी अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। जिले में नलकूप का खाल काफी बत से बतर है और केसानों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। जबकि निजी पंप सेंट से धान की खेती करना किसानों के लिए करी मुस्किल भरा है। जिन किसानों से धान की रोपाई कर ली है उन्हें पानी के अभाव में पौधों के पीले पड़ने की चिंता सता रही है। धान की खेती करने वाले किसानो ने बताया कि लगातार अच्छी बारिश होगी तो एक सप्ताह मे अधिकांश खेतों में धान की रोपाई हो सकती है।

**अब तक तकरीबन 4 प्रतिशत ही हुई रोपाई:** जिले में मुख्य रूप से गेहूं के साथ धान की खेती पर ही किसान निर्भर हैं। कृषि विभाग ने खरीफ फसल के तहत 43 हजार 388 हैक्टेयर में धान की खेती का लक्ष्य तय किया है। मगर अब तक 1893 हैक्टेयर में ही बुआई हुई है, जो लक्ष्य के विरुद्ध महज तकरीबन 4 प्रतिशत ही है। इधर बारिश के अभाव में धान रोपनी से पिछड़ रहे किसानों को बिचरा के खराब होने की चिंता सता रही है

**जिले में सरकार नलकूप अधिकांश पड़ा है बेकार:** उल्लेखनीय है कि किसानों को खेती करने के लिए ससमय पटवन की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में मानसून की बेरुखी से किसानों को निजी पंप सेट के सहारे ही खेती करना पड़ता है। क्योंकि जिले में सरकारी नलकूप यानी स्टेट बोरिंग का लाभ नहीं मिल पाता है। वैसे तो जिले में करोड़ों रुपए खर्च कर सैकड़ो सरकारी नलकूप बनाए गए हैं, जिसमें अधिकांश बेकार पड़े हैं। इक्के-दुक्के चालू अवस्था में है भी तो किसानों को उसका समुचित लाभ नहीं मिल पाता है। हालांकि लघु सिंचाई विभाग सरकारी नलकूप के चालू रहने का दावा करते हैं, जो सरकारी फाइल तक ही सीमित है।

# भाजपा विस्तृत जिला कार्यसमिति की तैयारी हेतु बैठक की गई

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। भारतीय जनता पार्टी भोजपुर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज की अध्यक्षता मे भाजपा जिला कार्यालय मे बैठक की गई। बैठक मे जिला पदाधिकारी, मोर्चा,प्रकोष्ठ अध्यक्ष और वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए।बैठक मे तय हुआ कि 31 जुलाई दिन- बुधवार को विस्तृत जिला कार्यसमिति बैठक को भव्य रूप से किया जाएगा। कार्यक्रम को भव्यता बनाने के लिए तोरणद्वार, पार्टी के झंडे और बैनर पोस्टर से कार्यक्रम स्थल के आस पास सजाया जाएगा। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने बताया कि कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा शामिल होंगे। उनके साथ प्रदेश नेतागण,जिला के पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य,प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा, प्रकोष्ठ पदाधिकारी और वरिष्ठ कार्यकर्तागण शामिल होंगे।बैठक मे लगभग आठ सौ कार्यकर्ताओ का रजिस्ट्रेशन होगा,जो कार्यक्रम मे शामिल होंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां चल रही है। विभिन्न कार्यो के लिए विभिन्न कार्यकताओं को जिम्मेदारी दी गई है।

आज के बैठक के दौरान प्रदेश के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉं दिलीप जायसवाल को बधाई दी गई और केन्द्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

जिलाध्यक्ष दुर्गा राज द्वारा सूचना दी गई कि आगामी 29 जुलाई को प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष के अभिनंदन मे समारोह का आयोजन किया गया है,जिसमे भोजपुर जिला से सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक मे हरेन्द्र पांडेय,पूर्व जिलाध्यक्ष राणा प्रताप सिंह,डॉं. प्रेम रंजन चतुवेर्दी, राजेन्द्र तिवारी, महेश पासवान, प्रहलाद राय,जिला उपाध्यक्ष ई. धीरेन्द्र सिंह,उदय प्रताप सिंह,कौशल यादव लव पांडेय,महामंत्री नरेन्द्र तिवारी, राकेश कुमार,जिला मंत्री राजकुमार कुशवाहा, संतोष चंद्रवंशी, अरविन्द पांडेय,रामदिनेश यादव,मीडिया प्रमुख संजय कुमार सिंह,निशांत सिंह सेंगर,रामसागर राय,विभु जैन,शैलेश कुमार गुड्ड,अजय सिंह,अरूण सिन्हा, संजय कुमार सिंह,शशि राय,नरेन्द्र सिंह,दीपक सिंह, सहित विधासभा प्रभारी,संयोजक आदि थे।

# कांवरिया मुख्य मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है बिरनोधानाथ महादेव माधोडीह

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के मौके पर आज छठे दिन भी श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है विणोर्धानाथ महादेव धाम माधोडीह बना हुआ है । गौरतलब है कि खासकर सावन महीने में बैद्यनाथ धाम देवघर जलाभिषेक करने को लेकर जाने वाले कांवरिया यहां रुककर महादेव का पूजा अर्चना कर अपने को अति प्रसन्न महसूस करते हैं । इतना ही नहीं आस पड़ोस गांव के श्रद्धालुओं द्वारा भी सावन के हर दिन भोलेनाथ के ऊपर जलाभिषेक के साथ पूजा अर्चना कर अपने आप में बेहतर सुकून महसूस करते हैं । तारापुर संग्रामपुर देवघर मुख्य सड़क पर स्थित विणोर्धानाथ महादेव के प्रांगण में दिन हो या फिर रात श्रद्धालु कांवरिया अपनी थकान मिटाने के लिए रुककर यहां बनाए गए धर्मशाला में विश्राम करते हैं । सुरक्षा की दृष्टिकोण से जिला प्रशासन द्वारा यहां मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल भी तैनात रहते हैं । इस मंदिर के मुख्य पुजारी सनोज मित्र पंडा हैं। विणोर्धानाथ महादेव के भक्तों में निरंजन ठाकुर पूर्व मुखिया विजय यादव ने बताया कि वर्ष 1910 के आस पास गांव के ही बिरनोधानाथ नामक किसान के द्वारा हल जोतने के क्रम में शिवलिंग मिला था । उसी समय से यहां भोलेनाथ की पूजा अर्चना ग्रामीणों केसाथ-साथआस-पड़ोस के लोगों ने शुरू कर दिया। बताया जाता है कि गांव के ही नफरी बैठा की अगुवाई में ग्रामीणों के सहयोग से यहां भोले शंकर, पार्वती, गणेश, सरस्वती, राम सीता, चित्रगुप्त, अन्नपूर्णा, हनुमान मंदिर, सहित गायत्री लक्ष्मी एवं दुर्गा मंदिर का भव्य निर्माण इमली से पकाए गए ईट से आकर्षक नुमा सभी तरह के शिवालयों का निर्माण बड़े ही खूबसूरती के साथ कराया गया है । आगे बताया जाता है कि तत्कालीन जमींदार द्वारा मंदिर सहित धर्मशाला निर्माण के लिए पर्याप्त मात्रा में जमीन दान दिया गया। गांव के ही वैद्यनाथ ठाकुर द्वारा मंदिर के ऊपर भव्य कलश की स्थापना कराया गया है । मान्यता यह है कि जलाभिषेक करने को लेकर आने वाले सभी श्रद्धालुओं की मन्नतें यहां पूरी होती है । आए हर रोज शाम ढलते ही दूधिया रोशनी से चकाचौंध मंदिर पर होने वाले महाआरती के मौके पर श्रद्धालु पहुंचकर भक्ति रस में सराबोर हो उठते हैं।

# रामप्रवेश ठाकुर के 12वीं पुण्यतिथि पर तबला वादन प्रतियोगिता का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण संगीतिक संस्था दानिका संगीत महाविद्यालय के तत्वावधान में मशहूर तबला वादक राम प्रवेश ठाकुर की 12वीं पुण्यतिथि श्रद्धांजलि सभा के रूप में मनाई गई।दानिका परिवार के निदेशक डॉ रविंद्र कुमार के नेतृत्व में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया तत्पश्चात उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शब्दाक्षर के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री धनंजय जयपुरी,शब्दाक्षर के जिलाध्यक्ष नागेंद्र केसरी, उपाध्यक्ष जनार्दन मिश्र जलज ,महामंत्री अनुज बेचैन, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी,कवि एवं लेखक शिवप्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। पुण्यतिथि के मौके पर बच्चों के बीच तबला वादन प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया एवं तबला बजाकर सुंदर-सुंदर प्रस्तुतियां दी।संचालन सुरेश विद्यार्थी द्वारा किया गया। संबोधन के क्रम में वक्ताओं ने कहा कि रामप्रवेश ठाकुर औरंगाबाद जिला ही नहीं बल्कि बिहार के प्रसिद्ध तबला वादकों में से एक थे।दानिका परिवार को संवारने में उनकी महती भूमिका थी।तबला वादन प्रतियोगिता में मोहित कुमार,अमिताभ प्रोज्वल,किशन प्रवाल,शशिकांत कुमार,यश कुमार, संतोष कुमार,गामा कुमार तबला वादक पंकज,नंदिनी कुमारी,खुशबू कुमारी,अंजली सिंह,शिवांगी सिंह ने हिस्सा लिया।सभी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया।

# अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन के ठाकुरवाड़ी में 117 साल पुरानी है शिव मंदिर

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक ग्राम जम्होर में विष्णु धाम से जम्होर गांव के अंतिम छोर तक 51 मंदिरों की श्रृंखला है जिसमें दर्जनों शिवालय हैं।सावन माह के मौके पर जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने सभी शिव मंदिरों का अवलोकन किया।इस क्रम में आज तीसरा शिव मंदिर जम्होर अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन के समीप अवस्थित ठाकुरवाड़ी मंदिर के प्रांगण के शिव मंदिर का अवलोकन किया।कहा कि इस मंदिर की स्थापना 117 वर्ष पूर्व की गई थी।मंदिर के वर्तमान पुजारी आचार्य छोटेलाल पांडेय ने बताया कि अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन के निर्माण के समय ही इस मंदिर की स्थापना की तैयारी शुरू हो गई थी।पहले भगवान श्री राम, लक्ष्मण,जानकी जी के मंदिर का निर्माण कराया गया।उसके तुरंत बाद शिव मंदिर की स्थापना की गई।शिव मंदिर में भव्य एवं दिव्य शिवलिंग है। माता पार्वती,प्रथम पूज्य गणेश देवताओं के सेनापति कार्तिकेय जी, हनुमान जी इस मंदिर में विराजमान है।

# बिहार में आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रथम स्थान पर अरवल जिला




अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के निदेशानुसार अरवल जिला अंतर्गत आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (अइ-ढटखअ ) एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना (टट-खअ ) के तहत सभी पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड निर्माण करने के लिए 18.07.2024 से ही विशेष अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड का निर्माण किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार सभी जिला स्तरीय, प्रखण्ड स्तरीय एवं पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों/कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही जन वितरण प्रणाली दुकानों में, विद्यालयों में, आँगनवाड़ी केन्द्रों पर, खेत में, महादलित टोलो में, बाजार क्षेत्रों में, रोड पर, नगर क्षेत्र में, स्वास्थ्य केन्द्रों पर एवं पैक्स केन्द्रों पर भी आयुष्मान कार्ड का निर्माण युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान वृद्धजनों, दिव्यांगजनों का भी आयुष्मान कार्ड निर्माण उनके घर पर जाकर किया जा रहा है। विभिन्न जगहों पर फ्लैक्स/बैनर, माइकिंग कराकर पैम्पलेट वितरण कर लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु जागरूक किया जा रहा है।

# डा.दिलीप जायसवाल के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा का आने वाले विधानसभा में एनडीए मजबूती से बिहार में सरकार बनाएगी: अनंत धीश अमन



गया।राजस्व और भूमि सुधार विभाग मंत्री डा.दिलीप जायसवाल को बिहार प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष बनाए जाने पर वरीय समाजसेवी सह गया शहर के युवा बीजेपी नेता अनंत धीश अमन, धीरज रौनीयार ने बधाई,शुभकामनाएं देते हुए उन्हें दिली मुबारकबाद प्रेषित किया है। अनंत धीश अमन ने कहा कि वे पिछले दो दशक से किशनगंज के माता गुजरी मेडिकल कॉलेज के निदेशक हैं। इतना ही नहीं डा. दिलीप जायसवाल बीजेपी के संगठन में काफी लंबे समय से जुड़े हैं. वह करीब 20 साल तक कोषाध्यक्ष पद पर रहे, साथ ही वर्तमान में भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य भी हैं.

वर्तमान में वे सूबे के राजस्व और भूमि सुधार विभाग मंत्री हैं।विधान परिषद सदस्य डा.दिलीप कुमार जायसवाल बीजेपी के कद्दावर नेताओं में गिने जाते हैं. इनकी गिनती सीमांचल के बड़े नेता के भी रूप में होती है। वैश्य समाज से ताल्लुक रखने वाले दिलीप जायसवाल पिछले करीब 20 सालों तक प्रदेश बीजेपी के कोषाध्यक्ष भी रह चुके हैं। अल्पसंख्यक गढ़ सीमांचल में अपनी लोकप्रियता के बदौलत वे पूर्णिया-अररिया-किशनगंज से लगातार तीन बार भारी बहुमत से जीतकर विधान परिषद पहुंच चुके हैं।डा दिलीप जायसवाल बीजेपी सिक्किम के राज्य प्रभारी के साथ-साथ किशनगंज स्थित माता गुजरी विश्वविद्यालय से संबद्ध माता गुजरी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज के प्रबंध निदेशक भी हैं. अपने राजनीतिक जीवन में दिलीप जायसवाल सन 2005 से लेकर के 2008 तक बिहार राज्य भंडार निगम के अध्यक्ष के रूप में भी काम कर चुके हैं।

उनके अध्यक्ष बनने पर भाजपा नेता अनंत धीश अमन ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि दिलीप जायसवाल जी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाना मगध के भाजपा कार्यकताओं के लिए गौरव का क्षण है उनके नेतृत्व में मगध और दक्षिण बिहार के साथ समूचे प्रदेश में भाजपा का संगठन मजबूत होगा, और आने वाले विधानसभा में एन डी ए मजबूती से बिहार में सरकार बनाएगी ।

# इनरव्हील क्लब गया द्वारा व्यायाम एवं ड्रॉइंग कंपटीशन करवाया गया

प्रात : किरण संवाददाता



गया।हमारे जीवन में हमारे स्वस्थ शरीर का बहुत ही महत्व है ' अच्छा खान -पान और अच्छी कसरत इसमें एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है ' जुम्बा आजकल का एक शक्तिशाली व्यायाम है जो केवल एक घंटे में 600 से 1,000 कैलोरी जलाता है। आपके पूरे शरीर को टोन करता है । इनरव्हील क्लब गया ने सोनुलाल वारनवाल गर्ल हाई स्कूल में जुंबा तथा ड्रॉइंग कंप्टिशन करवाया।ड्रॉइंग कम्प्टिशन में कोमल, शाक्षी , स्वाती ने इनाम जीते हैं।

उपाध्यक्षा स्मिता पोद्दार जुंबा की जानकारी दी जो कि वहां कि लड़कियां पहली बार कर रही थी। अध्यक्ष तृप्ति गुप्ता ने ने डिस्ट्रिक्ट गोल स्वस्थ शरीर एव स्वस्थ हार्ड को मद्देनजर रख कर स्कूल की छात्राओं को फिट रखने के लिए जूंबा द्वारा प्रेरित किया है।यह न केवल हमारे शरीर को स्वस्थ रखता है , बल्कि हमारे मासिक तनाव को भी दूर करने में मदद करता है ।यह कार्य जुंबा फिटनेस के सौजन्य से मोहित सर के द्वारा करवाया गया है। कारगिल दिवस के मोके देश भक्ति गाने पर जुंबा करवाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी है । अंत में सभी लड़कियों के बीच जूस बांटा गया है।इस मोके पर स्कूल के प्रधानाचार्या रजनीकांत मालवीय तथा स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएँ मौजूदरही । क्लब की अध्यक्षा तृप्ति गुप्ता ने प्रधानाचार्या को पौधा देकर आभार व्यक्त किया तथा अध्यापिका सुनीता सिंह को विशेष सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में क्लब की सदस्य कमल धानुका भी मौजूद रहीं हैं।



# एक दशक बाद फिर डेविल बनेंगे सलमान

सलमान खान की फिल्म किक को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। फिल्म 2014 में रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था। खलनायक के रूप में सलमान खान को देखना प्रशंसकों के लिए बहुत खास बात रही थी। अब लगभग एक दशक के बाद ऐसा लग रहा है कि सलमान खान को दर्शक फिर उसी रूप में देखने की उम्मीद कर सकते हैं। दरअसल, सोशल मीडिया पर चर्चाएं हैं कि फिल्म किक का सीक्वल बनाया जाएगा। दरअसल, सलमान खान के प्रशंसक इस फिल्म के सीक्वल से जुड़ी खबरों और जानकारियों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, सलमान खान अपनी धमाकेदार फिल्म किक के सीक्वल में डेविल उर्फ देवी लाल सिंह की भूमिका में वापसी करेंगे । इस मनोरंजक एक्शन फिल्म का निर्देशन करने वाले साजिद नाडियाडवाला 2025 में किक 2 को फ्लोर पर लाने के लिए उत्सुक हैं। हालांकि, इस बारे में अभिनेता या निर्माताओं की ओर से आधिकारिक घोषणा का इंतजार है। स्क्रिप्ट राइटिंग में साजिद की भागीदारी के बारे में भी जानकारी सामने आई है। वे इस दौरान कई परियोजनाओं में व्यस्त हैं, ऐसे में उन्हें इस फिल्म के लिए शेड्यूल तय करना होगा। वे चाहते हैं कि सब कुछ सुचारू रूप से चले, ताकि वे किक 2 के निर्देशन पर ध्यान केंद्रित कर सकें। साजिद वर्तमान में सलमान खान अभिनीत सिकंदर का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने किक के डेविल की कहानी को आगे बढ़ाने के बारे में चर्चा शुरू कर दी है। अभिनेता-फिल्म निर्माता की जोड़ी जो दोस्ती का एक बड़ा बंधन साझा करती है। किक 2 पर सहयोग को लेकर वे उत्साहित हैं। सलमान और साजिद करीबी दोस्त हैं। कहा जा रहा है कि वे दोनों किक 2 में फिर से साथ काम करने को लेकर रोमांचित हैं। किक 2009 में इसी नाम की तेलुगु फिल्म पर आधारित थी और इसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी, जैकलीन फर्नांडीज और रणदीप हुड्डा जैसे सितारे थे। वर्तमान में साजिद दो प्रमुख प्रोडक्शन में व्यस्त हैं, जिनमें एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित सिकंदर और अक्षय कुमार अभिनीत हाउसफुल 5 हैं।



# फिल्म रिलीज को लेकर उत्साहित हैं तापसी

अभिनेत्री तापसी पन्नू की अपने प्रशंसकों के लिए एक साथ दो फिल्में लेकर आने के लिए बिल्कुल तैयार हैं। उनकी फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा का हाल ही में ट्रेलर रिलीज हुआ है। वहीं, अभिनेत्री की दूसरी फिल्म खेल खेल में का पहला गाना भी सामने आ चुका है। अपनी दोनों परियोजनाओं को लेकर अभिनेत्री बहुत खुश हैं। अभिनेत्री ने दोनों फिल्मों को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

## 'जन्मदिन की पार्टी' होगी फिल्म

तापसी ने अपनी दोनों फिल्मों को लेकर कहा, 'फिर आई हसीन दिलरुबा' के ट्रेलर और 'खेल खेल में' के पहले गाने के रिलीज होने के बाद से मेरी दोनों फिल्मों की शुरुआत बहुत शानदार रही है। दोनों ही फिल्मों में किरदार एक दम अलग हैं। यह एक संयोग है कि ये दोनों फिल्में मेरे जन्मदिन के तुरंत बाद रिलीज हो रही हैं। इसलिए अगस्त के महीने में यह मेरी तरफ से मेरे दर्शकों के लिए मनोरंजन की एक बड़ी पार्टी होगी।' हाल ही में निर्माताओं ने तापसी पन्नू और विक्रांत मैसी अभिनीत रोमांटिक थ्रिलर का ट्रेलर रिलीज किया। ट्रेलर में रानी (तापसी पन्नू) और रिशु (विक्रांत मैसी) अपने अतीत से आगे बढ़ने की कोशिश करते हुए दिखाई देते हैं, हालांकि, उन्हें अपने जीवन में कई नई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। अभिमन्यु (सनी कौशल) जैसे नए किरदारों के साथ, रानी और रिशु के जीवन में और भी नए मोड़ आते हैं। अब देखना है कि क्या हसीन दिलरुबा अपने अतीत से आगे बढ़ पाती है? आपको बता दें कि फिर आई हसीन दिलरुबा के ट्रेलर ने पहले ही दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर लिया है और नेटिजन्स भी इसे पसंद कर रहे हैं। खेल खेल में के गाने हौली हौली के हुक स्टेप ने भी धूम मचा रखी है। जहां पहली फिल्म 9 अगस्त को रिलीज होगी, वहीं, दूसरी स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज होगी।



# कैटरीना कैफ को पसंद आई विजय सेतुपति की महाराजा

कैटरीना कैफ किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने कई शानदार और बड़ी फिल्मों में काम किया है। वह हिंदी सिनेमा की बड़ी अभिनेत्रियों में से एक हैं। हालांकि, अभी वह फिल्मों से दूर अपनी छुट्टियों का आनंद ले रही हैं। वह लंदन के बाद ऑस्ट्रिया में अपनी छुट्टियां बिता रही हैं। अपनी इस यात्रा के दौरान वह सोशल मीडिया के माध्यम से फैंस से भी जुड़ी हुई हैं। हाल में ही उन्होंने वादियों का मजा लेते हुए अपनी एक तस्वीर साझा की थी। अब उन्होंने विजय सेतुपति की फिल्म महाराजा की समीक्षा की है। विजय सेतुपति और कैटरीना कैफ इससे पहले फिल्म मेरी क्रिसमस में साथ नजर आ चुके हैं। इस फिल्म में दोनों को काफी पसंद भी किया गया था। फिल्म का निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया था। इस थ्रिलर फिल्म को हिंदी और तमिल में एक साथ फिल्माया गया था। फिल्म 12 जनवरी 2024 को रिलीज हुई थी। अब उन्होंने विजय की हालिया रिलीज फिल्म महाराजा को देखने के बाद अपने विचार इंस्टाग्राम पर साझा किए हैं। उन्होंने इस फिल्म की समीझा करते हुए इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक स्टोरी साझा की है। महाराजा फिल्म में विजय सेतुपति के साथ मशहूर बॉलीवुड निर्देशक और अभिनेता अनुराग कश्यप भी नजर आए हैं। इस फिल्म को सोशल मीडिया पर दर्शकों से काफी तारीफें मिल रही हैं। इस लिस्ट में अब अभिनेत्री कैटरीना कैफ का नाम भी जुड़ गया है। उन्होंने बीते गुरुवार को फिल्म को लेकर अपने विचार इंस्टाग्राम पर साझा करते एक पोस्ट किया। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए इसे अविश्वसनीय कहानी बताया। उन्होंने इस स्टोरी में विजय और अनुराग कश्यप को टैग करते हुए लिखा, क्या फिल्म है... अविश्वसनीय कहानी।

# 12वीं फेल के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार की चर्चा पर बोले विक्रांत

विक्रांत मैसी के करियर के सितारे इन दिनों बुलंदियों के शिखर पर हैं। विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल में अपने शानदार प्रदर्शन से अभिनेता ने हर किसी का दिल जीत लिया। इस तरह वह इस साल राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के शीर्ष दावेदारों में से हैं।



अगले महीने 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा से पहले विक्रांत मैसी ने अपनी मनोस्थिति साझा की है। साथ ही सम्मान पर अपने बयान से हर किसी का ध्यान आकर्षित करते नजर आए हैं। फिल्म 12वीं फेल की बात करें तो यह आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा की बायोपिक है। इसमें विक्रांत मैसी ने मुख्य भूमिका निभाई है। जीवनी पर आधारित फिल्म को सकारात्मक समीक्षा मिली। साथ ही विक्रांत मैसी ने अपने बेहतरीन अभिनय से हर किसी को दीवाना बना दिया। 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा पर अभिनेता ने कहा, चलो देखते हैं। अभी मैं क्या बोल सकता हूं। विक्रांत ने साफ किया कि राष्ट्रीय पुरस्कार के योग्य समझे जाने मात्र से उन्हें अपनी कला पर गर्व महसूस होता है।



# विवाद से बचने के लिए बदला नयनतारा के प्रोडक्शन की नई फिल्म का नाम

तमिल फिल्म लव इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (एलआईसी) का नाम बदलकर अब लव इंश्योरेंस कंपनी (एलआईके) रख दिया गया है। लव इंश्योरेंस कंपनी एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। लव इंश्योरेंस कंपनी में अभिनेता प्रदीप रंगनाथन और कृति शेट्टी मुख्य किरदार निभाते नजर आएंगे। इनके अलावा एसजे सूर्या, गौरी जी किशन और योगी बाबू भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म के पोस्टर को देखकर लग रहा है कि यह फिल्म काफी दिलचस्प होने वाली है। लव इंश्योरेंस कंपनी का निर्देशन विग्नेश शिवन ने किया है। वहीं, फिल्म का निर्माण विग्नेश शिवन और उनकी पत्नी नयनतारा के राउडी पिक्चर्स और ललित कुमार के सेवन स्क्रीन स्टूडियो द्वारा किया गया है। फिल्म का एलान दिसंबर 2023 में किया गया था। लव इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (LIC) का नाम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी (LIC) से मेल खा रहा था। इस साल की शुरूआत में खबर आई थी कि एलआईसी शीर्षक के इस्तेमाल को लेकर भारतीय जीवन बीमा निगम की ओर से नोटिस भेजा गया था, क्योंकि कंपनी नहीं चाहती थी कि यह फिल्म इस शीर्षक के साथ आगे बढ़े। अब इस विवाद से बचने के लिए फिल्म का नाम लव इंश्योरेंस कंपनी (LIC) रखा गया है।



# चंदू चैंपियन के बाद फिर से कॉमेडी का तड़का लगाएंगे कार्तिक

चंदू चैंपियन के बाद कार्तिक आर्यन एक बार फिर से सुर्खियों में हैं। दरअसल, अभिनेता अब एक बार फिल्म कॉमेडी फिल्मों से दर्शकों का दिल जीतने की तैयारी में हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वह जल्द ही अपनी ही एक कॉमेडी फिल्म के सीक्वल में नजर आने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो कार्तिक ने साल 2019 की हिट फिल्म पति पत्नी और वो के सीक्वल के लिए हामी भर दी है। अभिनेता की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। दर्शकों को यह फिल्म काफी ज्यादा पसंद आई थी। मीडिया रिपोर्ट में प्रोजेक्ट से जुड़े एक सूत्र के हवाले से बताया गया है कि सीक्वल की स्क्रिप्ट पहले ही फाइनल हो चुकी है। इसमें यह भी कहा गया है कि कार्तिक एक छोटे शहर के साधारण व्यक्ति की भूमिका निभाने के लिए बहुत उत्साहित हैं। सूत्र के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि कार्तिक को पति पत्नी और वो 2 की पटकथा बहुत पसंद आई है। जैसे ही उन्होंने इस फिल्म के लिए हामी भरी, निर्माताओं ने इसे जल्द शुरू करने की तैयारी तेज कर दी। रिपोर्ट के दावे के मुताबिक अभिनेता के व्यस्त शेड्यूल और कई फिल्मों को देखते हुए, निर्माताओं उनकी डेट्स ले ली हैं। भूल भुलैया 3 की शूटिंग पूरी होने के बाद इस फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। सीक्वल का निर्माण भूषण कुमार और जूनो चोपड़ा करेंगे। वहीं, इसका निर्देशन मुदस्सर अजीज करेंगे। कार्तिक अपने हिट कॉमेडी फिल्मों के लिए मशहूर हैं। वह प्यार का पंचनाम फ्रेंचाइजी, सोनू के टीटू की स्वीटी , पति पत्नी और वो , लुका छुपी और भूल भुलैया 2 जैसी फिल्मों से लोगों के दिल जीत चुके हैं। इन दिनों वह भूल भुलैया 3 की शूटिंग में व्यस्त हैं। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को इसी साल दिवाली के मौके पर रिलीज करने की तैयारी चल रही है।



# फिल्मों की बढ़ती लागत पर अनुराग कश्यप को मिला गुलशन देवैया का साथ



बॉलीवुड इंडस्ट्री में इन दिनों फिल्मों की बढ़ती लागत और रेवेन्यू का मुद्दा गर्माया हुआ है। हाल ही में फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप ने इसके पीछे का कारण सितारों की बढ़ती मांग को बताया। अनुराग ने कहा कि किसी प्रोजेक्ट को बनाने में कम और इसकी स्टारकास्ट के दल पर ज्यादा खर्चा हो जाता है। अभिनेताओं के पारिश्रमिक और प्रतिवेश लागत के बारे में चल रही बहस के संबंध में अब गुलशन देवैया, अनुराग कश्यप के समर्थन में आ गए हैं। गुलशन देवैया ने स्वीकार किया कि कुछ अभिनेता अत्यधिक फीस की मांग करते हैं। हालांकि, वह इस बात पर भी जोर देते हैं कि दोष भी साझा किया जाना चाहिए। गुलशन इसकी तुलना सरकारी अधिकारियों द्वारा रिश्वत लेने से करते हुए कहते हैं कि ऐसा इसलिए होता है क्योंकि कोई इसे देने को तैयार होता है। हालांकि सभी कलाकार ऊंची कीमतें नहीं बताते हैं, कुछ चुनिंदा लोगों को भी उचित होना चाहिए। गुलशन ने अपनी बात में आगे जोड़ा, मुद्दा तब उठता है जब अभिनेता एक-दूसरे की नकल करते हैं, जिससे निर्माताओं को मुश्किल स्थिति में छोड़ दिया जाता है। ह्यूमन्स ऑफ सिनेमा के यूट्यूब चैनल से बातचीत के दौरान अनुराग ने बताया कि कैसे ओटीटी बूम के बाद अभिनेताओं को अपनी कीमत का एहसास हुआ। उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए, मैंने अपने सेट पर इतनी सारी वैनिटी वैन कभी नहीं देखीं जितनी मैंने सेक्रेड गेम्स में देखीं। काम के मोर्चे पर, गुलशन देवैया जल्द ही फिल्म उलझ में नजर आने वाले हैं। यह एक जासूसी थ्रिलर फिल्म होने वाली है, जो एक युवा आईएफएस अधिकारी की कहानी है। फिल्म का निर्देशन सुधांशु सरिया ने किया है। फिल्म में गुलशन देवैया के अलावा जान्हवी कपूर, रोशन मैथ्यू, राजेंद्र गुप्ता, राजेश तैलंग, आदिल हुसैन, मेयांग चांग और जितेंद्र जोशी प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म दो अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# विजय देवरकोंडा की वीडी 12 में हुई इस अभिनेत्री की एंट्री

विजय देवरकोंडा अपनी नई फिल्म वीडी 12 की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसका निर्देशन गौतम तिन्नानुरी कर रहे हैं। यह एक्शन ड्रामा फिल्म 2025 में रिलीज होगी। अभी तक इस बात का खुलासा नहीं हो पाया था कि कौन सी अभिनेत्री फिल्म में मुख्य किरदार निभाएंगी, लेकिन अब इस राज से परदा उठ गया है, क्योंकि उस अभिनेत्री ने खुद ही इसकी जानकारी दे दी है। वीडी 12 में विजय देवरकोंडा के साथ अभिनेत्री भाग्यश्री बोरसे अभिनय करती हुई दिखाई देंगी। वो इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म मिस्टर बच्चन को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनकी और रवि तेजा की जोड़ी देखने को मिलेगी। भाग्यश्री बोरसे के वीडी 12 से जुड़ने का खुलासा खुद उन्हीं की एक इंस्टाग्राम स्टोरी से हुआ है। उन्होंने हाल ही में, एक फोटो को अपनी स्टोरी में पोस्ट किया, जिसमें फिल्म की शूटिंग होती हुई दिख रही है। भाग्यश्री ने इस फोटो के साथ लिखा- हां अन्ना, मैं भी। उन्होंने इस तस्वीर में कोलंबो की लोकेशन भी लिखी है। वीडी 12 के निर्माताओं ने खुद ही इस बात की जानकारी दी थी कि फिलहाल श्रीलंका में फिल्म की शूटिंग चल रही है।






## संक्षिप्त समाचार

### जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड गुजरात में 116 मेगावाट सोलर प्रोजेक्ट्स हेतु विनिंग बिडर (बोलीदाता) के रूप में उभरी

**मुंबई, एजेंसी।** जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड, सोलर पावर इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट (खरीद) और कंस्ट्रक्शन सर्विसेज़ और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सेक्टर में अग्रणी, 116 मेगावाट के लिए गुजरात में सोलर प्रोजेक्ट्स के साथ विनिंग बिडर (बोलीदाता) के रूप में उभरी है। ईपीसी रेवेन्यू 600 करोड़ रुपये का है। ये प्रोजेक्ट्स स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी पश्चिम गुजरात विज कंपनी लिमिटेड के दायरे में 27 अनेक स्थानों पर वितरित की जाएंगी। इन परियोजनाओं का लक्ष्य फीडर-लेवल सोलराइजेशन (सौरीकरण) है और लेटर ऑफ अवार्ड जारी होने के 12 महीने के अंदर इनके शुरु होने की उम्मीद है। एग्रीकल्चरल फीडर्स का सोलराइजेशन जो या तो पहले से ही अलग हैं या मुख्य रूप से अपनी वार्षिक बिजली की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ग्रिड से जुड़कर सोलर प्रोजेक्ट्स को स्थापित करके कृषि भार का काम करते हैं। फीडर लेवल पर, डिस्ट्रिब्यूशन सब-स्टेशन से सिंगल या मल्टीपल एग्रीकल्चरल फीडर्स की पावर नीड्स को पूरा करने के लिए सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट्स को तैनात किया जा सकता है।

### विजय माल्या को प्रतिभूति बाजार में प्रवेश करने से रोका, पहचान छिपाकर व्यापार करने का था आरोप



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने भगोड़े व्यवसायी विजय माल्या पर तत्काल प्रभाव से तीन साल के लिए प्रतिभूति बाजार में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। माल्या पर अपनी पहचान छिपाकर भारतीय प्रतिभूतियों में व्यापार करने का आरोप है। सेबी ने कहा, माल्या को तीन साल की अवधि के लिए किसी भी सूचीबद्ध कंपनी या सूचीबद्ध होने के लिए प्रस्तावित कंपनी के साथ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ने से रोका जाता है। शुक्रवार को जारी एक आदेश में, सेबी ने कहा कि माल्या को प्रतिभूति बाजार तक पहुंचने से रोका गया है और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिभूतियों को खरीदने, बेचने या अन्य लेनदेन करने या किसी भी तरह से प्रतिभूति बाजार से जुड़े रहने पर भी तीन साल तक प्रतिबंध लगाया गया है। इसके अलावा, प्रतिबंध की अवधि के दौरान, माल्या की म्यूचुअल फंड की इकाइयों की होल्डिंग सहित प्रतिभूतियों की मौजूदा होल्डिंग जमी रहेगी। सेबी ने अपने 37 पन्नों के आदेश में कहा कि यह स्पष्ट रूप से स्थापित है कि माल्या ने विदेश में रखे अपने अधिशेष धन को निवेश करने के लिए विदेशी संस्थागत निवेश तंत्र या मार्ग का दुरुपयोग किया है। भारत में इन कंपनियों के निवेशकों को इसका खुलासा नहीं किया है। इसलिए, मुझे लगता है कि नोटिस प्राप्तकर्ता ने भारतीय कंपनियों के शेयरधारकों के हितों की हानि के लिए एफआईआई यानी मैटरहॉर्न वेंचर्स की आड़ में अपनी पहचान छिपाकर एफआईआई मार्ग के माध्यम से निवेश करने का स्पष्ट रूप से सहारा लिया है।

# बजट में आई नई योजना, ब्लैक मनी को व्हाइट मनी में करें कन्वर्ट....

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश में कालेधन को सफेद करने के लिए मोदी सरकार ने बजट में एक नई योजना पेश की है। इस योजना के मुताबिक, यदि आपके पास छापेमारी में पकड़े जाने की स्थिति में अघोषित धन है तो आप इस पर सरकार को 60 प्रतिशत टैक्स देकर इस ब्लैक मनी को व्हाइट मनी में कन्वर्ट कर सकते है। गौरतलब है कि देश में आयकर की अधिकतम दर 30 प्रतिशत है लेकिन यदि आपके पास काला धन पकड़ा जाता है तो आपको न सिर्फ पकड़े गए धन के ऊपर बनता टैक्स देना पड़ेगा बल्कि इसके अलावा जुर्माना भी देना होगा। इसके साथ ही कई मामलों में काले धन के आरोपियो को जेल की भी सजा हो जाती है लेकिन सरकार ने इस नई य़ोजना के तहत यदि आप अपनी छुपाई गई इनकम पर सरकार को 60 फीसदी टैक्स दे देते है तो आपका मामला पहली ही सुनवाई में खत्म हो जाएगा। इस पर आपको कोई जुर्माना भी नहीं देना पड़ेगा। बजट में की गई इस घोषणा के बाद केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को उम्मीद है कि देश में बहुत सारे लोग इस नई योजना का फायदा उठाएंगा क्योंकि आयकर विभाग द्वारा की जाने वाली छापेमारी में पकड़े जाने वाले धन को लेकर लंबी कानूनी कार्रवाई चलती है जिसके कारण काला धन रखने वाले लोगों के अलावा सरकार के अफसरों का भी समय खराब होता है।

सीबीडीटी के चेयरमेन रवि अग्रवाल ने कहा कि आम तौर आयकर विभाग द्वारा तलाशी ली जाने के बाद अघोषित आय के साक्ष्यों की जांच करते है।




इसके बाद नोटिस भेजने का सिलसिला शुरू होता है और सालों तक सुनवाई चलती रहती है। अब नई योजना में यदि करदाता इनकम टैक्स के अधिकारियों द्वारा किए गए विश्लेषण को मान लेता है तो इस मामले में एक की ही सुनवाई होगी और 60 प्रतिशत टैक्स देने पर मामला खत्म भी हो जाएगा। लेकिन करदाता आकलन से ज्यादा आघोषित आय स्वीकार करता है तो अतिरिक्त रकम पर 50 फीसदी जुर्माना लगाया जा सकता है मगर अब नई योजना में पिछले 6 सालों के मामलों का एक ही बार में निपटारा हो जाएगा।

### नई योजना का मुख्य उद्देश्य

नई योजना का मुख्य उद्देश्य तलाशी के आकलन को अंतरिम रूप देना है। तलाशी की जांच में तालमेल करना और इसके तहत होने वाली कार्रवाईयों को खत्म करना है। पिछले 6 साल के एक ब्लॉक से संबंधित कुल आय पर आयकर कानून की धारा 113 में बताई गई दरों के हिसाब से टैक्स वसूला जाएगा और पिछले वर्षों की आय को ध्यान में नहीं रखा जाएगा।

## एचएसबीसी एसेट मैनेजमेंट की बढ़ी मुश्किलें, सेबी ने पुराने मामले को फिर से खोला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** म्यूचुअल फंड कंपनी एचएसबीसी एसेट मैनेजमेंट की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बाजार नियामक सेबी ने न सिर्फ एक पुराने मामले को फिर से खोल दिया है, बल्कि इसके साथ ही कंपनी पर 5 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

### सेबी ने पुराने केस को फिर से खोला

पहले भी इस मामले में एक आदेश जारी किया जा चुका था लेकिन सेबी अब मानती है कि पुराने आदेश में एचएसबीसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी के हक को बहाल करने का निर्णय त्रुटिपूर्ण था। नियामक ने उस आदेश की गलती को सुधारने के लिए मामले को दोबारा खोला है और कंपनी पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। सेबी का यह एक्शन एचएसबीसी समूह द्वारा एलएंडटी एसेट मैनेजमेंट कंपनी के अधिग्रहण से संबंधित है। एचएसबीसी ने पिछले साल मई में एलएंडटी एसेट मैनेजमेंट कंपनी का अधिग्रहण किया था और अक्टूबर 2023 में इसे अपनी एसेट मैनेजमेंट कंपनी एचएसबीसी एएमसी के साथ मर्ज कर दिया था। वर्तमान नियमों के अनुसार, एसेट मैनेजमेंट कंपनियों को निवेश निर्णयों से जुड़े सभी रिकॉर्ड को बनाए रखना होता है, जिसमें निर्णय लेने के लिए जिम्मेदार डेटा, तथ्य और राय शामिल होते हैं। एचएसबीसी एएमसी के एलएंडटी एएमसी के अधिग्रहण के मामले में इसी प्रावधान से जुड़ी गड़बड़ियां पाई गई हैं।

### पिछले साल समाप्त हुआ था मामला

सेबी ने इस मामले में 6 नवंबर 2023 को नया शो कॉज नोटिस जारी किया था। इससे पहले, 23 अगस्त 2023 को सेबी ने एचएसबीसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी के खिलाफ मामला समाप्त करते हुए कहा था कि आरोप साबित नहीं हुए थे। हालांकि, अब उस आदेश को पलट दिया गया है और कंपनी पर जुर्माना लगाया गया है।

## बनास डेयरी के बायो सीएनजी प्लांट पहुंचे सुजुकी के चेयरमेन तोशिहिरो

### स्वच्छ ईंधन के प्रयोग पर यह बोले




**नईदिल्ली, एजेंसी।** जापानी सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के चेयरमैन और सीईओ तोशीहिरो सुजुकी ने शुक्रवार को बनासकांठा के बनास डेयरी स्थित बायो सीएनजी प्लांट का दौरा किया। पिछले साल, जापान की सुजुकी और बनास डेयरी ने एनडीडीबी (राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड) के सहयोग से एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किया था और 5 नए बायो-सीएनजी संयंत्र शुरू किए थे। बनास डेयरी के भ्रमण के दौरान जापानी सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के चेयरमैन और सीईओ तोशीहिरो सुजुकी ने कहा, भारत के साथ हमारे संबंध बहुत पुराने हैं। मारुति सुजूकी भारत की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी है। हम निकट भविष्य में वाहनों में ईंधन के रूप में बायो-सीएनजी का उपयोग चाहते हैं ताकि यह पर्यावरण को प्रभावित न करे। यह एक बहुत अच्छी पहल है।

## सरकार ने चुपके से महंगी कर दी लग्जरी कारें...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वित्तमंत्री निर्मला सीतामरण ने बजट 2024-25 में लग्जरी कारों की किमतें चुपके से बढ़ा दी है। अब कोई भी व्यक्ति 10 लाख से उपर की कार या कोई अन्य सामान खरीदता हो तो इस पर 1 फीसदी की दर से टीसीएस लगाया जाएगा। मतलब साफ है देश में मर्सिडीज-बीएमडब्लू जैसी गाड़ियां खरीदने वाले लोगों को अब 50 लाख की गाड़ी के पीछे 50 हज़ार ज्यादा अदा करने पड़ेंगे। हालांकि यदि कोई व्यक्ति आयकरदाता है तो वह अपने अगले साल की इनकम टैक्स रिटर्न में सरकार द्वारा वसूली गई इस रकम का रिफंड हासिल कर सकता है।




सीबीडीटी चेयरमेन रवि अगरिवाल ने एक अंग्रेजी अखबार को दिए इंटरव्यू में कहा है कि इस टैक्स को लगाने का मकसद देश में हो रही हर तरह की लग्जरी खरीददारी पर नज़र रखना है इससे सरकार को यह अंदाजा हो जाएगा कि लोग अपना पैसा कहां खर्च कर रहे है? यदि यह पैसा आपकी अपनी मेहनत की कमाई का है और आपने अपना पैसा आयकर रिटर्नन देने के बाद बचाया है तो आप अगली रिट्रेन में टीसीएस सरकार से वापिस ले सकते है। लेकिन यदि आपके पास इस पैसे को कोई हिसाब नहीं है तो सरकार को न सिर्फ इससे कमाई हो जाएगी ब्लकि ऐसे लोगों के बारे में भी पता लगेगा कि जिनके पास बेहिसाब का पैसा है। इसके अलावा इस टैक्स का मकसद देश में हो रही लग्जरी समान की सारी खरीद को टैक्स के दायरे मे लाना भी है। दरअसल, देश में कई ऐसे धन-कूबेर है जो लग्जरी चीज़ों की खरीद तो करता है लेकिन कैश में खरीद होने के कारण इन पर सरकार को पूरा लज्जरी टैक्स नहीं देता। इस नए नियम के जरिए सरकार ने इस देश में लग्जरी सामान बेचने वालों को भी टीसीएस काटने के लिए इसमें बाध्य कर दिया है। इससे सरकार का रेवेन्यू बढ़ेगा।

# एलसीडी उत्कृष्टता में एक नए युग की शुरुआत

**भोपाल।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स (एलजी), जो एक दशक से अधिक समय से ओएलईडी तकनीक में अग्रणी है, घरेलू मनोरंजन में अपने नवीनतम नवाचार का अनावरण करने पर गर्व महसूस कर रहा है। एआई टीवी की अगली पीढ़ी 108 सेमी (43) से 246 सेमी (97) तक के आकारों में उपलब्ध है। 2024 लाइनअप में एलजी ओएलईडीईवो एआई और एलजी क्यूएनईडी एआई टीवी की सबसे उन्नत रेंज शामिल है, जिसमें दुनिया का सबसे बड़ा ओएलईडी टीवी एलजी ओएलईडी 97जी4 भी शामिल है, जो पावर पैक्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्रदर्शन का दावा करता है जो देखने के अनुभव के हर पहलू यानी पिख्र मलिटी, ऑडियो मलिटी और निजीकरण को नई ऊंचाइयों पर ले जाता है। विभिन्न देखने की प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए 55 नए मॉडल पेश किए जाने के साथ, यह लॉन्च टेलीविजन उद्योग में दृश्य उत्कृष्टता और पर्सनलाइजेशन की सीमाओं को आगे बहाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स प्रसिद्धता की पुष्टि करता है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स भोपाल के शाखा प्रबंधक ने कहा, 'हमें नेक्स्ट तरेशन के एआई टीवी को पेश करने पर गर्व महसूस हो रहा है, जो ओएलईडी और प्रीमियम एलईडी प्रौद्योगिकियों दोनों में नवाचार के मामले में अग्रणी है। एलजी 2024 एलजी ओएलईडीईवो एआई और एलजी क्यूएनईडी एआई टीवी लाइनअप एक उन्नत प्रोसेसर के साथ देखने के अनुभव को एक नए स्तर पर ले जाता है ।




## सथलोखर सिनर्जिस ई एंड सी ग्लोबल लिमिटेड का आईपीओ 30 को खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** सथलोखर सिनर्जिस ई एंड सी ग्लोबल लिमिटेड सभी क्षेत्रों में व्यापक डिजाइन और बिल्ड सेवाएं ऑफर करने वाली समन्वित ईपीसी कंपनी के रूप में उभरी है. कंपनी ने 30 जुलाई 2024 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग (आईपीओ) के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है. उसका इरादा इस आईपीओ के मार्फत ? 92.93 करोड़ एकत्र करना है .कंपनी के शेयर्स सेट एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे. इश्यू साइज 10 प्रत्येक सम भाव पर 66,38,000 इक्विटी शेयर्स तक है. 2024 को खुलेगी और इश्यू अभिदान के लिए 30 जुलाई, 2024 को खुलेगा और 01 अगस्त 2024, को बंद होगा.

## एंथे द्वारा कक्षा सातवीं से बारहवीं के छात्रों के लिए 100 फीसदी तक छात्रवृत्ति और नकद पुरस्कार की पेशकश

**भोपाल।** अपनी प्रमुख छात्रवृत्ति परीक्षा एंथे के गौरवशाली 15 वर्षों को पूरा करते हुए, परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने गर्व से बहुप्रतीक्षित आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम (एंथे) 2024 के लांच की घोषणा की है। एंथे लोकप्रिय और सबसे अधिक मांग वाली परीक्षा है, जो सातवीं-बारहवीं कक्षा के छात्रों को महत्वपूर्ण नकद पुरस्कारों के साथ 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति अर्जित करने का मौका देती है, जिससे उन्हें चिकित्सा या इंजीनियरिंग में एक सफल करियर के अपने सपनों को हासिल करने में मदद मिलती है।इस वर्ष, इसे विशेष और रोमांचक बनाने के लिए इसमें पांच उत्कृष्ट छात्रों के लिए फ्लोरिडा, यूएसए में कैनेडी स्पेस सेंटर की पांच दिवसीय पूर्ण-खर्च-भुगतान यात्रा शामिल की गई है। फ्लोरिडा में स्थित जॉन एफ कैनेडी स्पेस सेंटर, संयुक्त राज्य




अमेरिका में नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के दस फील्ड सेंटरों में से एक है।

एंथे छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ताओं को आकाश के व्यापक कोचिंग कार्यक्रमों से लाभ होगा, जो छात्र नीट, जेईई, राज्य सीईटी और एनटीएसई और ओलंपियाड जैसी छात्रवृत्ति परीक्षाओं के लिए तैयारी करते हैं। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के सीईओ और एमडी श्री दीपक मेहरोत्रा ??ने कहा, आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम (एंथे) ने अनगिनत छात्रों की आकांक्षाओं और क्षमताओं के बीच अंतर को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एंथे के इन 15 वर्षों का जश्न मनाते हुए, हमने अपने पाठ्यक्रमों को पूरे देश में योग्य छात्रों के लिए सुलभ बनाने का काम किया है, चाहे उनका स्थान कोई भी हो। एंथे छात्रों को, चाहे वे कहीं भी हों, अपनी गति से नीट और आईआईटी-जेईई परीक्षाओं की तैयारी करने में सक्षम बनाता है। हम एंथे 2024 में मजबूत भागीदारी की आशा करते हैं और छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन करने के लिए समर्पित हैं।

## आईआईटी मद्रास के शोध से पता चला कि आर्टिस्टिक थिरैपी से कॉर्पोरेट फर्मों के कर्मचारियों के काम में निखार आएगा

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) के एक शोध से पता चला है कि किसी संगठन में कर्मचारियों की क्रिएटिविटी और अभिव्यक्ति क्षमता बढ़ाने का सही माहौल दिया जाए तो कारोबार के कठिन दौर में भी अधिक सफलता मिल सकती है। दरअसल कई कॉर्पोरेट संगठन जैसे कि बॉस्टन कंसल्टिंग ग्रुप, ज़ेरॉक्स पार्क, सीमेंस और आईबीएम अपने-अपने कारोबार के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पहले से ही 'आर्ट थिरैपी'का लाभ ले रहे हैं ।आईआईटी मद्रास के शोध में कर्मचारियों के बेहतर काम करने के लिए उन्हें कार्य में अभिव्यक्ति कला का लाभ लेने का सुझाव दिया गया है और यह बताया गया है कि इससे एक बेहतर कॉर्पोरेट कल्चर बनेगा।

यह शोध करने वाली आईआईटी मद्रास के प्रबंधन अध्ययन विभाग में प्रोफेसर वीविजयलक्ष्मी और डॉक्टरेट कर रही उनकी छात्रा सुश्री जननी एम ने कॉर्पोरेट कर्मियों की कार्य क्षमता बढ़ाने और अधिकतम करने के कई तरीके बताए। यह शोध जर्नल ऑफ़ ऑर्गनाइज़ेशनल चेंज मैनेजमेंट में प्रकाशित है। शोध की सह-लेखिका प्रो. वी. विजयलक्ष्मी, प्रबंधन अध्ययन विभाग, आईआईटी मद्रास ने इस के मुख्य निष्कर्ष बताते हुए कहा, ''विभिन्न संस्कृतियों में कला का महत्वपूर्ण इतिहास रहा है और यह लोगों के विचारों, भावनाओं और व्यवहारों को आकार देने में सक्षम है।प्रशिक्षण देने की प्रचलित पद्धतियों की तुलना में यदि अनुभव और कला की अभिव्यक्ति पर जोर दें तो कार्मिकों की अधिक सकारात्मक मनोदशा बनती है।उनकी संरचना शक्ति और इनोवेशन बढ़ता है ।

## डी'डेकोर के कॉन्शस फैब्रिक ब्रांड संसार ने ब्रांड एंबेसडर रणवीर सिंह के साथ नया राष्ट्रीय टीवीसी लॉन्च किया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** होम डेकोर फैब्रिक्स में अग्रणी डीडेकोर ने अपने नए ब्रांड संसार के राष्ट्रीय रिटेल लॉन्च की घोषणा की। 50 मेट्रो और गैर-मेट्रो शहरों के 350 स्टोर्स में उपलब्ध, संसार कॉन्शस लिविंग के प्रति समर्पित है और मन से तैयार किए गए होम डेकोर फैब्रिक्स की पेशकश करता है। लॉन्च से पहले, संसार ने एक नया टीवीसी लॉन्च किया, जिसमें ब्रांड एंबेसडर और बॉलीवुड सुपरस्टार, पावरहाउस रणवीर सिंह लिव कॉन्शसली टैगलाइन के साथ दिखाई दे रहे हैं। यह विज्ञापन संसार की माइंडफुल लिविंग के प्रति प्रतिबद्धता के साथ मेल खाता है। यह उन घरों को दर्शाता है जहां हर चुनाव का पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। रणवीर सिंह का संसार के साथ जुड़ाव ब्रांड के संदेश को स्पष्ट करता है कि स्टाइल को पर्यावरणीय जागरूकता के साथ सहजता से जोड़ा जा सकता है, जिससे उपभोक्ताओं को अपने रहने के स्थान को जिम्मेदारी से सुधारने का अवसर मिलता है। लॉन्च के बारे में टिप्पणी करते हुए, संसार की बिजनेस हेड, संजना अरोड़ा ने कहा, संसार को अपने प्रीमियम, मिनिमलिस्टिक फैब्रिक्स पर गर्व है जो भारत में तैयार किए गए हैं। ये उत्पाद हमारे व्यापक एक्सक्लूसिव रिटेल आउटलेट्स नेटवर्क के माध्यम से प्रमुख मेट्रो, टियर 1, 2 और 3 शहरों में उपलब्ध होंगे। बॉलीवुड के पावरहाउस रणवीर सिंह की उपस्थिति के साथ इस विस्तार से हमारे ग्राहकों को गहराई से प्रभावित करने वाले उच्च गुणवत्ता वाले होम डेकोर सॉल्यूशंस प्रदान करने पर हमारा ध्यान केंद्रित है। हम आपको इस संग्रह को एक्सप्लोर करने के लिए आमंत्रित करते हैं, जिसे मस्तिष्क और सौंदर्य दोनों को समृद्ध करने के लिए क्यूरेट किया गया है।

संसार की क्रिएटिव डायरेक्टर, सारा अरोड़ा ने कहा, संसार में, हम ऐसे स्पेस बनाने में विश्वास करते हैं जो प्रेरणा और उत्थान का कारण बनते हैं, अपने उपभोक्ताओं को स्टाइल और स्थिरता का अनोखा मिश्रण प्रदान करते हैं। प्रत्येक पीस गुणवत्ता, कलात्मकता और अभिनव डिज़ाइन का प्रतीक है, जो रहने की जगहों को एक साथ सुंदरता और पर्यावरणीय चेतना के साथ सुधारता है। संसार के ब्रांड एम्बेसडर, रणवीर सिंह ने कहा, संसार एक दृष्टि का प्रतिनिधित्व करता है जो मेरे दिल के करीब है; एक दृष्टि जहां घर केवल स्थान नहीं हैं, बल्कि हमारे मूल्यों और आकांक्षाओं का प्रतिबिंब होते हैं। यह उन चुनावों के बारे में है जो हमारे जीवन के हर पहलू में उद्देश्य के साथ मेल खाते हैं। डीडेकोर परिवार का हिस्सा बनकर मुझे खुशी हो रही है क्योंकि हम इस संग्रह को दर्शकों तक पहुंचाते हैं।जुलाई से शुरू होकर, संसार प्रीमियम सॉफ्ट फर्निशिंग फैब्रिक्स का एक व्यापक संग्रह प्रस्तुत करेगा, जिसमें पर्दे और असबाब शामिल हैं, इसके बाद आने वाले महीनों में किसी भी रहने की जगह को ऊंचाई देने के लिए डिज़ाइन किए गए प्रीमियम होम डेकोर फैब्रिक्स की एक व्यापक रेंज होगी।

## कजाकिस्तान ने पेरिस 2024

# ओलंपिक का पहला पदक जीता



**पेरिस (एजेंसी)।** कजाकिस्तान ने पेरिस 2024 ओलंपिक का पहला पदक अपने नाम कर लिया है। चेटेउरौक्स में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक मैच में जर्मनी को 17-5 से हराया। चीन और कोरिया गणराज्य, शीर्ष दो क्वालीफायर, एक ही स्पर्धा में खेलों के पहले स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। कजाख निशानेबाज एलेक्जेंड्रा ले और इस्लाम सतपायेव ने पहला राउंड 21.4-20.7 से जीतकर 2-0 की बढ़त बना ली। जर्मनी की अन्ना जानसेन और मैक्सिमिलियन उलब्रिच 3-3 और 4-4 से बराबरी करने में सफल रहीं लेकिन कभी बढ़त नहीं ले सकीं। ले और सतपायेव ने अगले तीन राउंड जीतकर स्कोर 10-4 कर दिया। हालाँकि जर्मनों ने निम्नलिखित को बराबर करने में कामयाबी हासिल की, लेकिन इससे अपरिहार्य में देरी हुई क्योंकि कज़ाकों ने एक आरामदायक जीत हासिल की। क्वालिफिकेशन राउंड में भी कजाकिस्तान तीसरे स्थान पर रहा था जबकि जर्मनी चौथे स्थान पर रहा था। भारतीय निशानेबाजों की बात करें तो वह 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम क्वालीफिकेशन चरण में बाहर हो गए। भारत की दो जोड़ियां इस स्पर्धा में भाग ले रही थी। रमिता और अर्जुन बाबूता 628.7 के कुल स्कोर के साथ छठे, जबकि इलावेनिल वलारिवन और संदीप सिंह 626.3 के कुल स्कोर के साथ 12वें स्थान पर रहे। रमिता और अर्जुन की जोड़ी ने एक समय उम्मीद बनाई थी। यह भारतीय जोड़ी तीन शॉट शेष रहते पांचवें स्थान पर थी, लेकिन आखिर में पदक राउंड के कट ऑफ से 1.0 अंक पीछे रह गई। अर्जुन ने दूसरी सीरीज में शानदार शुरुआत की और 10.5, 10.6, 10.5, 10.9 का स्कोर बनाया। रमिता ने दूसरी सीरीज में 10.2, 10.7, 10.3, 10.1 का स्कोर बनाया। इससे यह जोड़ी शीर्षक आठ में तो पहुंच गई लेकिन पदक राउंड में जगह बनाने के लिए यह स्कोर पर्याप्त नहीं था। पदक राउंड में पहुंचने के लिए शीर्ष 4 में जगह बनाना जरूरी था।

## दो रन पर झटके तीन विकेट, वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाजों ने इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेला



**बर्मिंघम (एजेंसी)।** इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे टेस्ट सीरीज के तीसरे मैच के पहले दिन गेंदबाजों को जोर देखने को मिला। बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर वेस्टइंडीज ने अच्छी शुरुआत की। 76 रन पर टीम को कोई विकेट नहीं गिरा था। यहां से वापसी करते हुए इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 282 रनों पर ऑलआउट कर दिया। वेस्टइंडीज ने भी इंग्लैंड को टॉप-3 बल्लेबाजों को आउट कर दिया है। अभी भी मेहमान टीम के पास 244 रनों की बढ़त है।

### इंग्लैंड के तेज गेंदबाज चमके

कप्तान क्रेग ब्रेथवेट ने अर्धशतक लगाकर वेस्टइंडीज को अच्छी शुरुआत दिलाई। पहले विकेट के लिए उन्होंने मिक्ली लुइस के साथ 76 रन जोड़े। लुइस 26 रन बनाकर गस एटनिंसन का शिकार बने। इसके बाद किर्क मैकेंजी 12 और एलिक अथानजे 2 रन बनाकर आउट हो गए। ब्रेथवेट (61) और कैवेम हॉग (13) के आउट होने के बाद वेस्टइंडीज का स्कोर 5 विकेट पर 115 रन हो गया। 39 रन बनाने में टीम 5 विकेट खो चुकी थी। यहां से जेसन होल्डर और विकेटकीपर जोशुआ डा सिल्वा ने पारी को संभालने का काम किया। दोनों ने शतकीय साझेदारी की। होल्डर ने 59 रनों की पारी खेली लेकिन सिल्वा एक रन से अर्धशतक चूक गए। दोनों के बीच 109 रनों की साझेदारी हुई। निचले क्रम में अल्जारी जोसेफ ने 15 तो नंबर-11 शमार जोसेफ ने 16 रनों का योगदान दिया। वेस्टइंडीज पहली पारी में 282 तक पहुंचने में सफल रहा। एटकिंसन को 4 जबकि क्रिस वोक्स को तीन विकेट मिले।

### इंग्लैंड की शुरुआत रही खराब

इंग्लैंड ने तेज शुरुआत करने की कोशिश की। चौथे ओवर में टीम का स्कोर 29 रन था। लेकिन फिर 2 रन बनाने में तीन विकेट गिर गए। ओपनर जैक क्राउली और बेन डकेट लगातार दो गेंद पर पवेलियन लौट गए। फिर इंग्लैंड ने नाइटवॉच मैन के रूप में मार्कवुक को उतारा। वह भी खाता खोले बिना जायडेन सील्स का शिकार बने। दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड का स्कोर 3 विकेट पर 38 रन है। जो रूट और ओली पोप क्रीज पर टिके हैं।

## पेरिस ओलंपिक का हुआ भव्य आगाज

- सिंधु-शरत ने की भारतीय दल की अगुवाई

**पेरिस, एजेंसी।** ओलंपिक 2024 का आगाज हो गया है। फ्रांस की राजधानी पेरिस में रंगारंग कार्यक्रम, संगीत, नृत्य और साहित्य के साथ फ्रांसीसी जुनून का नजारा पूरी दुनिया ने देखा। करीब चार घंटे चली सेरेमनी में पॉप स्टार लेडी गागा, आया नाकामुरा जैसे सुपर स्टार्स ने परफॉर्म किया। बारिश ने इन परफॉर्मेंस में चार-चांद लगाया। साथ ही ओलिंपिक मशाल लिए एक मिस्टीरियस मैन आकर्षण का केंद्र रहा। शुक्रवार शाम एक शानदार ओपनिंग सेरेमनी के साथ पेरिस ओलंपिक का भव्य आगाज हो चुका है। यह पहला मौका रहा, जब किसी स्टेडियम से बाहर ओपनिंग सेरेमनी हुई। कार्यक्रम की शुरुआत ग्रीस के प्रतिनिधियों द्वारा नदी में नावों पर राष्ट्रों की परेड में लगभग 200 देशों के एथलीटों का नेतृत्व करने के साथ हुई। भारतीय दल 84वें नंबर पर आया। इसमें पीवी सिंधु और शरत कमल तिरंगा थामे नजर आए। सबसे अंत में मेजबान फ्रांस का दल आया। खिलाड़ी सीन नदी में नाव के सहारे परेड करते नजर आए। इसमें 200 से ज्यादा देशों के करीब 7,000 से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। भारत के लिए पीवी सिंधु और शरत कमल ध्वजवाहक रहे। ओपनिंग सेरेमनी के साथ ही पेरिस ओलंपिक 2024 की आधिकारिक रूप से शुरुआत हो गई है।

## चीन ने जीता पेरिस ओलिंपिक का पहला गोल्ड, 17 और 19 साल के शूटर ने किया कमाल

**पेरिस (एजेंसी)।** 2024 पेरिस ओलिंपिक का पहला गोल्ड मेडल चीन के खाते में गया है। 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट के गोल्ड मेडल मुकाबले में चीन ने साउथ कोरिया को 16-12 से हराया। हुआंग यूटिंग और शेंग लिहाओ ने यह



गोल्ड मेडल जीता। यूटिंग 19 साल के हैं तो शेंग की उम्र सिर्फ 17 साल है। क्वालिफिकेशन राउंड में भी चीन की जोड़ी टॉप पर थी। यह जोड़ी इस इवेंट की वर्ल्ड चैंपियन भी है। साउथ कोरिया के केउम जिहयोन और हाजुन पार्क को सिल्वर से संतोष करना पड़ा।

**यूटिंग का दूसरा ओलिंपिक मेडल** - ओलिंपिक में यह हुआंग यूटिंग का दूसरा मेडल है। 16 साल की उम्र में उन्होंने पेरिस ओलिंपिक में 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया था। शेंग लिहाओ ने 17 साल की उम्र में अब लगभग सभी इवेंट में गोल्ड मेडल जीत लिए हैं। उनके नाम वर्ल्ड चैंपियनशिप में तीन गोल्ड हैं। इसके अलावा पिछले साल एशियन गेम्स में भी उन्होंने तीन गोल्ड मेडल जीते थे।

**कैसे होता है विजेता का फैसला** - क्वालिफिकेशन राउंड में टॉप-2 पर रहने वाली जोड़ी के बीच खिताबी मुकाबला होता है। फाइनल में हर राउंड के विजेता को दो पॉइंट मिलते हैं। हर टीम का एक शूटर एक-एक बार शूट करता है। इसके बाद दोनों के पॉइंट को जोड़ दिया जाता है। ज्यादा पॉइंट हासिल करने वाली टीम को 2 अंक दे दिए जाते हैं। पहेल 16 अंत पर पहुंचने वाली टीम विजेता होती है। पहले राउंड में साउथ कोरिया की जोड़ी ने जीत हासिल की। इसके बाद चीन ने लगातार तीन राउंड में जीत हासिल की।

**कजाकिस्तान ने जीता ब्रॉन्ज मेडल** - कजाकिस्तान की जोड़ी एलेक्जेंड्रा ले और इस्लाम सतपायेव ने ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया। ब्रॉन्ज मेडल मुकाबले में इस जोड़ी के सामने जर्मनी की चुनौती थी। एलेक्जेंड्रा ले और इस्लाम सतपायेव ने 630.8 अंक के साथ इस मैच के लिए क्वालिफाई किया था। ब्रॉन्ज मेडल का मुकाबला एकतरफा रहा। अन्ना जानसेन और मैक्सिमिलियन उलब्रिच की जर्मन जोड़ी 17-5 से हार गई। इस तरह 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट के सभी तीन मेडल एशियाई देश को खाते में आए।

## सरबजोत और अर्जुन चीमा की जोड़ी हारी

### 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित स्पर्धा से भारतीय शूटर बाहर



**पेरिस (एजेंसी)।** एयर राइफल मिश्रित टीमें की ओलंपिक खेलों में शनिवार को यहां निराशाजनक शुरुआत के बाद सरबजोत सिंह और अर्जुन सिंह चीमा ने टुकड़ो में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में जगह नहीं बना सके। सरबजोत क्वालिफिकेशन में 577 के कुल स्कोर के साथ 9वें स्थान पर रहे जबकि अर्जुन 574 के स्कोर के साथ 18वें स्थान पर रहे। 8वें स्थान के साथ फाइनल में जगह बनाने वाले जर्मनी के रॉबिन वाल्टर का स्कोर भी 577 था लेकिन उन्होंने सरबजोत के 16 के मुकाबले 17 सटीक निशाने लगाए थे।

सरबजोत चौथी सीरीज में परफेक्ट 100 का स्कोर करने के बाद शीर्ष तीन में पहुंच गए थे, लेकिन 22 साल का यह निशानेबाज लय बरकरार रखने में नाकाम रहा और मामूली अंतर से फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। चीमा भी एक समय चौथे स्थान पर पहुंच गए थे लेकिन वह भी इस लय का बरकरार नहीं रख सके। चीमा और सरबजोत दोनों उस भारतीय टीम का हिस्सा थे जिसने पिछले साल हांगझोऊ में एशियाई खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्वर्ण पदक जीता था।

इससे पहले भारतीय निशानेबाज 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम क्वालीफिकेशन चरण में बाहर हो गए। भारत की दो जोड़ियां इस स्पर्धा में भाग ले रही थी। रमिता जिंदल और अर्जुन बाबूता 628.7 के कुल स्कोर के साथ छठे, जबकि इलावेनिल वलारिवन और संदीप सिंह 626.3 के कुल स्कोर के साथ 12वें स्थान पर रहे। रमिता और अर्जुन की जोड़ी ने एक समय उम्मीद बनाई थी। यह भारतीय जोड़ी तीन शॉट शेष रहते 5वें स्थान पर थी, लेकिन आखिर में पदक राउंड के कट ऑफ से 1.0 अंक पीछे रह गई।

अर्जुन ने दूसरी सीरीज में शानदार शुरुआत की और 10.5, 10.6, 10.5, 10.9 का स्कोर बनाया। रमिता ने दूसरी सीरीज में 10.2, 10.7, 10.3, 10.1 का स्कोर बनाया। इससे यह जोड़ी शीर्षक आठ में तो पहुंच गई लेकिन पदक राउंड में जगह बनाने के लिए यह स्कोर पर्याप्त नहीं था। पदक राउंड में पहुंचने के लिए शीर्ष चार में जगह बनाना जरूरी था। चीन, कोरिया और कजाकिस्तान की टीम क्वालिफिकेशन दौर में पहले तीन स्थानों पर रही।

### ओलंपिक नौकायन

## भारत के बलराज हीट में चौथे स्थान पर, रेपेचेज में पहुंचे



**चेटेरोक्स (फ्रांस) (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक में हिस्सा ले रहे भारत के एकमात्र नौकायन (रोइंग) खिलाड़ी बलराज पंवार शनिवार को यहां पुरुष एकल स्कल स्पर्धा की पहली हीट (शुरुआती रेस) में चौथे स्थान पर रहे और अब रेपेचेज में हिस्सा लेंगे। पच्चीस साल के बलराज ने सात मिनट 7.11 सेकेंड का समय लिया। वह न्यूजीलैंड के थॉमस मैकिनटोश (छह मिनट 55.92 सेकेंड), स्टीफानोस एनतोस्कोस (सात मिनट 1.79 सेकेंड) और अब्देलखालेक एलबाना (सात मिनट 5.06 सेकेंड) से पीछे रहे। प्रत्येक हीट से शीर्ष तीन ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। रेपेचेज के जरिए बलराज को सेमीफाइनल या फाइनल में जगह बनाने का दूसरा मौका मिलेगा। बलराज चीन में 2022 एशियाई खेलों में चौथे स्थान पर रहे थे और कोरिया में एशियाई तथा ओसियाना ओलंपिक क्वालीफिकेशन रेगाटा में कांस्य पदक जीता था।

## भारतीय निशानेबाज 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित स्पर्धा के क्वालीफिकेशन में बाहर



**पेरिस (एजेंसी)।** भारतीय निशानेबाज शनिवार को यहां ओलंपिक खेलों के 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम क्वालीफिकेशन चरण में बाहर हो गए। भारत की दो जोड़ियां इस स्पर्धा में भाग ले रही थी। रमिता और अर्जुन बाबूता 628.7 के कुल स्कोर के साथ छठे, जबकि इलावेनिल वलारिवन और संदीप सिंह 626.3 के कुल स्कोर के साथ 12वें स्थान पर रहे। रमिता और अर्जुन की जोड़ी ने एक समय उम्मीद बनाई थी। यह भारतीय जोड़ी तीन शॉट शेष रहते पांचवें स्थान पर थी, लेकिन आखिर में पदक राउंड के कट ऑफ से 1.0 अंक पीछे रह गई। अर्जुन ने दूसरी सीरीज में शानदार शुरुआत की और 10.5, 10.6, 10.5, 10.9 का स्कोर बनाया। रमिता ने दूसरी सीरीज में 10.2, 10.7, 10.3, 10.1 का स्कोर बनाया। इससे यह जोड़ी शीर्षक आठ में तो पहुंच गई लेकिन पदक राउंड में जगह बनाने के लिए यह स्कोर पर्याप्त नहीं था। पदक राउंड में पहुंचने के लिए शीर्ष 4 में जगह बनाना जरूरी था। चीन, कोरिया और कजाकिस्तान की टीम क्वालीफिकेशन दौर में पहले तीन स्थानों पर रही।

## ग्रेटर नोएडा में होगा अफगानिस्तान बनाम न्यूजीलैंड टेस्ट, पक्की हुई तारीख

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान उत्तर प्रदेश में ग्रेटर नोएडा के अपने घरेलू मैदान पर सितंबर में



न्यूजीलैंड के साथ अपना एकमात्र टेस्ट मैच खेलेगा। यह अफगानिस्तान का कुल 10वां तथा वर्ष 2024 में तीसरा टेस्ट मैच होगा। इसके अलावा यह ग्रेटर नोएडा में भी पहला टेस्ट मैच होगा। यह टेस्ट मैच 9 से 13 सितंबर के बीच होने की संभावना है। इसके बाद केवल इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका ही ऐसी टीमें बचेंगी, जिनके साथ अफगानिस्तान ने टेस्ट मैच नहीं खेला है।

इसके लगभग एक महीने बाद 16 अक्तूबर से न्यूजीलैंड का भारत दौरा शुरू होगा, जहां मेहमान टीम को तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। इन दोनों सीरीज के बीच में न्यूजीलैंड की टीम टेस्ट सीरीज खेलने श्रीलंका भी जाएगी। जिनकी तारीखों की घोषणा होनी अभी शेष है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष अफगानिस्तान ने श्रीलंका और आयरलैंड के साथ दो टेस्ट मैच खेले हैं तथा दोनों ही मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा था।

## टीम इंडिया को टेस्ट में भी मिलेगा नया उपकप्तान, जसप्रीत बुमराह का हटाया जाना लगभग तय!

### शुभमन गिल को टेस्ट में भी मिलेगी जिम्मेदारी



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** शुभमन गिल बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला में भारतीय क्रिकेट टीम के उप-कप्तान के रूप में जसप्रीत बुमराह की जगह लेंगे। साथ ही, वह श्रीलंका के खिलाफ टी20 और वनडे में भी उप-कप्तान होंगे। सूर्यकुमार यादव ने टी20 कप्तान के रूप में पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की आक्रामक शैली को जारी रखने की योजना बनाई है। शुभमन गिल बांग्लादेश के खिलाफ आने वाली टेस्ट सीरीज में जसप्रीत बुमराह की जगह भारतीय क्रिकेट टीम के उपकप्तान बना जा सकते हैं। श्रीलंका दौरे पर वह वनडे और टी20 टीम के उपकप्तान हैं। रेवस्पोर्ट्ज के अनुसार गिल को टेस्ट क्रिकेट में भी अहम जिम्मेदारी दी जाएगी। गिल को इस समय सभी प्रारूपों में कप्तानी के बड़े दावेदारों में से एक माना जाता है। बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज की बात करें तो पहला टेस्ट 19 सितंबर को चेन्नई में खेला जाएगा, जबकि दूसरा मुकाबला 27 सितंबर को नागपुर के ग्रीन पार्क में खेला जाएगा।

**बुमराह के लिए सभी मैच खेलना मुश्किल** - जसप्रीत बुमराह के साथ सबसे बड़ी समस्या फिटनेस की है। हालांक पिछले कुछ समय से वह पूरी तरह फिट दिख रहे हैं लेकिन इसके बाद भी उनका सभी मैच खेल पाना मुश्किल है। उनका वर्कलोड मैनेज करना पड़ता है। यही वजह है कि भारत को कोई ऐसा उपकप्तान चाहिए जो सभी मैच खेल सके।

- **भविष्य की तरफ देख रहे चयनकर्ता** - श्रीलंका दौरे पर टीम इंडिया के जाने से पहले मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और हेड कोच गौतम गंभीर ने मीडिया से बात की थी। वहां अगरकर ने बताया था कि गिल को क्यों उपकप्तान बनाया गया। उन्होंने कहा था, हमें लगता है कि शुभमन एक मजबूत उम्मीदवार हैं। वह सभी प्रारूपों में खेलते हैं और पिछले साल ड्रेसिंग रूम से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर उन्होंने अच्छे गुण दिखाए हैं। हम चाहते हैं कि वह सूर्या या रोहित जैसे खिलाड़ियों से सीखें। इस तरह, अगर चोट लगती है या फॉर्म खराब होती है तो हमें कप्तान के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ेगा। हम उन्हें आगे विकसित होने के लिए अनुभव देना चाहते हैं। कोई गारंटी नहीं है, लेकिन यही मौजूदा योजना है।

## श्रीलंका, पाकिस्तान को 3 विकेट से हराकर महिला एशिया कप के फाइनल में

**दांबुला (एजेंसी)।** कप्तान चामारी अट्टापटू (63) रनों की शानदार पारी की बदौलत श्रीलंका ने शुक्रवार को महिला एशिया कप के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में पाकिस्तान को 4 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है जहां रविवार को भारतीय टीम के साथ उसकी खिताबी भिड़ंत होगी। 141 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 19 रन पर अपने 2 विकेट गंवा दिए। विश्मी गुणारत्ने (शून्य) और हर्षिता समाराविक्रमा (12) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी कविशा दिलहारी ने कप्तान अट्टापटू के साथ पारी को संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 59 रन जोड़े।

12वें ओवर में सादिया इकबाल ने समाराविक्रमा (17) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। नीलाक्षी डिसिल्वा (शून्य), हसिनी परेरा (3) और सुगंधिका कुमारी (10) रन बनाकर आउट हुई। अनुष्का



संजीवनी 22 गेंदों में 23 रन बनाकर नाबाद रही। श्रीलंका की टीम ने 19.5 ओवर में 7 विकेट पर 141 रन बनाकर मुकाबला 3 विकेट से जीत लिया। पाकिस्तान की ओर से सादिया इकबाल ने 4 विकेट लिए। निदा डार और ओमाइमा सोहैल ने 1-1 बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मुनीबा अली (37) और गुल फिरोजा (25) रनों की पारियों के दम पर पाकिस्तान ने श्रीलंका को दिया 141 रनों का लक्ष्य दिया। बल्लेबाजी करने उतरी मुनीबा अली और गुल फिरोजा की सलामी जोड़ी ने पाकिस्तान को धीमी लेकिन अच्छी शुरुआत देते हुए पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। 10वें ओवर में उदेशिका प्रबोधनी ने गुल फिरोजा को डिसिल्वा के हाथों कैच आउट कराकर श्रीलंका को पहली सफलता दिलाई।

इसके बाद इसी ओवर में प्रबोधनी ने मुनीबा अली को बोल्ड कर पाकिस्तान को दूसरा झटका दिया। गुल फिरोजा ने 24 गेंदों में 25 रन बनाये। वहीं मुनीबा अली ने 34 गेंदों में 37 रनों की पारी खेली। सिदरा अमीन (10) और कप्तान निदा डार (23) रन बनाकर आउट हुई। फातिमा सना ने 17 गेंदों में नाबाद (23) और आलिया रियाज ने 15 गेंदों में नाबाद (16)रन बनाये। पाकिस्तान ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 140 का स्कोर खड़ा किया। श्रीलंका की ओर से उदेशिका प्रबोधनी ओर कविशा दिलहारी ने 2-2 विकेट लिए।

संक्षिप्त समाचार



## बिहार के बांका में नहर में पलटी बच्चों से भरी स्कूल वैन, पानी में तैरने लगी गाड़ी

**बांका , एजेंसी।** बिहार के बांका में शनिवार को बच्चों को लेकर जा रही स्कूल वैन नहर में पलट गई। घटना शंभूगंज-जिलानी मुख्य सड़क पर पौकरी पंचायत के बिहार भलूआ गांव समीप हई। गीता ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल गुलनी कुशहा का वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। स्कूली बच्चों से भरा मैजिक वाहन दस फीट गढ्ढे पानी से भरे नहर में पलटी मार दी। जिसमें कुछ बच्चे जख्मी हो गए। जख्मी बच्चे भलूआ, चकरतनी, सिलौटा सहित अन्य गांवों के विद्यार्थी वाहन पर सवार थे। हांलांकि वाहन के पलटी मारने के पहले चालक की सूझबूझ से अधिकांश बच्चे सुरक्षित बाहर निकल गए। तब तक चंद मिनटों में वाहन पानी से सराबोर नहर में मैजिक तैरने लगी। वहीं अफरा - तफरी का माहौल बना रहा। बच्चों की चित्कार एवं शोरगुल की आवाज सुनकर खेत में काम कर रहे किसान व मजदूर घटनास्थल पर पहुंच गए। सबने एक साथ मिलकर मदद के लिए हाथ बढ़ाया। लोगों की मदद से गाड़ी में फंसे बच्चों को पानी से बाहर निकाल लिया गया। बाद में गाड़ी को भी बाहर कर लिया गया। इस घटना में चालक बाल-बाल बच गया जबकि कुछ बच्चे चोटिल भी हुए। चालक ने बताया कि स्कूल वाहन पर सवार मुस्कान कुमारी, मनीषा कुमारी, जूली कुमारी, अमरजीत कुमार, साकेत कुमार, आलोक कुमार, सुधांशु कुमार, अमूली सहित अन्य बच्चे मैजिक वाहन पर एक दर्जन से बच्चे सवाह होकर स्कूल जा रहे थे। भगवान का शुक्र है कि इस हादसे में स्कूली बच्चे की जान बच गई। दुर्गा स्थान के समीप गुलनी कुशहा का उक्त विद्यालय चार माह पूर्व भी पलटी मारी थी। जिसमें दस बच्चे बाल बाल बच गए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक के मल्लिक ने बताया कि तकनीकी गड़बड़ी से घटना हुई है। ?जिसमें सभी बच्चे सुरक्षित हैं। बच्चों के गार्जियन को सूचना दे दी गई है और सबको स्कूल भेज दिया गया है।

## बिहार में फिर मॉब लिंचिंग; समस्तीपुर में ई रिक्शा चालक की पीट-पीटकर हत्या

**पटना , एजेंसी।** कड़े कानून के बावजूद बिहार में मॉब लिंचिंग की घटनाएं रुक नहीं रही हैं। ताजा माला समस्तीपुर का है जहां एक शख्स इसका शिकार बन गया। घटना रोसड़ा थाना के बाघोपुर की है जहां एक ई रिक्शा चालक की बदमाशों ने पीट पीट कर हत्या कर दी। शुक्रवार देर शाम बांध किनारे स्थित झाड़ी से पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर शव बरामद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस इस मामले में कानूनी कार्रवाई कर रही है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की रोसड़ा थाना क्षेत्र के गायघाट के स्वर्गीय रामविलास चौधरी के 33 वर्षीय पुत्र कुंदन चौधरी उर्फ छोटे के रूप में पहचान की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। एफएसएल की टीम को भी बुलाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ई रिक्शा चालक शुक्रवार सुबह ई रिक्शा लेकर घर से निकला था। बाघोपुर चौक पर उसे दस बजे लोगों ने देखा भी था। उसके बाद वह अचानक लापता हो गया। जिसके बाद परिजन उसकी खोज कर रहे थे। परिजन उसकी मोबाइल पर लगातार कॉल भी कर रहे थे, लेकिन उन्हें जबाव नहीं मिल रहा था। बताया गया है कि देर शाम बाघोपुर के लोगो की बांध किनारे स्थित झाड़ी में पड़ी लाश पर नजर पड़ी। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। जिस पर पुलिस पहुंची। बाद में रोसड़ा डीएसपी सोनल कुमारी भी पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। बताया गया है कि युवक के शरीर पर जगह जगह चोट के निशान थे। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि उसकी पीट पीट कर हत्या की गयी है। हालांकि फिलहाल यह स्पष्ट नही हो पाया है कि किन लोगों ने और किस कारण इस घटना को अंजाम दिया है। परिजन ने भी पुलिस को आवेदन नहीं दिया है। छानबीन कर रही पुलिस घटना के कारण और इसमें शामिल आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

# महायुति में एक अनार सौ बीमार की नौबत, सीट शेयरिंग बन रहा सिरदर्द; भाजपा को लगेगा झटका?

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन के लिए एक अनार सौ बीमार जैसे हालात बन गए हैं। आलम यह है कि यहां पर सीट शेयरिंग सिरदर्द बनती जा रही है। एक तरफ भाजपा के सहयोगी दल हिस्सेदारी की उम्मीद में दिल्ली का चक्कर काट रहे हैं। वहीं, भाजपा नेता यह कहकर साथियों को हताश करने में जुटे हैं कि उनकी पार्टी सभी 288 सीटों पर चुनाव लड़े तो बेहतर होगा। गौरतलब है कि हालिया लोकसभा चुनाव में महायुति गठबंधन का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। महाराष्ट्र की कुल 48 लोकसभा सीटों में से उसके हिस्से मात्र 17 सीटें आई हैं। वहीं, विपक्षी महाविकास अघाड़ी ने 30 सीटों पर जीत हासिल की है। लोकसभा चुनाव में महायुति के पिछड़ने की कई वजहें थीं और इनमें से एक बड़ी वजह सीट शेयरिंग भी रही। ऐसे में भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव में फूंक-फूंककर कदम रखने की तैयारी में है। पिछले कुछ अरसे से महाराष्ट्र



में वैसे भी सियासी सुगबुगाहटें काफी तेज हैं। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा एक बार फिर सहयोगियों के लिए पीछे हटती है या नहीं। महाराष्ट्र में भाजपा ने पहले ही सहयोगियों के लिए काफी समझौते किए हैं। जब महायुति गठबंधन की सरकार बनी तो भाजपा ने सीएम पद एकनाथ शिंदे को दे दिया। लेकिन अब सीट शेयरिंग में पेंच फंस रहा है। एनडीटीवी के मुताबिक भाजपा कुल 150 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कर रही है। वहीं, सीएम एकनाथ शिंदे की शिवसेना 100 सीटों से कम पर राजी होने के लिए तैयार नहीं है। दूसरी तरफ डिप्टी सीएम अजित पवार की पार्टी कम कम से 80 सीटों पर चुनाव लड़ने का मन बनाए हुए है। अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर कौन समझौता करेगा? जानकारी के मुताबिक अजीत पवार ने साथी डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के साथ गुरुवार को केंद्रीय मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सीट शेयरिंग पर भी बात हुई। बताया जाता है कि अजीत पवार पर अपने ही पार्टी सदस्यों का दबाव है। अजीत पवार की पार्टी मेंबर्स का कहना है कि 80-90 सीटों से कम पर समझौता नहीं होना चाहिए। इसके पीछे तर्क यह दिया जा रहा है कि अजीत की पार्टी उन सभी सीटों पर चुनाव लड़े जिसे 2019 विधानसभा चुनाव में उस वक्त अविभाजित एनसीपी ने जीता था। इसके अलावा इसमें कम से कम 30 सीटें और जोड़ने की बात हो रही है। गौरतलब है कि शरद पवार के नेतृत्व वाली अविभाजित एनसीपी ने 2019 के चुनाव में कांग्रेस से गठबंधन करके 120 सीटों पर चुनाव लड़ा था।

## गाजियाबाद में एक साल से अपनी बेटी से दुष्कर्म कर रहा था पिता, अल्ट्रासाउंड से काली करतूत का खुलासा

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद के सिहानी गेट थाना क्षेत्र में 14 साल की बेटी के साथ पिता द्वारा घिनौनी हरकत करने का मामला सामने आया है। हैवान पिता ने न सिर्फ अपनी बेटी को हवस का शिकार बनाया गया, बल्कि किसी से इसकी शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी। पीड़िता के पेट में दर्द होने के बाद अल्ट्रासाउंड की जांच में उसके सात माह की गर्भवती होने की बात सामने आई तो मां द्वारा थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

एसीपी नंदग्राम रवि कुमार सिंह ने बताया कि 14 वर्षीय एक किशोरी द्वारा अपनी मां से पेट में दर्द की शिकायत की गई थी। मां द्वारा लड़की को हॉस्पिटल ले जाकर डॉक्टर से चेकअप कराने के बाद उसका अल्ट्रासाउंड कराया गया तो पता चला कि वह सात माह की गर्भवती है। इसके बाद मां बच्ची को लेकर थाने पहुंची और पुलिस को इसकी शिकायत दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की और बच्ची से पूछताछ की गई।

एसीपी ने बताया कि शुरुआती पूछताछ में बच्ची ने किसी गोलू नाम के युवक द्वारा पार्क में दुष्कर्म किए जाने की बात कही थी, लेकिन वह पुलिस को घटनास्थल के बारे में ज्यादा कुछ नहीं बता सकी। बाद में पुलिस ने महिला दरोगा के जरिये बच्ची की काउंसलिंग कराई तो बच्ची ने हैरान कर देने वाला खुलासा किया। उसने बताया कि उसका पिता बीते एक साल से उसे अपनी हवस का शिकार बन रहा है। पिता के डर और लोकलाज के चलते उसने यह बात किसी को नहीं बताई थी।

## युवती को बहला-फुसलाकर ओयो होटल में ले गया दोस्त, नशीली गोली खिलाकर किया गंदा काम

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद में रहने वाली युवती को उसकी जान पहचान का युवक बहला फुसलाकर ग्रेटर नोएडा के तिलपता गांव स्थित ओयो होटल में ले गया। उसने होटल में धोखे से युवती को नशीली गोली खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने इस संबंध में गाजियाबाद के वेब सिटी थाने में जीरो एफआईआर दर्ज कराई थी, जहां से यह मामला दादरी कोतवाली में ट्रांसफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, गाजियाबाद की रहने युवती ने वेव सिटी थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि बुलंदशहर के गांव गुरावली के रहने वाले आकाश से उसकी जान-पहचान थी। गत 24 जुलाई को आकाश युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ग्रेटर नोएडा के तिलपता गांव स्थित ओयो होटल में ले गया। होटल में आकाश ने युवती को नशीली गोली खिलाकर रेप किया। इतना ही नहीं, होटल में रुकने के दौरान उसके रुपये खत्म हो जाने पर आकाश ने युवती के गहने भी छीन लिए और उन्हें बेच दिया। घटना के बाद युवती किसी तरह वेव सिटी थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। एसीपी दादरी अमित कुमार ने बताया कि मुकदमा वेव सिटी थाने में लिखा गया था। उसे दादरी थाने में ट्रांसफर कर दिया गया है। पुलिस जांच कर रही है और आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

वहीं, नोएडा में किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को सेक्टर-63 थाने की टीम ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। किशोरी को लेकर आरोपी एकसाल से लापता था। किशोरी के परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। किशोरी के बयान के बाद आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं को बढ़ाया गया।

थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने 21 जुलाई 2023 को अपनी 17 वर्षीय बेटी के घर पर बिना बताए कहीं चले जाने तथा वापस घर न आने की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि बिजनौर के नूरपुर का 20 वर्षीय बिलाल नाबालिग किशोरी को ले गया है। सर्विलांस की मदद से शुक्रवार को छिजारसी में शनि मंदिर के पास से आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केंद्र पर हमला बोला, कहा-पंजाब के किसानों को लाहौर भेज दूं?

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केंद्र पर हमला बोला और कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डेरा डाले प्रदर्शनकारी किसानों को दिल्ली में प्रवेश की अनुमति नहीं देगी तो क्या वह उन्हें (किसानों) लाहौर भेजें। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के नेतृत्व में पंजाब के किसानों ने फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गारंटी सहित अन्य मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के लिए 13 फरवरी को 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू किया था।

हरियाणा पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोकने के लिए अंबाला-नयी दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीमेंट के बड़े पत्थर और अवरोधक लगा दिए थे। तब से ये किसान शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं।

मान ने चुनावी राज्य हरियाणा



में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, खनौरी और शंभू में सीमा पर लोहे की कील और अवरोधक लगाकर बाधा पैदा की गई है, ताकि किसान दिल्ली में प्रवेश न कर सकें। सत्ता का केन्द्र दिल्ली है इसलिए वे वहीं जाएंगे। अगर वे दिल्ली नहीं जाएंगे, तो क्या मैं उन्हें लाहौर भेज दूं।

पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा कि चार साल पहले भी किसानों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोका गया था। उन्होंने कहा, कृषि कानूनों (अब निरस्त हो चुके) के खिलाफ किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान 726 किसानों की मौत हो गई थी। इस बीच, हिसार के बरवाला में आयोजित एक कार्यक्रम में मान ने कहा कि हरियाणा के लोगों ने विभिन्न दलों को मौका दिया लेकिन उन सभी ने राज्य को लूटा। आम आदमी पार्टी (आप) नेता ने कहा, यदि कोई चिकित्सक किसी बीमारी का इलाज नहीं कर पा रहा है तो चिकित्सक बदल देना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली और पंजाब के मतदाताओं की तरह हरियाणा के लोगों को भी इस बार बदलाव के लिए वोट करना चाहिए। अपने संबोधन में मान ने राज्य सरकार की अनेक योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। मान ने केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने 400 पार की बात की थी लेकिन अब वे सहयोगी दलों के सहयोग से अपनी सरकार चला रहे हैं। मान ने कहा, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हरियाणा से हैं और उन्होंने देश की राजनीति की दिशा बदल दी है। उन्होंने कहा था कि अगर भाजपा को भारी बहुमत मिला तो वह संविधान बदल देगी। शुक्र है कि उन्हें बहुमत नहीं मिला, वरना वे संविधान बदल देते।

## पाकिस्तान में ईसाई उत्पीड़नः इतालवी सांसदों और कार्यकर्ताओं ने की कार्रवाई की मांग

**रोम, एजेंसी।** इटली में पाकिस्तानी ईसाइयों के संघ द्वारा नीदरलैंड के जुबली अभियान के सहयोग से आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में, पैनलिस्टों ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, यूरोपीय सांसदों, विशेष रूप से इतालवी विधायकों से पाकिस्तान में ईसाई समुदाय के उत्पीड़न को दूर करने के लिए राजनयिक चैनलों का उपयोग करने और विधायी सुधारों की वकालत करने का आह्वान किया।

इस कार्यक्रम में ईशनिंदा कानूनों के दुरुपयोग और जबरन धर्म परिवर्तन को महत्वपूर्ण मुद्दों के रूप में उजागर किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, व्हाइटेकर हाउस द्वारा प्रकाशित शगुफ्ता कौसर और यूजीन बाख द्वारा लिखी गई नई किताब, अंडर थ्रेट ऑफ डेथ- ए मदर्स फेथ इन द फेस ऑफ इनजस्टिस, इम्प्रिजनमेंट, एंड पर्सेक्यूशन का विमोचन किया गया। पुस्तक में कौसर के पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोपों का सामना करने के दर्दनाक अनुभवों का वर्णन किया गया है। कार्यक्रम में बोलते हुए, कौसर ने अपनी आपबीती साझा की, जिसमें उन्होंने बताया कि सजा से बचने के लिए उन्हें इस्लाम अपनाने के कई मौके दिए गए।

# पाकिस्तान में इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने किया प्रदर्शन, सैकड़ों कार्यकर्ता गिरफ्तार

**इस्लामाबाद/लाहौर , एजेंसी।** पाकिस्तान की राजधानी को छोड़कर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के नेताओं और समर्थकों ने पूरे देश में प्रदर्शन किया जहां शुक्रवार को सैकड़ों कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। ये लोग बढ़े हुए बिजली बिल का विरोध कर रहे थे और पूर्व प्रधानमंत्री की जेल से रिहाई की मांग कर रहे थे। सरकार द्वारा इस्लामाबाद में विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और प्रशासन को विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति देने का आदेश देने का आग्रह किया। अदालत ने दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। सरकार द्वारा जनसभाओं पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद मुख्य विपक्षी दल पीटीआई राष्ट्रीय राजधानी में अपना बहुप्रचारित विरोध प्रदर्शन नहीं कर सका। हालांकि, इसकी सहयोगी दक्षिणपंथी जमात-ए-इस्लामी (जेआई) ने प्रतिबंध का उल्लंघन कर रैली की



और दावा किया कि पुलिस ने उसके कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। लाहौर में पंजाब प्रांत की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने दोनों दलों के 150 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। खान (71) पिछले साल अगस्त से कई मामलों में रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। इस्लामाबाद में पीटीआई ने इमरान खान और अन्य गिरफ्तार पार्टी नेताओं तथा कार्यकर्ताओं की रिहाई के लिए देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की थी, जिसमें कहा गया था कि वह राजधानी में नेशनल प्रेस क्लब के सामने रैली करेगी। जेआई ने बिजली की बढ़ी हुई दरों और अन्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के खिलाफ संसद भवन के सामने एफ-चौक पर धरना देने की योजना बनाई थी।

## इजरायल में आतंकवाद भड़काने वाली महिला गिरफ्तार, हमास के समर्थन वाला नेकलेस बरामद



**तेल अवीव , एजेंसी।** इजरायल के यरूशलम में एक महिला को आतंकवाद भड़काने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इजरायली पुलिस ने बताया कि आतंकवाद को बढ़ावा और उसे समर्थन देते हुए एक अरब इलाके से महिला को गिरफ्तान किया गया है। गिरफ्तार की गई महिला के पास से एक संदेश देने वाला हार बरामद किया गया है। दरअसल, तकरीबन दो हफ्ते पहले टेंपल माउंट के पास तैनात पुलिस अधिकारियों ने संदिग्ध महिला को देखा था। महिला के पास से आतंकवाद को समर्थन और आतंकवादी संगठन हमास द्वारा इजरायल पर किए गए हमलों के संदेश देने वाला एक हार पकड़ा गया।

# अमेरिका में यात्री विमान क्रैश होकर जंगल में गिरा; फैल गई भीषण आग

**न्यूयार्क , एजेंसी।** नेपाल के बाद अमेरिका में विमान क्रैश होने से हादसे वाले स्थान पर जंगल में भीषण आग लग गई जिससे कई लोगों के मारे जाने की आशंका है । हालांकि मौतों की स्पष्ट संख्या का अभी पता नहीं चल सका है। दुर्घटना अमेरिका के व्योमिंग प्रांत में हुई जहां विमान दुर्घनाग्रस्त हो गया और उसमें सवार कई लोगों की मौत होने के साथ ही जंगल में भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कैंपबेल काउंटी के अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में बताया कि यह हादसा दोपहर करीब एक बजे हुआ, जब विमान व्योमिंग की सीमा के पास स्थित जिलेट शहर में उड़ान भर रहा था। उन्होंने कहा कि हादसे में मरने वाले लोगों की संख्या फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाई है। कैंपबेल काउंटी के अंडरशेरिफ क्वेंटिन रेनॉल्ड्स ने जिलेट न्यूज रिकॉर्ड को बताया कि हादसे



से पहले विमान के पायलट ने आपात संदेश भेजकर बताया था कि विमान में कुछ गड़बड़ी होने के संकेत दिए थे। उन्होंने बताया कि बाद में इलाके के लोगों ने फोन कर संभावित दुर्घटनास्थल के पास से धुआं उठता दिखने की जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, विमान के दुर्घनाग्रस्त होने से जिलेट के आसपास के जंगलों में भीषण आग लग गई। उन्होंने बताया कि विमान की मदद से इलाके में पानी का छिड़काव कर लपटों पर काबू पाने के प्रयास किए जा रहे हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने हादसे की जांच के लिए अपनी एक टीम घटनास्थल के लिए रवाना की है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने हादसे की जांच के लिए अपनी एक टीम घटनास्थल के लिए रवाना की है।

## पीएम मोदी की यात्रा के 2 हफ्ते बाद यूक्रेन जंग में शहीद तेजपाल का शव भारत भेजने को राजी हुआ रूस, प्रक्रिया शुरू

**मास्को, एजेंसी।** नरेंद्र मोदी की मॉस्को यात्रा के दो हफ्ते बाद, रूस ने आखिरकार तेजपाल सिंह के शव को भारत लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। तेजपाल, जो यूक्रेन युद्ध में रूस के लिए लड़ते हुए मारे गए थे, का शव अब उनके परिवार को सौंपा जाएगा। पंजाब के अमृतसर में रहने वाले तेजपाल सिंह ने यूक्रेन युद्ध में रूस की ओर से लड़ाई लड़ी थी और उसी में शहीद हो गए थे। तेजपाल सिंह ने आर्मी जॉइन करने का सपना पूरा करने के लिए जनवरी 2024 में रूस का रुख किया था उस समय रूस को यूक्रेन के खिलाफ लड़ाकों की आवश्यकता थी। वह मार्च में तेजपाल की युद्ध में मौत हुई और 9 जून को परिवार को इसकी जानकारी मिली। रूसी सरकार ने भारतीय दूतावास के माध्यम से तेजपाल के परिवार को यह सूचना दी है। 13 जनवरी को मॉस्को में शारीरिक और चिकित्सीय परीक्षण पास करने के बाद तेजपाल (30) रूसी सेना में शामिल हो गए थे लेकिन मात्र दो महीने बाद मार्च 12 को एक लड़ाई में उनकी मृत्यु हो गई। तेजपाल की पत्नी परमिंदर कौर, ने बताया कि 8 मार्चको तेजपाल ने अपने परिवार से आखिरी बार बात की थी। तेजपाल ने उन्हें बताया था कि वह फ्रंटलाइन पर भेजे जा रहे हैं और आगे संपर्क नहीं कर पाएंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129